**नई दिल्ली**
बुधवार, 30 जुलाई 2025
श्रावण मास शुक्ल पक्ष,
षष्ठी वर्ष : 29, अंक : 106
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 32
न्यून. 27

# हरिभूमि
दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

**लोकसभा में बोले गृह मंत्री,** लश्कर के तीनों आतंकियों 'ए' श्रेणी के कमांडर सुलेमान, अफगान और जिबरान का सुरक्षाबलों ने किया काम तमाम

## पहलगाम के गुनहगार तीनों आतंकियों को 'ऑपरेशन' महादेव से भेजा जहन्नुम: अमित शाह

- सेना, सीआरपीएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस का साझा अभियान था ऑपरेशन महादेव
- ऑपरेशन सिंदूर पर विशेष चर्चा में भाग लेते हुए बोले गृहमंत्री

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

बीते सोमवार को जम्मू-कश्मीर में सुरक्षाबलों द्वारा चलाए गए ऑपरेशन महादेव को लेकर बनी हुई तमाम आशंकाओं के बादल मंगलवार को पूरी तरह से छट गए। गृहमंत्री अमित शाह खुद सामने आए और उन्होंने लोकसभा से इस बात का ऐलान किया कि सेना, सीआरपीएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस के इस संयुक्त अभियान के जरिए भारत ने 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम की बैरसरन घाटी में हुए आतंकी हमले का पूरा हिसाब-किताब बराबर कर लिया है। अभियान में लश्करे-तैयबा के 'ए' श्रेणी के कमांडर सुलेमान उर्फ फैजल जट्ट (पहलगाम, गगनगीर हमले में शामिल था) सहित लश्कर के ही इसी श्रेणी के अफगान और जिबरान नामक तीनों आतंकवादियों को सुरक्षाबलों ने मार गिराया है।

ये तीनों पाकिस्तान के रहने वाले थे। शुरुआत में ये आशंका थी कि इन तीनों ने ही यह हमला किया था। लेकिन राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की विस्तृत जांच के बाद इस तथ्य की पुष्टि हो गई है कि पहलगाम के असल गुनहगार ये तीनों आतंकी ही थे। जिन्हें सुरक्षाबलों ने उनके असली अंजाम तक पहुंचा दिया है। उन्होंने अभियान की सफलता के लिए सेना की 4 पैरा के विशेष कमांडो, सीआरपीएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस के जवानों के प्रति सदन और समूचे देश की तरफ से आभार जताया और मृतकों के परिजनों को लेकर अपनी गहन संवेदनाएं प्रकट की। शाह ने ऑपरेशन महादेव से जुड़ी हुई हर छोटी-बड़ी ▶▶ शेष पेज 5 पर

### 22 मई को शुरू हुआ ऑपरेशन महादेव

*अमित शाह ने सदन को बताया कि ऑपरेशन महादेव की शुरुआत 22 मई 2025 को हुई थी। लेकिन इसकी पूरी रूपरेखा 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले वाले दिन ही तैयार कर ली गई थी। घटना वाले दिन शाम साढ़े पांच बजे मैं श्रीनगर पहुंचा और रात में एक सुरक्षा बैठक की। फिर इसके अगले दिन 23 अप्रैल को भी एक सुरक्षा बैठक की गई। जिसमें सेना, सीआरपीएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस शामिल थी। हमने तय किया कि पहलगाम हमले के जो हत्यारे हैं, वो किसी भी सूरत में देश छोड़कर पाकिस्तान न भागने पाएं। हुआ भी ठीक वैसा ही, क्योंकि हमने ग्राउंड पर ऐसी पुख्ता व्यवस्था की। जिससे आतंकवादी सीमा पार भाग ही नहीं पाए।*

### सफलता के पीछे दो महीने का संघर्ष

*उन्होंने कहा कि 22 मई को हमने ऑपरेशन महादेव शुरू कर दिया था। लेकिन असल सफलता हाथ लगने में दो महीने का समय लगा और वह 22 जुलाई को मिली। सेंसर के माध्यम से जम्मू-कश्मीर के दाचीग्राम क्षेत्र में आतंकियों के होने की पुष्टि हुई और सुरक्षाबलों ने इन्हें एक साथ घेरकर मौत के घाट उतारने के लिए अपने अभियान का आगाज किया। इस पूरे घटनाक्रम में 22 मई की तारीख बेहद खास है। क्योंकि इसी दिन खुफिया ब्यूरो (आईबी) के पास ह्यूमन इंटेल (जानकारी) के जरिए ये सूचना आई थी कि दाची गांव क्षेत्र के अंदर आतंकियों की उपस्थिति है। इसे पुख्ता करने* ▶▶ शेष पेज 5 पर

पीएम बोले अफसोस कांग्रेस देश के सैनिकों के पराक्रम के साथ खड़ी नहीं हो सकी

कहा, दुनिया के किसी भी नेता ने ऑपरेशन सिंदूर को रोकने को नहीं कहा

# मोदी बोले ऑपरेशन सिंदूर से पाक को सबक सिखाया, ट्रंप का दावा नकारा

- *बताया, पाकिस्तान के डीजीएमओ ने भारत के डीजीएमओ से हमला रोकने की गुहार लगाई थी*
- *लोकसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा का जवाब देते हुए मोदी बोले, 22 मिनट के अंदर पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को तबाह किया*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को लोकसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा का जवाब देते हुए सीज फॉयर पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दावों और विपक्ष के आरोपों को सिरे से नकार दिया। उन्होंने कहा कि दुनिया के किसी भी देश ने भारत को आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई करने से नहीं रोका है। मोदी ने ट्रंप का नाम लिए बगैर कहा कि दुनिया के किसी भी नेता ने ऑपरेशन सिंदूर को रोकने को नहीं कहा। उन्होंने इस बात पर अफसोस जताया कि देश को पूरी दुनिया का समर्थन मिला, लेकिन कांग्रेस देश के सैनिकों के पराक्रम के साथ खड़ी नहीं हो सकी। प्रधानमंत्री ने बताया कि दुनिया के किसी भी नेता ने भारत से पाकिस्तान के खिलाफ एक्शन रोकने नहीं कहा था। पाकिस्तान के डीजीएमओ ने भारत के डीजीएमओ से हमला रोकने की गुहार लगाई थी, क्योंकि वो हमारा हमला नहीं झेल पा रहा था।' उन्होंने कहा कि मैं ▶▶ शेष पेज 5 पर



### अमेरिका के उपराष्ट्रपति ने फोन किया

*इस दौरान उन्होंने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच जारी संघर्ष पर विराम लगाने यानी 10 मई को सैन्य कार्रवाई रोकने से पहले की रात को क्या-क्या हुआ? उन्होंने कहा, '9 तारीख की रात को अमेरिका के उपराष्ट्रपति ने मुझसे बात करने का प्रयास किया, वो घंटे भर कोशिश कर रहे थे, लेकिन मेरी सेना के साथ बैठक चल रही थी, तो मैं उठा नहीं पाया, लेकिन बाद में मैंने कॉल बैक किया। फिर अमेरिका के उपराष्ट्रपति ने मुझे बताया कि पाकिस्तान बहुत बड़ा हमला करने वाला है। इस पर मैंने कहा- अगर पाकिस्तान का ये इरादा है, तो उसे बहुत महंगा पड़ेगा। अगर पाकिस्तान हमला करेगा तो हम बड़ा हमला कर जवाब देंगे। आगे मैंने कहा था कि हम गोली का जवाब गोले से देंगे।'*

### भारत में दंगे फैलाने की एक साजिश थी

मोदी ने कहा कि यह भारत को हिंसा की आग में झोंकने का एक सोचा-समझा प्रयास था। यह भारत में दंगे फैलाने की एक साजिश थी। आज मैं देशवासियों का आभार व्यक्त करता हूँ कि देश ने एकजुट होकर उस साजिश को नाकाम कर दिया। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिन्दूर के दौरान जिस प्रकार से देश के लोगों ने मेरा साथ दिया, मुझे ▶▶ शेष पेज 5 पर

### न्यूक्लियर ब्लैकमेलिंग अब नहीं चलेगी

*नरेन्द्र मोदी ने आगे कहा कि भारत ने 6 मई रात को जैसा तय किया था, वैसी कार्रवाई की और पाकिस्तान कुछ नहीं कर पाया। 22 मिनट में, 22 अप्रैल का बदला निर्धारित लक्ष्य के साथ हमारी सेना ने ले लिया। उन्होंने कहा कि भारत ने सिद्ध कर दिया है कि न्यूक्लियर ब्लैकमेलिंग अब नहीं चलेगी, और न ही न्यूक्लियर ब्लैकमेलिंग के सामने भारत झुकेगा। उन्होंने दावा किया कि पाकिस्तान के एयरबेस और संपत्तियों को भारी नुकसान पहुँचा है। और आज भी, उनके कई एयरबेस आईसीयू में हैं। मोदी ने कहा कि पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को तबाह कर दिया गया। कोई सोच भी नहीं सकता कि कोई वहां तक पहुंच सकता है। बहावलपुर, मुरीदके को भी जमींदोज कर दिया गया है। हमारी सेना ने आतंकी ठिकानों को तबाह कर दिया। तीसरा पहलू, हमने पाकिस्तान की परमाणु धमकी को झूठा साबित कर दिया है। भारत ने साबित कर दिया है कि अब परमाणु ब्लैकमेलिंग नहीं चलेगी और न ही भारत इस परमाणु ब्लैकमेलिंग के आगे झुकेगा। चौथा पहलू, भारत ने अपनी तकनीकी क्षमता का परिचय दिया है। उसने पाकिस्तान के सीने पर सटीक वार किया है।*

**लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी** ने ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के दौरान सरकार पर साधा निशाना

## राहुल बोले, पीएम मोदी ने अपनी छवि बचाने के लिए किया सेना का इस्तेमाल

- पूछा, सवाल यह है कि जेट गिरे क्यों? कहा, राजनीतिक नेतृत्व जिम्मेदार है जिसने पायलटों के हाथ बांध दिए थे
- पीएम में साहस है तो कहें, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप का मध्यस्थता संबंधी दावा असत्य
- मुद्दा यह है कि अब हम अपने सामने चीनी-पाकिस्तानी गठजोड़ का सामना कर रहे हैं

**हरिभूमि ब्यूरो नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर अपनी छवि बचाने के लिए सेना के इस्तेमाल का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि अगर प्रधानमंत्री में इंदिरा गांधी का 50 प्रतिशत भी साहस है तो उन्हें सदन में यह बोलना चाहिए कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का मध्यस्थता संबंधी दावा असत्य है। ऑपरेशन सिंदूर पर लोकसभा में चर्चा के दौरान बोलते हुए विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को यह समझना चाहिए कि देशहित और सैन्यबल उनकी छवि और राजनीति से ऊपर हैं। राहुल ने कहा, 'हमारे राजनीतिक नेतृत्व ने सेना के हाथ बांध दिए। शुरुआत में ही आपने उनको कह दिया कि न हमारे पास पॉलिटिकल विल है, न ही हम लड़ाई करेंगे, फिर आपने सेना से कह दिया कि जाके लड़ाई करो। सवाल यह है कि जेट गिरे क्यों?' राहुल ने सीडीएस अनिल चौहान के बयान का हवाला देते हुए कहा, 'आपने कोई गलती नहीं की, सेना ने कोई गलती नहीं, गलती राजनीतिक नेतृत्व से हुई और अनिल चौहान में यह जिगरा होना चाहिए कि वे यह साफ-साफ कह सकें कि सरकार ने उनके हाथ बांध रखे थे।' राहुल गांधी ने कहा कि यदि सरकार ने चीन और पाकिस्तान के गठजोड़ को लेकर उनकी चेतावनी पर अमल किया होता तो ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पांच विमानों ▶▶ शेष पेज 5 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

**खबर संक्षेप**

### शैलेश जेजुरिकर बने पीएंडजी के नए सीईओ

**नई दिल्ली।** डेली यूज की घरेलू चीजें बनाने वाली अमेरिकी प्रॉक्टर एंड गैंबल (पीएंडजी) ने भारत में जन्मे शैलेश जेजुरिकर को अपना अगला सीईओ नियुक्त किया है।



जेजुरिकर एक जनवरी 26 से कंज्यूमर प्रोडक्ट्स बनाने वाली इस मल्टीनेशनल कंपनी को लीड करेंगे।

### स्मृति मंधाना से इंग्लिश कप्तान ने छीना 'ताज'

**नई दिल्ली।** भारत-इंग्लैंड विमेंस के बीच खेली गई वनडे सीरीज के आखिरी मुकाबले में भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने शतक (102) लगाया था। इंग्लैंड की कप्तान नेटली स्किवर-ब्रंट आईसीसी विमेंस रैंकिंग में टॉप पर पहुंच गई हैं। उन्होंने भारत की स्मृति मंधाना को पछाड़कर पहला स्थान हासिल किया है।



## बिहार में वोटर लिस्ट संशोधन प्रक्रिया पर नहीं लगेगी रोक आधार और वोटर आईडी मान्य

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

बिहार में मतदाता सूची के विशेष संवीक्षा (एसआईआर) अभियान पर चल रहे विवाद के बीच सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाते हुए कहा है कि आधार कार्ड और वोटर आईडी को प्रक्रिया में मान्य दस्तावेज माना जाएगा और 1 अगस्त को मसौदा वोटर सूची (ड्राफ्ट रोल) के प्रकाशन पर कोई रोक नहीं लगाई जाएगी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमल्या बागची की पीठ ने मंगलवार को सुनवाई के दौरान यह स्पष्ट किया कि यदि किसी व्यक्ति के पास आधार या वोटर आईडी कार्ड है, तो उसे मतदाता सूची में शामिल करने से इनकार नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने कहा कि इन दस्तावेजों की वैधता पर प्रारंभिक तौर पर संदेह नहीं किया जा सकता। ▶▶ शेष पेज 5 पर

### इनक्लूजन पर ज़ोर एक्सक्लूजन नहीं

*पीठ ने यह भी कहा कि विशेष संवीक्षा प्रक्रिया का उद्देश्य "इन-मास-एक्सक्लूजन" नहीं बल्कि "इन-मास-इन्क्लूजन" होना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने निर्वाचन आयोग को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि किसी भी योग्य मतदाता को सूची से बाहर न किया जाए।*

### 1 अगस्त को प्रकाशित होगी ड्राफ्ट वोटर लिस्ट

*सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं ने मसौदा सूची के प्रकाशन पर अंतरिम रोक लगाने की मांग की थी, लेकिन कोर्ट ने इसे खारिज करते हुए कहा कि प्रक्रिया को रोका नहीं जाएगा, और ड्राफ्ट वोटर लिस्ट 1 अगस्त 2025 को ही प्रकाशित होगी।*

### कोर्ट ने कहा- गलती होगी तो हम दखल देंगे

*कोर्ट ने कहा कि यदि भविष्य में यह प्रमाणित होता है कि किसी क्षेत्र में जानबूझकर या बड़े स्तर पर मतदाताओं को बाहर किया गया है, तो वह खुद हस्तक्षेप करेगा। सुप्रीम कोर्ट ने निर्वाचन आयोग को सभी प्रकार के वैध दस्तावेजों को स्वीकार करने और पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश दिए।*

### आयोग की सफाई: फर्जी राशन कार्ड से बचाव जरूरी

*निर्वाचन आयोग की ओर से पेश हुए वकील ने कोर्ट को बताया कि आयोग ने प्रक्रिया में राशन कार्ड के बदले आधार और चुनाव कार्ड को अधिक विश्वसनीय दस्तावेज माना है, क्योंकि राशन कार्ड में फर्जीवाड़ा अधिक होता है। आयोग ने बताया कि करीब 65 लाख नामों की जांच की जा रही है। दोनों दस्तावेजों को आयोग ने पहले ही लिस्ट में शामिल किया हुआ था।*

एसबीआई बैंक में बड़ी वारदात

## 10 किलोग्राम सोना और 38 लाख रुपए की चोरी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आंध्र प्रदेश में भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की शाखा से 10 किलोग्राम सोना और 38 लाख रुपए नकद लेकर बदमाश फरार हो गया। पुलिस के एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। जब वारदात हुई तो बैंक में सुरक्षा गार्ड तैनात नहीं था। अधिकारी ने आगे बताया कि यह घटना श्री सत्य साईं जिले के थुमकुंटा गांव में हुई।




हिंदूपुर उपसंभागीय पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) के वी महेश ने बताया कि शनिवार देर रात करीब दो बजे हुई वारदात की इस घटना के बारे में पुलिस को सोमवार को जानकारी ▶▶ शेष पेज 5 पर

**केरल भाजपा अध्यक्ष ने कहा** मामला निजी प्लेसमेंट एजेंसी से ही चूक का

## छग में गिरफ्तार ननों का मामला धर्मांतरण या मानव तसकरी का नहीं: राजीव चंद्रशेखर

- कहा, ये गिरफ्तारियां पूरी तरह से गलतफहमी और गलत सूचना का परिणाम

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केरल भाजपा के अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर ने मंगलवार को कहा कि छत्तीसगढ़ में गिरफ्तार की गईं मलयाली ननों का मामला धर्मांतरण का मामला नहीं है और न ही न ही मानव तस्करी से जुड़ा है। ननों का समर्थन करते हुए उन्होंने पत्रकारों से कहा कि बल्कि यह मामला तकनीकी खामियों के कारण हुई गलतफहमी का नतीजा है। चंद्रशेखर ने मीडिया को संबोधित करते हुए और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से बात की है और मामले पर पूरी जानकारी प्राप्त कर ली है। चंद्रशेखर ने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि यह गलतफहमी और गलत संचार का मामला है। उन्होंने आगे कहा कि हालाँकि शुरुआत में इस मामले को मानव तस्करी माना गया था, लेकिन मामला निजी प्लेसमेंट एजेंसी विनियमन अधिनियम के तहत पंजीकरण में चूक का प्रतीत होता है। चंद्रशेखर ने बताया कि नन इन महिलाओं को उनके माता-पिता की सहमति से नौकरी के लिए आगरा ले जा रही थीं। उन्होंने आगे कहा, "ये महिलाएँ ▶▶ शेष पेज 5 पर

विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को ऐसा दावा करने वाली खबरों का किया खंडन

## नहीं हुई यमन में भारतीय नर्स निमिषा प्रिया की फांसी की सजा रद्द

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को केरल की रहने भारतीय नर्स निमिषा प्रिया को यमन में होने वाली फांसी की सजा को रद्द किए जाने का दावा करने वाली तमाम खबरों का खंडन किया है। मंत्रालय के सूत्रों ने बताया कि वर्ष 2017 में यमन के नागरिक तलाल अब्दो महदी की हत्या के आरोप में निमिषा प्रिया को मिली फांसी की सजा रद्द किए जाने का दावा करने वाली खबरें गलत हैं। दरअसल इस मामले को लेकर बीते सोमवार को भारत के ग्रैंड मुफ्ती और सुन्नी नेता कंथापुरम एपी अबूबकर मुसलियार के कार्यालय से एक बयान जारी कर कहा गया था कि मलयाली नर्स जो यमन के नागरिक तलाल अब्दो मेहदी की कथित हत्या के लिए ▶▶ शेष पेज 5 पर

दोनों देशों के द्विपक्षीय-सामरिक संबंधों को मिलेगी और अधिक मजबूती

## आज से जापान की चार दिवसीय यात्रा पर एडमिरल त्रिपाठी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



दक्षिण और पूर्वी चीन सागर में बढ़ती ड्रैगन की आक्रामकता के बीच नौसेनाप्रमुख एडमिरल डी.के.त्रिपाठी बुधवार से जापान की चार दिवसीय (30 जुलाई से 2 अगस्त तक) आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। जिसका संबंध दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों को और अधिक मजबूती प्रदान करने से है। भारत-जापान विशेष सामरिक और वैश्विक भागीदारी के तहत समुद्री सहयोग को बढ़ावा देने का उद्देश्य भी उक्त कवायद से जुड़ा हुआ है। रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि अपनी जापान यात्रा में नौसेनाप्रमुख कुछ द्विपक्षीय चर्चाओं में भाग लेंगे। जिसमें जापान की सरकार के अधिकारी जैसे रक्षा मंत्री नाकातानी जेन, उप-रक्षा मंत्री मसुदा काजुओ और ▶▶ शेष पेज 5 पर

कहा, उर्वरकों पर लगभग 2 लाख करोड़ रुपए सब्सिडी दे रही हैं केंद्र सरकार

## 10 वर्षों में फसलों का उत्पादन 246 से बढ़कर हुआ 353 मिलियन टन

- केंद्र सरकार ने एमएसपी दोगुनी की, रिकॉर्ड खरीदी भी हो रही है: केंद्रीय कृषि मंत्री
- लोकसभा में प्रश्नकाल में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने देश में समग्र कृषि विकास की जानकारी दी



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को लोक सभा में प्रश्नकाल के दौरान, देश में समग्र कृषि विकास की तथ्यों व आंकड़ों सहित विस्तार से जानकारी दी और बताया कि किसानों की आय बढ़ाने का अभियान निरंतर जारी है। केंद्रीय कृषि मंत्री ने बताया कि कृषि क्षेत्र के विकास के लिए ▶▶ शेष पेज 5 पर

**झारखंड के देवघर** में सुबह 5.30 बजे बड़ा हादसा

## कांवड़ियों की बस ट्रक से जा टकराई, 18 की मौत

- जल चढ़ाने आए थे श्रद्धालु
- बस के परखच्चे उड़ गए

एजेंसी ▶▶ देवघर



झारखंड के देवघर जिले में मंगलवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। यहां बस और ट्रक में टक्कर हो गई। हादसे में 18 कांवड़ियों की मौत हो गई। जबकि 20 लोग घायल हो गए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर राहत और बचाव कार्य किया। यह हादसा गोड्डा-देवघर मुख्य मार्ग पर मोहनपुर थाना क्षेत्र के जमुनिया मोड़ के पास हुआ। घटना मंगलवार सुबह करीब 5:30 बजे की है। सूचना मिलने पर मोहनपुर थाना प्रभारी प्रियरंजन समेत पुलिस टीम पहुंची और राहत-बचाव किया। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को एंबुलेंस के जरिए मोहनपुर सीएचसी भेजा गया। स्थानीय लोगों ने दावा किया है कि हादसे में 20 से ज्यादा श्रद्धालु घायल हो गए हैं। हादसा इतना जबरदस्त था कि बस के परखच्चे उड़ गए। हादसे पर स्थानीय भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने दुख जाताया है। उन्होंने कहा ▶▶ शेष पेज 5 पर

अपने बधाई संदेश में बोले रक्षा मंत्री, खतरों के खिलाफ तकनीकी बढ़त मिलेगी

## डीआरडीओ ने किए स्वदेशी 'प्रलय' मिसाइल के दो सफल उड़ान परीक्षण

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पाकिस्तान और चीन की सीमाओं से बढ़ती सुरक्षा चुनौती के बीच रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने एक और बड़ी कामयाबी अपने नाम कर ली है। जिसमें उसने स्वदेशी और कम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल 'प्रलय' के दो सफल उड़ान परीक्षण किए हैं। बीते सोमवार और मंगलवार (28 और 29 जुलाई) को ओडिशा के समुद्री तट पर मौजूद एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से मिसाइल ने सफलतापूर्वक दो बार उड़ान भरी और परीक्षण से जुड़े हुए सभी लक्ष्यों को बेहद सटीकता के साथ हासिल किया। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी है। जिसमें बताया कि परीक्षण की बड़े पैमाने पर बारीकी के साथ जांच करने के लिए तैनात किए गए विभिन्न प्रकार के सेंसर द्वारा लिए गए परीक्षण डेटा का सत्यापन भी इस बात की पुष्टि करता है कि प्रलय मिसाइल ने परीक्षण में सभी इच्छित लक्ष्यों को प्राप्त किया है। परीक्षण के दौरान व्यक्तिगत रूप से रेंज में संगठन के वरिष्ठ वैज्ञानिक, भारतीय वायुसेना और सेना जैसे उपयोगकर्ताओं के प्रतिनिधियों के अलावा उद्योग के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। यहां बता दें कि डीआरडीओ ने बीते दिनों यूएवी से भी ▶▶ शेष पेज 5 पर



### प्रलय मिसाइल की खूबियां

*यह मिसाइल न केवल स्वदेशी रूप से तैयार की गई एक ठोस प्रणोदक वाली अर्ध-बैलिस्टिक मिसाइल है। बल्कि यह उच्च परिशुद्धता सुनिश्चित करने के लिए अत्याधुनिक मार्गदर्शन और नेविगेशन को भी नियोजित करती है। इसकी मारक क्षमता करीब 150 से 500 किलोमीटर तक है और यह अपने साथ 350 से 700 किलोग्राम वजनी युद्धक सामग्री लेकर जाने में भी सक्षम है। डीआरडीओ ने इसे पारंपरिक युद्धक्षेत्र के नजरिए से भारतीय सशस्त्र सेनाओं के लिए तैयार किया है। मिसाइल कई लक्ष्यों के लिए विभिन्न प्रकार के हथियार अपने साथ ले जाने में सक्षम है। इसे अनुसंधान केंद्र (इमरत) द्वारा डीआरडीओ की अन्य प्रयोगशालाओं जैसे रक्षा अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशाला, उन्नत प्रणाली प्रयोगशाला, आयुध अनुसंधान और विकास प्रतिष्ठान, उच्च ऊर्जा सामग्री अनुसंधान प्रयोगशाला, रक्षा धातुकर्म अनुसंधान प्रयोगशाला, टर्मिनल बैलिस्टिक अनुसंधान प्रयोगशाला, अनुसंधान-विकास प्रतिष्ठान (इंजीनियर) और आईटीआर के सहयोग से विकसित किया गया है। वहीं, इसके उद्योग भागीदारों में भारत डायनॉमिक्स लिमिटेड, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड सहित कई अन्य भागीदार व एमएसएमई शामिल हैं।*

## लूटपाट के चलते मारे गये थे चाकू

# बदरपुर मर्डर केस पुलिस ने सुलझाया, तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली



दक्षिण-पूर्वी जिले की ऑपरेशन सेल और लोकल पुलिस की संयुक्त टीमों ने बदरपुर बस स्टैंड पर 26 जुलाई को हुये मर्डर केस को 72 घंटे के भीतर सुलझा लिया है। हत्या लूटपाट के चलते की गई थी। तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। हत्या में इस्तेमाल हथियार और लूटा गया मोबाइल फोन बरामद हो गया है। वारदात में इस्तेमाल स्कूटी भी जब्त कर ली गई है।

एडिशनल डीसीपी एश्वर्या शर्मा ने बताया कि जांच के दौरान सैंकड़ों सीसीटीवी कैमरों का विश्लेषण किया गया। इसमें संदिग्ध स्कूटी सवारों को पीड़ित की कई बार रेकी करते हुए पाया। एक स्कूटी सवार हल्के रंग के कपड़े पहने हुए था। वह पीड़ित के पास पहुंचा, जिसके बाद हाथापाई हुई और आरोपी मौके से फरार हो गये। इसमें स्कूटी को इस्माइलपुर बॉर्डर, फरीदाबाद की ओर जाते हुए देखा गया। आरोपी व्यक्ति जानबूझकर जांच को गुमराह करने के लिए छोटी गलियों और साइड सड़कों से स्कूटी से लंबा रास्ता तय कर रहे थे। इसके अलावा रात के अंधेरे के कारण स्कूटी और संदिग्धों को स्पष्ट रूप से देखना मुश्किल था। अंततः अर्पण विहार में एक सीसीटीवी कैमरे ने संदिग्धों के चेहरों को स्पष्ट रूप से कैद कर लिया। स्थानीय खुफिया जानकारी का उपयोग करते हुए एक आरोपी की पहचान मोहसिन उर्फ नूर के रूप में की गई, जो हरियाणा के बसंतपुर के ओयो होटल में कार्यरत था। उसे तुरंत होटल से पकड़ लिया गया। उसकी पूछताछ के दौरान मिली जानकारी के आधार पर, उसके सह-आरोपी दीपक और हिमांशु को मोलड़बंद गांव, दिल्ली से ट्रैक कर गिरफ्तार किया गया। सभी आरोपी नशे के आदी है। वह नशे के लिये लूट का शिकार ढूंढ रहे थे। बदरपुर बस टर्मिनल पर इन्होंने पीड़ित को अपने मोबाइल फोन में व्यस्त देखा। यू-टर्न लेने के बाद नूर ने स्कूटी रोकी। दीपक और हिमांशु पीड़ित के पास पहुंचे और उसका मोबाइल छीन लिया। दीपक के निर्देश पर हिमांशु ने उसे दो बार चाकू मार दिया। इसके बाद वे तुरंत मौके से फरार हो गए। गौरतलब है कि 26 जुलाई को सुबह लगभग 05:51 बजे बदरपुर थाने की पुलिस को सूचना मिली कि बस स्टैंड के पास एक व्यक्ति अचेत अवस्था में पड़ा है और उसके सिर के पिछले हिस्से से खून बह रहा है। पुलिस कर्मचारी घायल व्यक्ति को तुरंत एम्स ट्रॉमा सेंटर ले गये, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। मृतक की अनुमानित आयु 25 वर्ष के आसपास थी। उसके सीने के बाईं ओर भी चाकू का घाव था। शरीर पर कोई पहचान के लिए निशान नहीं मिला। सघन प्रयासों के बाद मृतक की पहचान मकबूल अकरम पुत्र मुश्ताक अहमद, निवासी मिठापुर एक्सटेंशन, मूल पता पश्चिम चंपारण, बिहार के रूप में हुई। उसका मोबाइल फोन गायब था।

# दीवार ढहने से महिला और बेटे की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली



■ सिविल लाइंस इलाके की घटना

उत्तरी दिल्ली के सिविल लाइंस इलाके में उपराज्यपाल आवास के पास मंगलवार को बारिश के कारण एक इमारत की दीवार ढहने से 40 वर्षीय महिला और उसके बेटे की मौत हो गई। हादसे में दो अन्य लोग घायल हुये हैं। पुलिस ने बताया कि दीवार निर्माणाधीन थी और उसकी सूचना सुबह नौ बजकर 53 मिनट पर मिली।

दिल्ली अग्निशमन सेवा के अधिकारी ने बताया कि मृतकों की पहचान मीरा और उनके 17 वर्षीय बेटे गणपत के रूप में हुई। अधिकारी ने बताया कि मीरा का दूसरा बेटा दशरथ (19) और नन्हे (35) नाम का एक व्यक्ति इस दुर्घटना में घायल हुआ है। उन्हें ट्रामा सेंटर में भर्ती करवाया गया है। सूत्रों का कहना है कि 15 फीट ऊंची दीवार के पीछे अवैध निर्माण किया जा रहा था और घायल व मृतक वहां पर काम कर रहे थे। बारिश में दीवार अचानक भरभराकर गिर गई। मलबे में दबे लोगों को बाहर निकालकर तुरंत ट्रामा सेंटर में भर्ती करवाया गया, जहां डॉक्टरों ने मीरा व उसके बेटे को मृत घोषित कर दिया। दोनों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिये सब्जी मंडी मोर्चरी भिजवाया गया है।

### अवैध निर्माण के कारण हादसा

यह हादसा सिविल लाइंस स्थित सहगल कॉलोनी में हुआ। स्थानीय लोगों का कहना है कि एलजी निवास हादसे वाले स्थान से महज 50 मीटर की दूरी पर स्थित है। एलजी निवास के पास प्राइवेट बिल्डर अवैध निर्माण करवा रहे थे। लोगों ने दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त व्यक्ति नाम **मोहम्मद इनामुल हक पुत्रः** मोहम्मद इराहुल हक **पताः** मकान नं. 58, जैतपुर एक्सटेंशन II, नई दिल्ली, ने **FIR No. 305/2021, U/s 420/406/120 B IPC थानाः चित्तरंजन पार्क, दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मोहम्मद इनामुल हक** मिल रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मोहम्मद इनामुल हक** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 305/2021, U/s 420/406/120 B IPC थानाः चित्तरंजन पार्क, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **मोहम्मद इनामुल हक** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **12.09.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री देवांशी जनमेजा**
**जेएमएफसी–04, कमरा नंबर 10**
**साकेत कोर्ट, कॉम्प्लेक्स नई दिल्ली**

DP/9916/SD/2025
(Court Matter)

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr. P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी विशाल उर्फ प्रिंस पुत्रः श्री. राजू जयसवाल पताः** बी–44, जेजे कॉलोनी बक्करवाला, दिल्ली **FIR No. 105/2023, U/s: 25 Arms Act, पुलिस थानाः मुंडका, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **विशाल उर्फ प्रिंस,** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **विशाल उर्फ प्रिंस,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **विशाल उर्फ प्रिंस, FIR No. 105/2023, U/s: 25 Arms Act, पुलिस थानाः मुंडका, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **29.08.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**तुषार गुप्ता**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–06 पश्चिम**
**कमरा नं. 335, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

DP/10001/OD/2025
(Court Matter)

## नरेला में महिला की हत्या, संदिग्ध आरोपी हिरासत में लिया

**नई दिल्ली।** नरेला थाना इलाके में एक महिला की हत्या का मामला सामने आया है। मृतका की पहचान साधना सिंह (27) निवासी अलीगढ़ के रूप में हुई। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिये भेज मामले की तफ्तीश शुरू कर दी है। हत्या के सिलसिले में दीपक नामक एक युवक को हिरासत में लिया गया है। उससे केस को लेकर पूछताछ जारी है। पुलिस के अनुसार मंगलवार सुबह नरेला इलाके में एक महिला के मृत अवस्था में पड़े होने की सूचना पुलिस को मिली थी। आसपास पूछताछ करने पर मृतक महिला की पहचान साधना सिंह पुत्री शिव कुमार निवासी अलीगढ़, उत्तर प्रदेश के रूप में हुई। फोन करने वाले ने बताया कि मृतका और दीपक नामक युवक के बीच झगड़ा हुआ था। नरेला थाने में धारा 103(1) के तहत एफआईआर दर्ज कर जांच की जा रही है। संदिग्ध दीपक को हिरासत में लिया गया है। हत्या के पीछे क्या कारण था इसका पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

# करोल बाग में नकली ऑटोमोबाइल पार्ट्स रैकेट का भंडाफोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली



■ क्राइम ब्रांच ने 50 लाख के माल के साथ 11 दबोचे

क्राइम ब्रांच ने प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय ब्रांडों के नकली ऑटोमोबाइल पार्ट्स पर बड़ी कार्रवाई की है। करोल बाग में चार ठिकानों पर एक साथ छापेमारी कर 50 लाख रुपये कीमत का सामान जब्त किया। इस सिलसिले में 11 लोगों को गिरफ्तार किया गया। इनसे 19 लाख रुपये की नकदी भी बरामद हुई है।

डीसीपी आदित्य गौतम के अनुसार 26 जुलाई को इस संबंध में सूचना मिली थी। इसके बाद करोल बाग स्थित चार परिसरों पर एक साथ छापे मारे गए। प्रॉपर्टी संख्या 990, शिवाजी स्ट्रीट, गली संख्या 1, नाई वालान पर छापे के दौरान धीरज सिंह, अमित सिंह और दीपांकर नागपाल उर्फ विक्की नागपाल को पकड़ा गया। प्रतिष्ठित ब्रांडों के नकली चेन सेट, ब्रेक शूज, शॉकर और पैकेजिंग सामग्री का एक बड़ा भंडार यहां से बरामद किया गया। प्रॉपर्टी संख्या टी-2538, भूतल, गुरु नानक मार्केट, नाई वालान में भी तीन व्यक्ति हर्ष कुमार, रिंकू और रविंदर को गिरफ्तार किया गया। 8,68,500 की नकदी के साथ बड़ी मात्रा में नकली स्पार्क प्लग जब्त किए गए। तीसरा छापा टी-2449, सुभाष मोहल्ला, नाई वालान में पड़ा। यहां से भी तीन व्यक्ति, राघवेंद्र सिंह, सचिन सिंह और विनोद आहूजा को विभिन्न ब्रांडों की भारी मात्रा में नकली पैकेजिंग सामग्री और 7 लाख नकदी के साथ दबोचा गया। चौथा छापा प्रॉपर्टी संख्या 18/12, बेसमेंट, पूषा लेन, करोल बाग में पड़ा। दो व्यक्तियों आशीष मल्होत्रा उर्फ आशु और आलोक प्रुथी उर्फ मोंटी को गिरफ्तार किया गया। इस परिसर का इस्तेमाल नकली पैकेजिंग सामग्री के भंडारण और वितरण के लिए किया जा रहा था। 4,07,900 नकदी के साथ पैकेजिंग सामग्री का एक बड़ा स्टॉक जब्त किया गया। इस संबंध में अपराध शाखा थाने में कॉपीराइट अधिनियम की धारा 63/65 के तहत एफआईआर दर्ज की गई है।

# हाशिम बाबा गैंग के बदमाश से दो बेरेटा पिस्टल बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली

क्राइम ब्रांच ने हाशिम बाबा गैंग के लिये हथियार सप्लाई करने वाले बदमाश को दबोचा है। इस बदमाश की हाशिम के राइट हैंड योगेश भाटी से करीबी बताई जाती है। इसका नाम कपिल उर्फ घोड़ा बताया गया है। इसके पास से दो बेरेटा सेमी-ऑटोमैटिक पिस्टल, एक कट्टा और 28 कारतूस बरामद हुये।

डीसीपी आदित्य गौतम के अनुसार उत्तर प्रदेश के एटा से अवैध हथियारों की तस्करी में शामिल एक बदमाश की गतिविधि के बारे में कांस्टेबल आशीष को विश्वसनीय सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर एसीपी अनिल शर्मा की निगरानी में इंस्पेक्टर संदीप सिंह के नेतृत्व वाली एसआई अर्जुन, हेड कांस्टेबल आनंद, हेड कांस्टेबल मोहित और कांस्टेबल आशीष की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गोपालपुर, आउटर रिंग रोड के पास घेराबंदी कर जाल बिछाया। संदिग्ध घोड़ा निवासी पटेल नगर को सफलतापूर्वक पकड़ लिया गया। लगातार पूछताछ के दौरान कपिल ने खुलासा किया कि वह हाशिम बाबा गिरोह का एक सक्रिय सदस्य है और रोहिणी जेल में बंद एक खूंखार गैंगस्टर योगेश भाटी के निर्देशों पर काम करता है। भाटी के निर्देश पर कपिल ने आश्रम चौक के पास स्थित गोलू नामक एक व्यक्ति से हथियारों की खेप हासिल की थी। इसके अलावा यह भी पता चला कि गोलू उत्तर प्रदेश के एटा का रहने वाला है और राज्य की सीमाओं के पार संचालित एक बड़े हथियार तस्करी नेटवर्क का हिस्सा है। गिरफ्तार बदमाश का आपराधिक इतिहास रहा है और वह पहले डकैती के चार मामलों में नामजद है। यह केस डीबीजी रोड थाने (2018), मोती नगर (2021) और पटेल नगर (2022 और 2023) में दर्ज हैं।

**महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक**
**यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी**
(हरियाणा अधिनियम सं. 25 ऑफ 1975 के तहत स्थापित एक राज्य विश्वविद्यालय)
एनएएसी द्वारा प्रमाणित 'ए+' ग्रेड

**प्रवेश सूचना** (विज्ञा. सं. पीआर-12 ऑफ 2025)
**सत्र :- (2025-26)**
**बी.टेक. (द्वितीय वर्ष लेटरल एंट्री)**

सत्र 2025-26 हेतु बायोटेक्नोलॉजी, कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग (एआईएमएल), सिविल इंजीनियरिंग, इलैक्ट्रीकल इंजीनियरिंग, इलैक्ट्रोनिक एंड कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग और मैकेनिकल इंजीनियरिंग में सभी श्रेणियों की सीटों के लिए www.mdu.ac.in पर उपलब्ध ऑनलाइन लिंक के माध्यम से बी.टेक. (द्वितीय वर्ष, लेटरल एंट्री) के लिए प्रवेश हेतु सामान्य श्रेणी हेतु रु. 1000/- और सभी आरक्षित श्रेणियों (एससी/डीएससी/बीसी/पीएच/एफएफ/ ईएसएम/ केएम/गर्ल्स/ईडब्ल्यूएस) हेतु रु. 700/- के अप्रतिदेय शुल्क सहित इच्छुक और पात्र उम्मीदवारों से 30.07.2025 से 14.08.2025 तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

**काउंसलिंग** 11.08.2025, 12.08.2025, 13.08.2025 **और** 14.08.2025 **को आयोजित की जाएगी।**

विस्तृत जानकारी हेतु कृपया विश्वविद्यालय वेबसाइट www.mdu.ac.in पर पधारें और मोबाइल नम्बर 8222880106 और 9050607001 पर सम्पर्क करें।

**निदेशक, यूआईईटी**

संवाद-1235/11/164/2026/37087/सी/88/7 दि. 29.07.25

# व्यापारियों के साथ करोड़ों की ठगी में शामिल आरोपी ईओडब्ल्यू के हत्थे चढ़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली

भारत सरकार के प्रमुख कार्यक्रम के टेंडरों की आपूर्ति के नाम पर विभिन्न व्यापारियों से करोड़ों की धोखाधड़ी करने और राष्ट्रीय ग्रामीण साक्षरता मिशन के नाम पर एक फर्जी वेबसाइट बनाने में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इनके नाम करुणाकर उर्फ रत्नाकर उपाध्याय और अनीता उपाध्याय बताये गये हैं। आरोपी विभिन्न व्यापारियों को वर्दी, बैग, मेडिकल किट आदि की आपूर्ति के लिए राष्ट्रीय ग्रामीण साक्षरता मिशन के टेंडर आवंटित करने का आश्वासन देकर धोखाधड़ी करते थे। एडिशनल सीपी अमृता गुगुलोथ के अनुसार कैप्टन शिवेंद्र सिंह बख्शी की शिकायत पर ईओडब्ल्यू ने मामला दर्ज किया था। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि उसे आरोपी व्यक्तियों अनीता उपाध्याय और अन्य द्वारा आपराधिक साजिश के तहत राष्ट्रीय ग्रामीण साक्षरता मिशन में विक्रेता के रूप में पंजीकृत होने के लिए लालच दिया गया था, जो कि भारत सरकार का उपक्रम है। सरकारी आपूर्ति के रंग में विभिन्न राज्यों में समाज के वंचित वर्ग के छात्रों को वितरित किए जाने वाले स्कूल ड्रेस की आपूर्ति के लिए शिकायतकर्ता से स्कूल ड्रेस की डिलीवरी लेने के बाद आरोपियों ने पेमेंट का भुगतान नहीं किया। आरोपियों ने शिकायतकर्ता को निविदा आवंटन के लिए कमीशन के रूप में लगभग 2 करोड़ रुपये का भुगतान करने के लिए प्रेरित किया था। मामला दर्ज किया गया और जांच शुरू की गई। तीन और विक्रेताओं व्यापारियों की शिकायतों पर ऐसे तीन और मामले दर्ज किए गए। जांच में पता चला कि रत्नाकर उपाध्याय ने राष्ट्रीय ग्रामीण साक्षरता मिशन के डोमेन नाम से एक फर्जी वेबसाइट बनाई। रत्नाकर उपाध्याय ने ट्रस्ट आरजीएसएम के खाते से 3.5 करोड़ रुपये की बड़ी रकम निकालकर निजी फायदे के लिए इस्तेमाल की। आरोपी अनीता उपाध्याय ट्रस्ट आरजीएसएम की प्रमुख थीं और उन्हें आरजीएसएम के खाते से एक राशि का लाभार्थी भी पाया गया। दोनों आरोपियों को दो मामलों में गिरफ्तार किया गया है। संबंधित अदालत से दोनों मामलों में पुलिस हिरासत रिमांड हासिल की गई थी। जांच के दौरान आरजीएसएम के निर्देश पर शिकायतकर्ता द्वारा आपूर्ति की गई लगभग 1.5 करोड़ रुपये मूल्य की 45000 वर्दियों से भरे दो ट्रक जब्त किए गए हैं। दोनों आरोपियों को पहले छत्तीसगढ़ पुलिस ने भी आरजीएसएम के लिए आपूर्ति से संबंधित इसी तरह के अपराध के लिए गिरफ्तार किया था। करुणाकर उर्फ रत्नाकर उपाध्याय पूर्व में उत्तर प्रदेश और छत्तीसगढ़ में कई आपराधिक मामलों में संलिप्त रहा है, जिसमें दिल्ली में बलात्कार का मामला (थाना पहाड़गंज) और उत्तर प्रदेश में एक मामला शामिल है।

# डीएमआरसी ने गोल्डन लाइन पर तुगलकाबाद रेलवे कॉलोनी में एक और सुरंग का निर्माण किया पूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली



दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) ने चौथे चरण की गोल्डन लाइन अंतर्गत तुगलकाबाद रेलवे कॉलोनी में सुरंग निर्माण पूरा कर एक और उपलब्धि हासिल की। तुगलकाबाद-एयरोसिटी कॉरिडोर पर तुगलकाबाद और तुगलकाबाद रेलवे कॉलोनी के बीच भूमिगत सुरंग का निर्माण किया है। डीएमआरसी के अनुसार तुगलकाबाद रेलवे कॉलोनी स्थल पर सुरंग बोरिंग मशीन (टीबीएम) की सफलता का कार्य रेलवे बोर्ड के सदस्य (बुनियादी ढांचा) नवीन गुलाटी और डीएमआरसी के एमडी डॉक्टर विकास कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। विस्तार से जानकारी देते हुए डीएमआरसी कॉर्पोरेट संचार के प्रधान कार्यकारी निदेशक अनुज दयाल ने बताया कि तुगलकाबाद रेलवे कॉलोनी स्टेशन पर 0.792 किलोमीटर लंबी सुरंग खोदने के बाद एक टीबीएम ने सफलता प्राप्त की। यह सुरंग सफलता एक विशाल 91 मीटर लंबी टीबीएम का उपयोग करके प्राप्त की गई। एरोसिटी-तुगलकाबाद कॉरिडोर के हिस्से के रूप में इस खंड पर ऊपर और नीचे आवाजाही के लिए दो समानांतर गोलाकार सुरंगों का निर्माण किया जा रहा है। इस परियोजना को क्रियान्वित करने वाला सिविल ठेकेदार मेसर्स एफकॉन इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड है। यह नई सुरंग लगभग 18 मीटर की औसत गहराई पर बनाई गई जिसमें लगभग 559 रिंग लगाई गई है, जिसका आंतरिक व्यास 5.8 मीटर है। दयाल के अनुसार सुरंग का निर्माण ईपीबीएम (पृथ्वी दाब संतुलन विधि) की सिद्ध तकनीक का उपयोग करके किया गया है, जिसमें पूर्व निर्मित सुरंग रिंगो से बनी कंक्रीट की परत है। इन सुरंग रिंगों को मुंडका में स्थापित एक पूरी तरह से मशीनीकृत कास्टिंग यार्ड में ढाला गया था। कंक्रीट के खंडों को शीघ्र मजबूती प्रदान करने के लिए स्टीम क्योरिंग सिस्टम से क्योरिंग किया गया था।

**वैश्य तकनीकी संस्थान रोहतक**
(हरियाणा सरकार द्वारा एक सरकारी सहायता प्राप्त संस्थान)

**प्रवेश सूचना (डीइटी/डीइटी-एल 2025)**

10वीं / 10+2 / आईटीआई / 10+2 VOC / NSQF स्तर 4 के सभी उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि 3 साल के डिप्लोमा पाठ्यक्रम की रिक्त सीटों पर मैनुअल Counselling नीचे दिए गए कार्यक्रम के अनुसार जाएगा। **Courses : ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग / सिविल इंजीनियरिंग / इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग / इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार इंजीनियरिंग / मैकेनिकल इंजीनियरिंग / लाइब्रेरी सूचना और विज्ञान / कार्यालय प्रबंधन और कंप्यूटर अनुप्रयोग /कंप्यूटर इंजीनियरिंग ( unaided )**

| दिनांक/योग्यता | डिप्लोमा इंजीनियरिंग ( 3 वर्ष ) | डिप्लोमा Lateral Entry ( 2 वर्ष ) |
|---|---|---|
| योग्यता | 10वीं पास | 10+2 / आईटीआई 2 साल / 10+2 VOC NSQF स्तर 4 |
| 06/08/2025 | आवेदन फार्म प्राप्त करने की अंतिम तिथि ( 11:00 AM तक ) | |
| 06/08/2025 | मेरिट सूची प्रकाशनः 03:00 PM | |
| 07/08/2025 | सभी श्रेणियों में आरक्षण के साथ प्रवेश के लिए सुबह 09:30 बजे से उम्मीदवारों द्वारा रिपोर्टिंग | |
| 08/08/2025 | बिना आरक्षण के सभी श्रेणियों में प्रवेश सुबह 09:30 बजे से उम्मीदवारों द्वारा रिपोर्टिंग | |
| 11/08/2025 से 14/08/2025 | प्रत्येक कार्य दिवस पर दोपहर 12:00 बजे तक प्राप्त आवेदन फॉर्म प्रपत्रों के अनुसार सभी रिक्त सीटों के लिए प्रवेश | |

1. प्रवेश लेने के इच्छुक उम्मीदवारों को ऊपर दिए गए कार्यक्रम के अनुसार संस्थान में अपना आवेदन पत्र जमा करना आवश्यक है।
2. संस्थान में प्रवेश चाहने वाले उम्मीदवारों को ऊपर दिए गए कार्यक्रम के अनुसार उपस्थित रहना आवश्यक है।
3. सभी उम्मीदवारों को अपने मूल दस्तावेज / प्रमाण पत्र जैसे 10 वीं / 10+2 / आईटीआई /10+2 वीओसी। / एनएसक्यूएफ स्तर 4 पास मार्कशीट चरित्र प्रमाण पत्र / श्रेणी प्रमाण पत्र /आधार कार्ड / पीपीपी आईडी पासपोर्ट आकार फोटो (3 Nos.) फोटोकॉपी के एक सेट के साथ ले जाना चाहिए।
4. अभ्यर्थियों को सेमेस्टर शुल्क 4710/- रुपए (लड़कियों और टीएफडब्ल्यू कोटा अभ्यर्थियों के लिए 3210/- रुपए) जमा करना आवश्यक है।
5. कंप्यूटर इंजीनियरिंग (अनएडेड) में प्रवेश पाने के इच्छुक अभ्यर्थियों को 22360/- रुपए सेमेस्टर शुल्क जमा करना होगा।
6. यदि अभ्यर्थियों ने पहले भुगतान नहीं किया है तो उन्हें सेमेस्टर शुल्क के अतिरिक्त पंजीकरण शुल्क के रूप में 1000/- रुपए (लड़कियों एवं सभी श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए 700/- रुपए) का भुगतान करना होगा।
7. उम्मीदवारों को संस्थान में रिपोर्ट करने से पहले अपना पिछला प्रवेश (Centralised Counselling/Manual counseling में लिया गया) रद्द करना आवश्यक है।
8. अपूर्ण आवेदन फार्म मेरिट सूची में शामिल नहीं किए जाएंगे।
9. अधिक जानकारी के लिए संस्थान की वेबसाइट www.vtirohtak.edu.in. पर जाएं।

**संपर्क नंबर :- 01262-248572, 9812451120, 9034116060**

पीआरडीएच-1115/11/436/2026/37110/88/7 दि. 29.07.25

## स्थानीय लोगों में उत्सुकता, भाजपा नेताओं ने बताया 'विकास का प्रतीक'

# नरेला विधानसभाः 'सीमेंटेड कमल' के फूल बन रहे आकर्षण का केंद्र

दया राम ▶▶नई दिल्ली



दिल्ली देहात के नरेला विधानसभा के बकौली गांव में बन रहे यूईआर-2 (अर्बन एक्सटेंशन रोड-2) पर इन दिनों सीमेंट के गोल पीलर्स से बन चुके और बन रहे विशाल 'कमल के फूल' लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बन कर उनका ध्यान खींच रहे हैं, और यह कमल पूरी सड़क की सुंदरता में चार चांद लगा रहे हैं। जानकारी के अनुसार, यह स्थल अब सिंघू बॉर्डर पार करने बाद केवल एक सड़क नहीं, बल्कि एक भव्य प्रवेश द्वार का रूप ले चुका है, और उद्घाटन के लिए उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है और आने वाले कुछ दिनों में इस मार्ग का शुभारंभ संभव है। दिल्ली प्रदेश भाजपा में प्रचार मंत्री अशोक वर्मा ने इस निर्माण को "विकास और सौंदर्यीकरण का प्रतीक" बताते हुए कहा कि यह दिल्ली के सबसे पिछड़े माने जाने वाले क्षेत्रों में भी विकास की किरण पहुंचने का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि कमल सिर्फ भाजपा का चुनाव चिन्ह नहीं, बल्कि यह अब नरेला के विकास का प्रतीक बन गया है। यह फूल अब कचरे, जाम और बदहाल सड़कों की पहचान को बदल देगा।

### प्रमुख कनेक्टिविटी परियोजनाओं में से एक यूईआर-2

प्रदेश भाजपा में प्रचार मंत्री अशोक वर्मा ने बताया कि यूईआर-2 को दिल्ली की प्रमुख कनेक्टिविटी परियोजनाओं में से एक माना जा रहा है, जो बाहरी रिंग रोड की तरह राजधानी के ट्रैफिक को सुगम और सुचारू बनाने के उद्देश्य से तैयार किया जा रहा है। लेकिन बकौली क्षेत्र में सीमेंट से तैयार किए जा रहे करीब एक दर्जन भर कमलनुमा ढांचे ने इसे राजनीतिक और सांस्कृतिक रंग भी दे दिया है।

### स्थानीय लोग भी हुए उत्साहित

बकौली और आसपास के गांवों के निवासी भी इस नई संरचना और यहां साथ में बन रहे फुट ओवर ब्रिज को लेकर काफी उत्सुक हैं। ग्रामीणों ने कहा कि पहली बार यहां ऐसा कुछ बनता दिखा है जो देखने लायक है। उम्मीद है फुट ओवर ब्रिज भी अब जल्दी चालू हो जाएगा और लोगों को संभावित सड़क दुर्घटनाओं से भी निजाद मिलेगी।




# झमाझम बारिश से दिल्ली के कई क्षेत्र बने तालाब, वाहनों पर लगा ब्रेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में मंगलवार सुबह हुई एक और झमाझम बारिश ने एक बार फिर राजधानी के कई क्षेत्रों को तालाब बना दिया। सुबह सुबह जगह जगह हुए जलभराव से काम धंधे में आने वाले वाहनों की चाल पर ब्रेक लग गया। वहीं दूसरी तरफ बारिश के चलते कई दिनों से भारी उमस से हो रही परेशानी से राहत जरूर मिली है। प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र दिल्ली (आईएमडी) के अनुसार सुबह साढ़े आठ बजे से शाम साढ़े पांच बजे के बीच रिज एरिया में सबसे ज्यादा 129.8 मिमी पानी बरसा। जबकि दूसरे नंबर पर लोधी रोड में 72.4 मिमी और तीसरे नंबर पर सफदरजंग में 68.1 मिमी पानी बरसा। वहीं राजघाट में 45.6 मिमी, मयूर विहार में 42.5 मिमी, पूसा में 37.5 मिमी, आया नगर में 23.4 मिमी, पालम में 4.6 मिमी और पूसा में 1.5 मिमी पानी बरसा। सुबह सुबह हुई बारिश के चलते कनॉट प्लेस, आईटीओ, धौला कुआं, नारायणा, पटेल नगर, जखीरा रेलवे अंडरपास, आजाद मार्केट अंडर पास, जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम गोल चक्कर, भीष्म पितामह मार्ग, बारापुला सेवा नगर डिपो, कमला नगर मार्केट,




अम्बेडकर स्टेडियम, प्रगति मैदान, जीटीके बस डिपो, बुराड़ी गांव व प्रधान एंक्लेव, मॉडल टाउन, किंग्सवे कैम्प, बख्तावरपुर, सिरसपुर, लिबास पुर, स्वरूप नगर, बुराड़ी स्वरूप नगर रोड, जहांगीरपुरी, रेलवे अंडरपास राम बाग आजाद मार्केट, जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम के आसपास जलभराव के कारण लोधी रोड से कोटला की ओर जाने वाले भीष्म पितामह मार्ग पर यातायात प्रभावित रहा। बारापुला में सेवा नगर बस डिपो के पास जलभराव के कारण सराय काले खां से आईएनए मार्केट की ओर जाने वाले रिंग रोड पर यातायात प्रभावित रहा। इनके अलावा कई अन्य जगहों में भारी जलभराव होने के कारण घंटों ट्रैफिक जाम रहा। कई अंडरपास व फ्लाईओवर पर लबालब पानी भर गया। आईएमडी के अनुसार बारिश बाद अधिकतम तापमान में गिरावट देखने को मिली। जिसके चलते अधिकतम तापमान 29.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो सामान्य से 5.8 डिग्री नीचे है।

## मानसून पूर्व तैयारियां कहां?

# पानी में डूबे बिजली के ट्रांसफार्मर कर सकते हैं मौत का तांडव

सत्यप्रकाश ⏭ नई दिल्ली

मानसून पूर्व दावे करने वाली निजी बिजली आपूर्ति कंपनी टाटा पावर डीडीएल के कई ट्रांसफार्मर जरा सी बारिश में डूब जाते है, जो कभी भी मौत का तांडव करने वाले साबित हो सकते है। ऐसे मौत को देते ट्रांसफर बुराड़ी मुख्य मार्ग व अन्य जगह, जहांगीरपुरी, आजादपुर, हैदरपुर, बादली, नरेला, अलीपुर, होलंबी,बख्तावरपुर सहित कई जगह देखे जा सकते है। यह हालात तो जब है तब गत 2024 में बारिश के दौरान करंट से कई बेशकीमती जाने चली गई थी। साल दर साल दावे, मानसून में करंट से मौत और फिर लीपापोती होना यह एक परंपरा बन चुकी है। हादसे के बाद सरकार व आपूर्ति कंपनियां केवल जोर शोर से बयानबाजी कर बाद में भूल क्यों जाती है। दिल्ली में 29 जुलाई 2025 को हुई बारिश में ऐसा ही एक खतरनाक नजारा बुराड़ी में देखने को मिला जहां लोग जान हथेली पर रखकर गुजरते रहे। बुराड़ी स्थित खुशहाल चौक पर स्थापित ट्रांसफार्मर का निचला हिस्सा पूरी तरह पानी में डूबा रहा। जबकि लोगों को मजबूरी में इसी ट्रांसफार्मर के साथ से होकर आना जाना पड़ता है। ट्रांसफार्मर से कई तारे भी इधर उधर निकली हुई है जिन पर टेप भी सही तरीके से नहीं है। ऐसे में कभी भी पानी में करंट फैलने से बड़ा हादसा होने का खतरा बना हुआ है। जबकि बिजली कंपनी टाटा पावर डीडीएल दावा करती रही है कि मानसून पूर्व की तैयारियों में ऐसे ट्रांसफार्मरों को दीवार आदि लगाकर सुरक्षित किया गया है। तारों को व्यवस्थित किया है, जहां जहां जरूरत थी वहां ट्रांसफार्मर को ऊंचा किया गया है। लेकिन टाटा पावर के दावों की पोल खोलने के लिए ऐसे ट्रांसफार्मर कई जगह देखे जा सकते है। ऐसे में अहम सवाल उठता है कि आखिर मानसून पूर्व तैयारियां कहां हुई। कंपनी के दावों का सरकार ने कोई संज्ञान लिया या नहीं। ऐसा भी नहीं है कि दिल्ली में बारिश पहली बार आई और ट्रांसफार्मर डूब गए हो।



### टाटा पावर ने निचले क्षेत्रों में जलभराव का हवाला देकर दिया गोलमोल जवाब

मौत को दावत देते ऐसे ट्रांसफार्मरों व मानसून पूर्व तैयारियों को लेकर किए गए सवाल पर टाटा पावर की तरफ से साफ स्पष्ट जवाब नहीं मिला। गोल मोल जबाब देते हुए टाटा पावर ने कहा कि ऐसा निचले इलाकों में बारिश के दौरान हो जाता है। इस ट्रांसफार्मर को चेक करेंगे कि यहां किस कारण पानी भरा। एक अन्य जबाब में कंपनी ने कहा कि पूरे टाटा पावर डीडीएल के क्षेत्र में ऐसे ट्रांसफार्मर को चिन्हित करेंगे और जो होगा किया जाएगा। कंपनी का कहना है कि अकसर भारी बारिश में निचले क्षेत्रों में जलभराव हो जाता है।

कनॉट प्लेस...



# जलभराव के बाद सीएम ने किया आईटीओ क्षेत्र का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को हुई तेज बारिश के बाद आईटीओ क्षेत्र में हुए जलभराव की स्थिति का मौके पर निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को तत्काल समाधान के निर्देश देते हुए कहा कि राजधानी के ऐसे प्रमुख क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं है। मुख्यमंत्री ने माना कि जलभराव हुआ लेकिन कुछ ही समय में बरसाती पानी निकल गया। उसका कारण यह है कि सीवर-नालों की सफाई व सरकारी टीमों की लगातार निगरानी ने हालात बदतर नहीं बनने दिए। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के इस निरीक्षण दौरे में उनके साथ कैबिनेट मंत्री कपिल मिश्रा व संबंधित विभाग के अधिकारी भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में जहां घंटों तक जलभराव बना रहता था, वहीं हमारी सरकार की तत्परता, समय पर नालों-सीवेज की समुचित सफाई और नई जल निकासी प्रणाली की वजह से अब हालात बदल रहे हैं। आज तेज़ बारिश के बावजूद पानी कुछ ही समय में निकल गया, यह हमारी सरकार की जमीनी कार्रवाई का परिणाम है। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकारी टीमें सुबह से ही सक्रिय रही और हर प्रभावित प्वाइंट की लगातार निगरानी की जा रही थी। अधिकारी और कर्मचारी इस बात का विस्तृत आकलन कर रहे हैं कि कहां कितने समय तक पानी रुका, कितनी जल्दी निकासी हुई और आगे इसमें और सुधार के लिए क्या कदम उठाए जा सकते हैं। आईटीओ के स्थानीय लोगों से बातचीत में मुख्यमंत्री ने बताया कि पहले जहां पानी घंटों भरा रहता था, अब नई जल निकासी व्यवस्था और चेंबरों की वजह से आधे घंटे के भीतर पानी निकल गया। उन्होंने कहा कि राजधानी के अन्य संवेदनशील बिंदुओं पर भी इसी तरह सजगता से कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि सरकार ने मानसून से पूर्व ही नालों की सफाई और जल निकासी व्यवस्था को मजबूत करने के निर्देश दिए थे, जिसके सकारात्मक परिणाम आज दिख रहे हैं। उन्होंने दोहराया कि दिल्ली को जलभराव, जाम और अव्यवस्था से मुक्त कराना हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इस दिशा में हर आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।



## दिल्ली में जलभराव को लेकर आप ने दिल्ली सरकार पर साधा निशाना

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) ने मंगलवार को दिल्ली की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार की दिल्ली में जलभराव को लेकर आलोचना की और तंज कसते हुए इसे 'चार इंजन वाले मॉडल' का कमाल बताया। जखीरा अंडरपास से लेकर कनॉट प्लेस तक, सफदरजंग अस्पताल से लेकर एलएनजेपी अस्पताल तक, आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं ने दिल्ली में जलभराव वाले स्थानों के वीडियो साझा करके स्थिति को लेकर भाजपा सरकार से सवाल किये। मंगलवार को दिल्ली में भारी बारिश के बाद, शहर के विभिन्न हिस्सों से आयी तस्वीरों में जलभराव वाली सड़कों पर वाहनों की लंबी कतारें दिखायी दीं। दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) मंत्री प्रवेश सिंह वर्मा से सड़कों पर जलभराव को लेकर सवाल किये। कनॉट प्लेस के जलभराव वाले आउटर सर्कल से गुजरते वाहनों का एक वीडियो साझा करते हुए, उन्होंने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि दिल्ली के कनॉट प्लेस की सड़कें तालाब बन चुकी हैं। आतिशी ने 'एक्स' पर एक और वीडियो साझा किया, जिसमें लोग दिल्ली सरकार द्वारा संचालित एलएनजेपी अस्पताल परिसर में घुटनों तक पानी में चलते नजर आ रहे हैं। वीडियो के साथ उन्होंने हिंदी में लिखा कि दिल्ली सरकार के एलएनजेपी अस्पताल में हर तरफ पानी ही पानी।

## बारिश ने एक बार फिर भाजपा सरकार की तैयारियों की खोली पोल : यादव

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा कि मंगलवार को हुई बारिश ने एक बार फिर दिल्ली सरकार की जलभराव से निपटने की तैयारियों की पोल खोलकर रख दी है। यह साबित हो चुका है कि आम आदमी पार्टी की तरह ही भाजपा सरकार भी जलभराव से निपटने की बजाए केवल कागजों पर तैयारियां कर रही है। यही कारण है कि दिल्ली में बारिश के कारण जलभराव और ट्रैफिक जाम ने भाजपा के विकसित दिल्ली के सपने की पोल खोलकर रख दी है। यादव ने कहा कि महज 2 घंटे की बारिश में दिल्ली का दिल कनॉट प्लेस तक पूरी तरह डूब गया और वहां बाढ़ के हालात देखने को मिले। यादव ने कहा कि बाज की बारिश से राजधानी के दिल कनाट प्लेस से लेकर झुग्गी झौपड़ी तक में पानी ही पानी नजर आया। यादव ने कहा कि दिल्ली कांग्रेस मानसून की शुरुआत से पहले ही रेखा गुप्ता सरकार को चेतावनी देती रही है कि बारिश के पानी की नालियों और सीवरों की गाद निकालने का काम मानसून से पहले पूरा किया जाना चाहिए। लेकिन पीडब्ल्यूडी को अधिक से अधिक समय सीमा देने के बावजूद यह काम पूरा करने में विफल रही और आज की बारिश ने एक बार फिर भाजपा सरकार के झूठे दावों को हर्जाना दिल्ली की जनता भुगत रही है। दिल्लीवासियों को बारिश होते ही सबसे ज्यादा यातायात जाम और जलभराव से जूझना पड़ता है, जिससे जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। यादव ने कहा कि हर बारिश दिल्ली में तबाही मचा रही है, भाजपा की दिल्ली सरकार के मंत्रियों और स्वयं मुख्यमंत्री खामियों के लिए अधिकारियों को दोषी ठहरा रही है।

## एलजी ने बैंकिंग, गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियां आदि को लोक उपयोगी सेवा के तौर पर दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने मंगलवार को एक अहम फैसला लेते हुए तीन सेवाओं को लोक उपयोगी सेवा के तौर पर शामिल करने को मंजूरी दे दी। एलजी के इस निर्णायक कदम से स्थायी लोक अदालतों के माध्यम से इन सेवाओं से संबंधित विवादों का जल्द समाधान संभव होने की संभावना जगी है। राजनिवास सचिवालय द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार एक अहम फैसला लेते हुए तीन प्रमुख सेवाओं को लोक उपयोगी सेवाओं के दायरे में लाकर मंजूरी दी है। सचिवालय के अनुसार इनमें बैंकिंग सेवाएं, गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों की सेवाएं और गैस आपूर्ति सेवाएं शामिल है जिनकी श्रेणी को लोक उपयोगी सेवाओं में शामिल करने को मंजूरी दे दी है। इस महत्वपूर्ण कदम से स्थायी लोक अदालतों के माध्यम से, इन सेवाओं से संबंधित तमाम विवादों का तेजी से समाधान करने के लिए वैकल्पिक तंत्र उपलब्ध हो पाएगा। सचिवालय से प्राप्त जानकारी के तहत इस आशय का एक प्रस्ताव दिल्ली सरकार के कानून विभाग द्वारा भेजा गया था, जिसमें दिल्ली में बड़ी संख्या में बैंकिंग और अन्य वित्तीय संस्थानों तथा गैस सेवाओं की आपूर्ति से संबंधित विवादों का हवाला देते हुए, इन सेवाओं को लोक उपयोगी सेवाओं की श्रेणी में शामिल करने की अनुशंसा की गई थी। इस कदम से आम सेवा संबंधी शिकायतों परेशान हो रही प्रभावित बड़ी आबादी को तेज, अधिक न्यायसंगत और कुशल कानूनी समाधान मिलने की उम्मीद है।

# एक महीने तक चलने वाला 'दिल्ली को कूड़े से आजादी- स्वच्छता अभियान' शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली को स्वच्छ, हरित और कचरा मुक्त बनाने के उद्देश्य से दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को डॉ. एस.पी.एम. सिविक सेंटर स्थित केदारनाथ साहनी सभागार में एक महीने तक (1 से 31 अगस्त 2025) तक चलने वाले 'दिल्ली को कूड़े से आजादी- स्वच्छता अभियान' नामक एक महत्वाकांक्षी स्वच्छता अभियान की शुरुआत की। इस अभियान में विभिन्न एजेंसियां और नागरिक स्वच्छता के एक समान उद्देश्य के तहत मिलकर काम करेंगे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि हम दिल्ली के इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय लिख रहे हैं। पहली बार, एमसीडी, पीडब्ल्यूडी, दिल्ली पुलिस जैसी एजेंसियां और अन्य एजेंसियां पूर्ण समन्वय के साथ मिलकर काम कर रही हैं। प्रत्येक नागरिक को इस अभियान की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि अभियान के पहले दो दिन स्कूलों, अस्पतालों और कार्यालयों में लंबित कार्यों को निपटाने पर केंद्रित होंगे। प्रत्येक शनिवार और रविवार को, अनधिकृत कॉलोनियों और जेजे क्लस्टरों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। यमुना घाटों पर 14, 21 और 28 अगस्त को विशेष सफाई अभियान चलाए जाने की योजना है, जबकि रिंग रोड की सफाई 29 और 31 अगस्त को की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस अभियान के लिए एमसीडी को 5 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं।

## दिल्ली सरकार ने 20 वर्षों के एक करोड़ से अधिक के सभी मामलों का ब्यौरा मांगा : प्रवेश वर्मा

हरिभूमि न्यूज, नई दिल्ली। दिल्ली सरकार ने एक बड़ा कदम उठाते हुए मंगलवार को लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी), जल विभाग और सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग को पिछले 20 वर्षों में एक करोड़ रुपये से अधिक की राशि से संबंधित सभी मध्यस्थता मामलों का विस्तृत लेखा-जोखा प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने बताया कि विभागों से कहा गया कि एक करोड़ रुपये से अधिक की कुल मध्यस्थता मामलों की संख्या की जानकारी दी जाए। वहीं वे मामले जिनमें निर्णय सरकार के विरुद्ध आया है उनका विवरण दिया जाए। इसके साथ ही ऐसे मामलों में भुगतान की गई राशि या हुआ नुकसान हुआ का जानकारी भी मांगी गई है। वहीं मंत्री ने बताया कि इस बात की जानकारी भी मांगी गई है कि भुगतान से पहले कितने मामलों में अपील की गई है। सरकार ने निर्देश जारी किया है कि जब तक सरकार के खिलाफ आए किसी मध्यस्थता निर्णय में सभी कानूनी उपाय पूरे नहीं हो जाते और विधि विभाग से औपचारिक मंजूरी प्राप्त नहीं हो जाती, तब तक कोई भुगतान नहीं किया जाएगा। इस दिशा में पीडब्ल्यूडी ने मंत्री प्रवेश साहिब सिंह के नेतृत्व में एक बड़ा कदम उठाते हुए सभी नए ठेकों से मध्यस्थता क्लॉज को हटा दिया है।

## दिल्ली कैबिनेट ने दी मंजूरी, प्रस्ताव को मंजूरी के लिए उपराज्यपाल को भेजा

# दुकानों/वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों में अब नाइट शिफ्ट में भी काम कर सकेंगी महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की महिलाओं के सशक्तिकरण व उन्हें अधिक आत्मनिर्भर बनाने के लिए दिल्ली सरकार ने मंगलवार को एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए महिलाओं को दुकानों और वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों में रात्रि पाली में कार्य करने की छूट प्रदान करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इस बात की जानकारी मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दी है। सरकार का मानना है कि यह निर्णय इस क्षेत्र के कार्यबल (वर्कफोर्स) में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावे साथ ही व्यापार करने में आसानी को भी बढ़ावा देगा। मुख्यमंत्री का कहना है कि महिला कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए कड़े प्रावधान किए जा रहे हैं, जिनमें रात की ड्यूटी के दौरान परिवहन की



व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरे, पर्याप्त सुरक्षा गार्ड की तैनाती आदि शामिल है। देश के कुछ राज्यों में महिलाओं को रात्रि पाली में काम करने की छूट मिली हुई है। मुख्यमंत्री के अनुसार सरकार का यह निर्णय दिल्ली को 24 बिजनेस हब बनाने में मदद करेगा।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि उपराज्यपाल की स्वीकृति के लिए यह प्रस्ताव उन्हें शीघ्र भेजा जा रहा है। इस विषय पर उपराज्यपाल से पहले चर्चा हो चुकी है। उन्होंने बताया कि इस निर्णय को लागू करने के लिए दिल्ली दुकान एवं स्थापना अधिनियम-1954 में छूट दी जा रही है। इस अधिनियम की धारा 14, 15 एवं 16 के अनुसार महिलाओं को (गर्मी के मौसम में) रात 9 बजे से सुबह 7 बजे तक व (सर्दी के मौसम में) रात 8 बजे से सुबह 8 बजे तक कार्य करने की अनुमति नहीं है। लेकिन अब इसमें परिवर्तन कर दिया गया है। मुख्यमंत्री बताया कि महिला कल्याण हमारे एजेंडे में सबसे ऊपर है। हम विभिन्न योजनाओं के माध्यम से कामकाजी महिलाओं के आर्थिक उत्थान को सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी कार्य कर रहे हैं।

### महिलाओं को रात्रि पाली में रखने से पहले लिखित में लेनी होगी सहमति

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि महिलाओं को रात्रि पाली में रखने से पहले उनकी लिखित सहमति लेना जरूरी होगा, कार्यस्थल पर सीसीटीवी कैमरे, सुरक्षा गार्ड और सुरक्षित परिवहन की व्यवस्था अनिवार्य होगी। इसके अलावा महिला जहां काम करेगी, वहां पर कंपनी को यौन उत्पीड़न रोकथाम अधिनियम के तहत आंतरिक शिकायत समिति बनानी होगी। साथ ही महिलाओं के लिए रेस्ट रूम, टॉयलेट, लॉकर आदि की सुविधा भी उपलब्ध करानी होगी। नियम यह भी बनाया गया है कि महिलाओं को वेतन का भुगतान बैंक/ईसीएस से होना चाहिए। शर्तों में ईएसआई, बोनस, भविष्य निधि आदि सभी कानूनी लाभ प्रदान करना, साप्ताहिक अवकाश व ओवरटाइम का भुगतान भी शामिल है।



## खबर संक्षेप

### कदराबाद, आबिद पुर मानकी में चला बुलडोजर



**गाजियाबाद।** जीडीए का बुलडोजर मोदीनगर के कदराबाद और आबिद पुर मानकी में अनधिकृत कालोनी में चला। प्रभारी प्रवर्तन जोन-2 के नेतृत्व में ग्राम-कादराबाद, रोरी फाटक के आगे खसरा संख्या-728, पर करीब 9000 वर्ग मी क्षेत्रफल, आबिदपुर मानकी, खसरा सं-142 पर लगभग 4500 वर्ग मी क्षेत्रफल में स्थल पर स्वीकृत साक्ष्य नहीं दिखाए।

### युवा उद्योग व्यापार मंडल के मनोज चेयरमैन बने



**गाजियाबाद।** महानगर उद्योग व्यापार मंडल में युवा टीम का पुनर्गठन किया गया है। नई कार्यकारिणी की घोषणा महानगर गोपीचंद व महानगर महामंत्री अशोक चावला ने की, जिसमें मनोज गर्ग को चेयरमैन,विपिन गोयल को महानगर अध्यक्ष बनाया गया है।

### मॉन्ट्रा ने गुरुग्राम में किया ई-एससीवी की शुरुआत



**गुरुग्राम।** देश में विस्तार करते हुए मॉन्ट्रा इलेक्ट्रिक ने गुरुग्राम में ऑल-न्यू ई-एससीवी शोरूम शुरू किया। एसओएल ऑटोमोटिव इंडिया प्रा.लि. द्वारा संचालित इस नए शोरूम का शुभारंभ करते हुए मांट्रा के एससीवी डिवीजन के सीईओ साजू नायर ने कहा कि दिल्ली-एनसीआर हमारे लिए एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है।

### विद्यार्थियों के लिए सेल्फ डिफेंस प्रशिक्षण कार्यक्रम



**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त के आदेशानुसार महिला थाना सेंट्रल की प्रबंधक एवं दुर्गा शक्ति-2 टीम ने मॉडल स्कूल सेक्टर-31 में विद्यार्थियों के लिए सेल्फ डिफेंस प्रशिक्षण के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को आत्मरक्षा के तरीकों की जानकारी दी तथा डेमो के माध्यम से उन्हें व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया। साथ ही विद्यार्थियों को पॉक्सो एक्ट के प्रावधानों से अवगत कराया गया और डायल 112 ऐप की जानकारी देते हुए बताया कि आपातकालीन स्थिति में इसका उपयोग किस तरह किया जा सकता है।

### 7.33 ग्राम स्मैक सहित पुलिस ने किया गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** अपराध शाखा बॉर्डर की टीम ने एक आरोपी को 7.33 ग्राम स्मैक सहित गिरफ्तार किया है। अपराध शाखा बॉर्डर की टीम ने कार्रवाही करते हुए बलजीत सिंह निवासी गांव इस्माइलपुर, नियर गुरुद्वारा पल्ला फरीदाबाद को इस्माइलपुर से 7.33 ग्राम स्मैक सहित काबू किया है। जिसके विरुद्ध थाना पल्ला में एनडीपीएस की धारा के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। उससे पूछताछ की जा रही है।

# महापौर प्रवीण जोशी ने कार्यकर्ताओं की समस्याएं सुनी, किया त्वरित समाधान

महापौर का यह कदम कार्यकर्ताओं के मनोबल को बढ़ाने वाला और संगठन के प्रति उनके समर्पण को और दृढ़ करने वाला साबित होगा। महापौर और जिला अध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल ने स्पष्ट किया कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन और समाज के बीच एक मजबूत कड़ी बनकर कार्य कर रहा है। जनता की समस्याओं का त्वरित हल हो इसके लिए सरकार और संगठन मिलकर कार्य कर रहे हैं

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

भाजपा की वरिष्ठ नेता और फरीदाबाद नगर निगम की महापौर प्रवीण बत्रा जोशी ने मंगलवार भाजपा जिला कार्यालय अटल कमल में कार्यकर्ताओं से भेंट कर उनकी समस्याओं को सुना और कई समस्याओं का त्वरित समाधान भी किया। भाजपा जिला फरीदाबाद के जिला अध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल, जिला महामंत्री प्रवीण चौधरी, शोभित अरोड़ा, जिला उपाध्यक्ष सीमा भारद्वाज, जिला कार्यालय सचिव राज मदान, सचिन गुप्ता मुख्य तौर पर उपस्थित रहे।

जोशी ने कहा कि भाजपा एक कार्यकर्ता आधारित पार्टी है और कार्यकर्ताओं की समस्याएं मेरी प्राथमिकता हैं। हर सप्ताह एक दिन मैं भाजपा जिला कार्यालय अटल कमल पर उपस्थित रहूंगी, जहां कार्यकर्ता निसंकोच अपनी बात रख सकेंगे और उनके समाधान के लिए मैं व्यक्तिगत रूप से प्रयासरत रहूंगी। जोशी का यह कदम कार्यकर्ताओं के मनोबल को बढ़ाने वाला और संगठन के प्रति उनके समर्पण को और दृढ़ करने वाला साबित होगा। महापौर और जिला अध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल ने स्पष्ट किया कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन और समाज के बीच एक मजबूत कड़ी बनकर कार्य कर रहा है। जनता की समस्याओं का त्वरित हल हो इसके लिए सरकार और संगठन मिलकर कार्य कर रहे हैं।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया पौधारोपण



महापौर प्रवीण जोशी ने जिला अध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल के साथ मिलकर भाजपा जिला कार्यलय अटल कमल पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रकृति और पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर बल देते हुए कहा कि श्एक वृक्ष लगाना केवल पर्यावरण की सेवा नहीं, बल्कि अपनी आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित और स्वच्छ जीवन देने की दिशा में एक महान प्रयास है। आइए,हम सब मिलकर अपनी माताओं के नाम पर एक पेड़ अवश्य लगाएं और इसे जीवित रखें। इस पौधारोपण अभियान को जिला भर में व्यापक स्तर पर फैलाने का संकल्प लिया गया, जिसमें भाजपा कार्यकर्ता, युवा मोर्चा और महिला मोर्चा सक्रिय भूमिका निभाएंगे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, महिला मोर्चा, युवा मोर्चा और समाजसेवी मौजूद रहे। सभी ने पेड़ लगाएं, प्रकृति बचाएं का संकल्प लिया।

### मंत्री ने बन रहे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर के निर्माण कार्य का लिया जायजा

# दिल्ली के विज्ञान भवन की तर्ज पर बनेगा ग्रेटर फरीदाबाद का भव्य कन्वेंशन सेंटर

यह सेंटर करीब 427 करोड़ रुपए की लागत से बनाया जा रहा है जो कि दिल्ली के विज्ञान भवन की तर्ज पर होगा। इसमें 2200, 1000 और 350 लोगों की क्षमता के तीन अलग-अलग हाल होंगे। जिसमें विभिन्न प्रकार के आयोजन हो सकेंगे। इस केंद्र पर बच्चों के लिए गेमिंग सेंटर भी बनाया जाएगा। वहीं करीब 1000 कार की पार्किंग की व्यवस्था भी होगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

हरियाणा सरकार के मंत्री राजेश नागर ने मंगलवार को अपनी विधानसभा क्षेत्र में बन रहे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर के निर्माण कार्य का जायजा लिया। उन्होंने यहां चल रहे कार्य की सामग्री और व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

उन्होंने बताया कि यह सेंटर करीब 427 करोड़ रुपए की लागत से बनाया जा रहा है जो कि दिल्ली के विज्ञान भवन की तर्ज पर होगा। इसमें 2200, 1000 और 350 लोगों की क्षमता के तीन अलग-अलग हाल होंगे। जिसमें विभिन्न प्रकार के आयोजन हो सकेंगे। इस केंद्र पर बच्चों के लिए गेमिंग सेंटर भी बनाया जाएगा। वहीं करीब 1000 कार की पार्किंग की व्यवस्था भी होगी।

मंत्री राजेश नागर ने कहा कि इस इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर के बन जाने के बाद ग्रेटर फरीदाबाद की तरफ बड़े उद्यमियों का रुख होगा, जिसका लाभ हमारे क्षेत्र को मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस कन्वेंशन सेंटर पर आने वाले समय में बड़े-बड़े एकेडमिक्स और इंस्टीट्यूशनल कार्यक्रम होंगे। जिससे लोगों की कनेक्टिविटी फरीदाबाद के साथ जुड़ेगी।

*427 करोड़ रुपए की लागत से बनाया जा रहा सेंटर*

*कन्वेंशन सेंटर पर बड़े-बड़े एकेडमिक्स और इंस्टीट्यूशनल कार्यक्रम होंगे*

#### 90 विधानसभा क्षेत्र में विकास करवा रहे हैं सीएम



मंत्री नागर ने बताया कि आज विकास कार्यों का जायजा लिया है और व्यवस्थाओं के बारे में जरूरी निर्देश अधिकारी व ठेकेदार को दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि तिगांव विधानसभा क्षेत्र में वह कार्य हो रहे हैं जो कभी सोचे नहीं गए थे। तिगांव विधानसभा क्षेत्र का अभूतपूर्व विकास मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आशीर्वाद से हो रहा है। वह हरियाणा के 90 विधानसभा क्षेत्र में विकास करवा रहे हैं। यही कारण है कि हरियाणा की जनता ने भाजपा की सरकार को प्रदेश में तीसरी बार मौका दिया है जो कि अभूतपूर्व है।



### लापता बच्चे को ट्रैफिक पुलिस ने परिजनों के हवाले किया

**फरीदाबाद।** 28 जुलाई 2025 की शाम फरीदाबाद पर एक एस्कोर्ट सिक्योरिटी कम्पनी के वर्कर द्वारा एक मूक बधिर (बोल नहीं सकने वाले) बालक को लाया गया, जो अकेला, डरा हुआ और असहाय अवस्था में था। वर्कर को यह बच्चा सडक किनारे भटकता हुआ मिला था। उसने लगभग आधे घंटे तक खुद से बच्चे के परिजनों को खोजने का प्रयास किया, लेकिन जब यह स्पष्ट हुआ कि बच्चा बोल नहीं सकता और अपनी पहचान या ठिकाने की जानकारी देने में असमर्थ है, तो उसने मानवीय जिम्मेदारी निभाते हुए उसे बीपीटीपी ट्रैफिक बूथ पर मौजूद पुलिसकर्मियों को सौंप दिया।

### टेक्निकल कर्मियों का बड़े पैमाने पर ट्रांसफर हुआ

# बिजली कर्मचारियों ने आनलाइन ट्रांसफर पालिसी की जलाई प्रतियां



हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

आदर्श ऑनलाइन तबादला नीति के विरोध में बिजली कर्मचारियों ने मंगलवार को सब डिवीजन स्तर पर विरोध प्रदर्शन किए और प्रतीकात्मक रूप से प्रतियां जलाई। ऑल हरियाणा पॉवर कॉर्पोरेशन वर्कर्स यूनियन के तत्वावधान में मंगलवार को सर्कल फरीदाबाद की सभी सब-डिवीजनों पर बिजली कर्मचारियों ने आदर्श ऑनलाइन तबादला नीति के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। विरोध गेट मीटिंग एवं प्रदर्शन में नीतियों की प्रतियां जलाकर अपना विरोध दर्ज कराया गया और पालिसी को रद्द करने की मांग की। यूनियन ने चेतावनी दी कि यदि तबादला नीति को तत्काल प्रभाव से रद्द नहीं किया गया, तो प्रदेशभर में व्यापक आंदोलन शुरू किया जाएगा। इसी क्रम में 5 अगस्त को प्रदेश के सभी डिवीजनों पर प्रदर्शन कर बिजली मंत्री हरियाणा सरकार व अन्य विभागीय अधिकारियों के नाम ज्ञापन कार्यकारी अभियंता के माध्यम से सौंपा जाएगा।

#### तबादला नीति से दुर्घटनाओं में हो सकती है भारी बढ़ोतरी

यूनियन के राज्य वरिष्ठ उपप्रधान शब्बीर अहमद गनी ने कहा कि बिजली निगमों में किया जाने वाला कार्य अत्यंत जोखिमपूर्ण है। ऐसे में बिना जमीनी हकीकत को समझे लागू की गई ऑनलाइन तबादला नीति से दुर्घटनाओं में भारी बढ़ोतरी हो सकती है। उन्होंने याद दिलाया कि पूर्व में बिजली बोर्ड के समय लागू की गई ऐसी ही तबादला नीति को दुर्घटनाओं के बढने के कारण वापस लेना पड़ा था। उन्होंने कहा कि तकनीकी कर्मचारियों के साथ-साथ दफ्तरों में कार्यरत कर्मचारियों को उपभोक्ताओं और क्षेत्र की लाईनों की संपूर्ण जानकारी होती है। ऐसे कर्मचारियों का जबरन स्थानांतरण न केवल कार्य की गुणवत्ता पर असर डालेगा, बल्कि सुरक्षा जोखिम भी बढ़ाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र और राज्य सरकारें जनविरोधी और कर्मचारी विरोधी नीतियों के जरिए सरकारी संस्थानों को निजी हाथों में सौंपने का प्रयास कर रही हैं।

## शार्प भारत-केंद्रित उपकरणों के साथ 'विकसित भारत' के प्रति प्रतिबद्ध



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

कंज्यूमर इलेक्ट्रनिक्स वर्ल्ड एक्सपो 2025 में शार्प कॉर्पोरेशन जापान की भारतीय सहायक कंपनी, शार्प बिजनेस सिस्टम्स (इंडिया) प्रा. लि. ने भाग लिया। उद्घाटन समारोह में शार्प इंडिया अप्लायंसेज के उपाध्यक्ष, मिमोह जैन और दिल्ली सरकार में उद्योग, खाद्य एवं आपूर्ति, और पर्यावरण, वन एवं वन्यजीव मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा शामिल हुए।

वहीं उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग के सलाहकार डॉ. आशीष कुमार और वाणिज्य मंत्रालय में वाणिज्य विभाग के संयुक्त सचिव विमल आनंद ने कार्यक्रम में उपस्थित थे।

प्रगति मैदान में आयोजित कार्यक्रम की थीम विकसित भारत 2047 की दिशा में हमारी सामूहिक यात्रा में एक कदम आगे, भारत का विजन 2047-आकांक्षाओं से कार्यों तक, विषय पर रखी गई थी। कार्यक्रम में मिमोह जैन ने शार्प इंडिया के इनोवेशन और प्रोडक्ट रणनीति के बारे में चर्चा की। जैन ने भारतीय ग्राहकों की अनूठी मांगों को पूरा करने के लिए ब्रांड के संकल्प पर ज़ोर दिया। उन्होंने बताया कि कैसे मेक इन इंडिया पहल ने कंपनी को अपने पोर्टफोलियो के विस्तार करने में प्रेरित किया और ग्राहक को संतुष्टि प्रदान करना ही हमारी प्राथमिकता है।

### शहर कूड़े के ढेर में तब्दील, सड़कें टूटी

# 4 माह से ठप निगम सदन कई बड़ी योजनाएं अटकीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम




इन दिनों गंभीर नागरिक समस्याओं से जूझ रहा है और इसका एक बड़ा कारण पिछले चार माह से नगर निगम सदन का पूरा न होना और बैठकों का अभाव है। इस लापरवाही के चलते शहर कूड़े के ढेरों में तब्दील हो रहा है, जलभराव की समस्या विकराल है, सीवर जाम पड़े हैं और सड़कें टूटी हुई हैं। सदन की बैठकें नहीं होने के कारण शहर की बड़ी योजनाओं पर निगम अधिकारी और पार्षद काम नहीं करवा पा रहे हैं, जिससे नागरिकों में भारी रोष बढ़ रहा है। चुनाव परिणाम आए चार माह बीत जाने के बाद भी मानेसर सहित प्रदेश के नौ निकायों में सीनियर डिप्टी मेयर का चुनाव नहीं हो पाया है।

गुरुग्राम में भी यही स्थिति है, जहां सदन का गठन होने के बावजूद इसकी बैठकें नहीं हो रही हैं। इस कारण लोग निगम अधिकारियों पर तानाशाही का आरोप लगा रहे हैं, क्योंकि जन प्रतिनिधियों की सहमति और निगरानी के बिना महत्वपूर्ण निर्णय नहीं लिए जा रहे हैं और समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है।

लगातार शिकायतों के बावजूद समाधान शून्य शहरवासी लगातार जलभराव, कूड़े के ढेरों, सीवर जाम और टूटी सड़कों जैसी समस्याओं को लेकर शिकायतें कर रहे हैं, लेकिन निगम अधिकारी उनकी समस्याओं पर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। शिकायतों के बाद भी लोगों को कोई राहत नहीं मिल रही है। सदन की बैठकें न होने से इन समस्याओं पर चर्चा और समाधान की कार्ययोजना नहीं बन पा रही है, जिससे शहर की बदहाली बढ़ती जा रही है।

### प्रतिभाओं को उजागर करने की आवश्यकता

# हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद की ओर से भव्य रंगोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद




हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद फरीदाबाद द्वारा एनएच.5 स्थित राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में रंगोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें जिले भर से 40 से अधिक सरकारी स्कूलों के अध्यापक और अध्यापिकाओं ने अपनी प्रतिभा का मंचन किया। कार्यक्रम में विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते हुए उप जिला शिक्षा अधिकारी मनोज मित्तल ने कहा कि प्रकृति ने हर मानव में प्रतिभा का समावेश किया है, लेकिन उसको उजागर करने के लिए मंच की आवश्यकता पड़ती है। इसके लिए हरियाणा सरकार ने शिक्षकों में छुपी हुई प्रतिभा को उजागर करने के लिए रंगोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया है। उन्होंने कहा कि प्रतिभा न तो जीतती है न ही हारती है। प्रतिभा हमेशा जीवंत रहती है, इसे जीवित रखने के लिए हर व्यक्ति को प्रयासरत रहना चाहिए। इस प्रतियोगिता में लोकनृत्य, सांग, क्लासिकल डांस, ड्राइंग प्रतियोगिता जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। इससे पूर्व विभिन्न स्कूलों की अध्यापिकाओं ने लोक गीतों पर नृत्य कर सभी का मन मोह लिया।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | वार्ड नं. 11, एम.सी. रोहतक में गांव बलियाना में सोनीपत रोड साइड और मेन बलियाना अड्डा साइड पर दो अदद स्वागत द्वार का निर्माण + 3 कार्य। | 23.07.2025 04.08.2025 | रु.99,36,126/- | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 xenmcrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/37091/I/88/7 दि. 29.07.25


# लघु, कुटीर एवं मध्यम उद्योग योजनाओं से युवा बन रहे रोजगार सृजनकर्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

मेरा युवा भारत गाजियाबाद द्वारा सरकार की प्रमुख योजनाओं पर आधारित कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मेरा युवा भारत के उपनिदेशक देवेन्द्र कुमार ने कहा कि लघु, कुटीर एवं मध्यम उद्योग योजनाओं से युवा रोजगार सृजनकर्ता बनते हैं।

उपनिदेशक ने कहा कि सरकार की प्रमुख योजनाओं जैसे आयुष्मान भारत, मुद्रा योजना, डिजिटल इंडिया, भारत कौशल मिशन, जल जीवन मिशन, स्टैंड अप इंडिया, पीएम



विश्वकर्मा योजना आदि के विषय में युवाओं को जागरूक करना है, जिससे वे स्वयं और अपने समुदाय में सामाजिक एवं आर्थिक कल्याण के लिए इन योजनाओं का लाभ उठा सकें। स्वास्थ्य विभाग की ओर से सोनू प्रकाश ने आयुष्मान भारत योजना के तहत पात्रता, लाभ और आवेदन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी।

वहीं जिला उद्योग केंद्र के मोहम्मद आतिफ ने सरकार द्वारा चलाई जा रही लघु, कुटीर एवं मध्यम उद्योग योजनाओं से युवा स्वरोजगार स्थापित कर अन्य युवाओं को रोजगार देने पर जोर दिया। राजेश जादौन ने मुद्रा योजना में तीन चरणों में ऋण दिए जाने की जानकारी दी। इसके अतिरिक्त डिजिटल इंडिया और स्टार्टअप इंडिया जैसे अन्य कार्यक्रमों पर भी वक्ताओं ने अपने विचार साझा किए।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 Cr.P.C. देखिए )

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **रहमान पुत्र शाह आलम निवासी एफ–147, गली नं. 7, तीसरा पुस्ता, उस्मानपुर, दिल्ली** ने केस **एफआईआर नं. 25664/2021 अन्तर्गत धारा 379/411 आईपीसी थाना वजीराबाद, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रहमान** मिल नही रहा है, और मुझे सामाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रहमान** फरार हो गया हैं (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि केस **एफआईआर नं. 25664/2021 अन्तर्गत धारा 379/411 आईपीसी थाना वजीराबाद, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **रहमान** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **29.08.2025** को या उससे पहले हाजिर हों।

आदेशानुसार
**चतिन्दर सिंह**
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–07
केन्द्रीय जिला, कमरा नं. 32
तीस हजारी न्यायालय, नई दिल्ली

**DP/9669/N/2025**
**(Court Matter)**

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सुधीर कुमार, पुत्रः देवेंद्र, निवासीः मकान संख्या–1/259, सुभाष नगर, नई दिल्ली** ने **FIR No.: 318/23, U/s: 3/4/9/55 Delhi Gambling Act, पुलिस थाना जनकपुरी, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **सुधीर कुमार** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **सुधीर कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना जनकपुरी, दिल्ली** के अभियुक्त **सुधीर कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 02.09.2025** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री हरजोत सिंह औजला
जेएमएफसी – 11, दक्षिण पश्चिम, कमरा नं. – 05,
द्वारका कोर्ट, दिल्ली

**DP/9934/WD/2025**

# एआई से लैस होगा यूपी का रोड सेफ्टी मॉडल, हादसों पर नियंत्रण और दस्तावेज जांच होगी हाईटेक

उत्तर प्रदेश अब देश का पहला ऐसा राज्य बनने जा रहा है जहां सड़क सुरक्षा के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और बिग डेटा एनालिटिक्स का इस्तेमाल किया जाएगा। केंद्र सरकार के सड़क परिवहन मंत्रालय ने इस पायलट प्रोजेक्ट को हरी झंडी दे दी है।

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

भारत सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग की आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और बिगडाटा एनालिटिक्स आधारित सड़क सुरक्षा पायलट परियोजना को औपचारिक अनापत्ति प्रदान कर दी है। मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि यह पहल मोटर यान अधिनियम 1988 व केंद्रीय मोटर यान नियमावली 1989 का पूर्ण पालन करेगी और केंद्र सरकार पर कोई वित्तीय भार नहीं डालेगी।

## देश का पहला एआई-संचालित सड़क सुरक्षा परीक्षण



देश का पहला एआई-संचालित सड़क सुरक्षा परीक्षण माना जा रहा है, जिसे सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी आईटीआई लिमिटेड व वैश्विक तकनीकी साझेदार एमलॉजिक द्वारा शून्य लागत आधार पर संचालित किया जाएगा। प्रदेश सरकार पहले ही वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में 10 करोड़ रुपए की व्यवस्था कर 'डेटा संचालित प्रशासन मॉडल' की आधारशिला रख चुकी है।

### खास बातें

- सड़क परिवहन मंत्रालय ने इस पायलट प्रोजेक्ट को दी हरी झंडी
- बजट में 10 करोड़ की व्यवस्था कर 'डेटा संचालित प्रशासन मॉडल' की आधारशिला रख चुकी है यूपी सरकार

## नागरिकों को मिलेंगी पारदर्शी, तेज और वैज्ञानिक परिवहन सेवाएं

इस परियोजना का प्रारंभिक प्रूफ ऑफ कॉन्सेप्ट चरण छह सप्ताह का होगा, जिसमें दुर्घटना रिपोर्ट, मौसम, वाहन टेलीमैटिक्स, ड्राइवर प्रोफाइल व सड़क ढांचे से जुड़े डेटा को एकीकृत कर एआई मॉडल तैयार किए जाएंगे। इसका उद्देश्य दुर्घटना के मूल कारणों की पहचान, ब्लैक स्पॉट की भविष्यवाणी और रीयल-टाइम नीति डैशबोर्ड तैयार करना है। पायलट चरण से प्रेरित आंकड़ों और अनुभवों के आधार पर एआई आधारित विश्लेषणिक कोर को विभाग की अन्य डिजिटल सेवाओं में समाहित किया जाएगा। इसे फेसलेस ड्राइविंग लाइसेंस व परमिट प्रक्रिया से जोड़ा जाएगा, जहां आवेदनस्वीकृतिप्रिंटिंग की पूरी श्रृंखला स्वचालित निर्णयमॉडल से संचालित होगी। इसके बाद प्रवर्तन तंत्र में वास्तविकसमय धोखाधड़ी पहचान, वाहनस्थिति मानचित्रण और उल्लंघनप्रवृत्ति के पूर्वानुमान जैसे मॉड्यूल जोड़कर चालाननिर्गम और मौके पर ही कार्रवाई को अधिक वैज्ञानिक बनाया जाएगा। एआई इंजन राजस्व प्रशासन, ईचालान वसूली और वाहन सारथी डेटाबेस की पारस्परिक क्रियाविधि को सशक्त करेगा, जिससे करदेयता, शुल्क अदायगी और दस्तावेज़ वैधता पर स्वचालित अलर्ट और जोखिमस्कोर उत्पन्न हो। इस एकीकरण से विभाग को समग्र डिजिटल चित्र-आय, उल्लंघन, दस्तावेज स्थिति-एक ही डैशबोर्ड पर प्राप्त होगी, जो नीतिनिर्णय, संसाधन आवंटन और सार्वजनिक पारदर्शिता को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा तथा उत्तर प्रदेश को परिवहनतकनीक के क्षेत्र में देश का अग्रदूत बनाने के लक्ष्य को साकार करेगा।

## खबर संक्षेप

### बेल देने के लिए मांग रही थी ब्रांडेड ड्रेस

**मोतिहारी।** यहां एक महिला दारोगा के कारनामे से पुलिस डिपार्टमेंट शर्मसार हो गया है।



एसपी स्वर्ण प्रभात ने घूस मांगने की आरोपी दारोगा को सस्पेंड कर दिया है। दारोगा आभा कुमारी एक अभियुक्त से बेल देने के नाम पर ब्रांडेड कपड़े और मोटी रकम की मांग कर रही थी। अनर्गल मांग का ऑडियो क्लिप वायरल हो रहा है।

### दफ्तर में पिटते रहे सचिव भाग खड़े हुए कर्मचारी

**मुरादाबाद।** यहां मंडी समिति परिसर में अतिक्रमण हटाने की कवायद में लगे सचिव संजीव



कुमार के साथ जमकर मारपीट की गई। उपद्रवियों ने सीसीटीवी कैमरे क्षतिग्रस्त कर डीवीडी भी कब्जे में ले ली। आरोप है कि भाजपा के नगर विधायक रितेश गुप्ता के साथ मंडी परिसर पहुंचे समर्थकों ने वारदात को अंजाम दिया। सचिव ने तहरीर दी है।

## सीएम हाईलेवल बैठक में बोले- विधायकों के प्रस्तावों पर प्राथमिकता से होंगे कार्य

# 6700 करोड़ रुपए की मेगा प्रोजेक्ट्स को मिली हरी झंडी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज में विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक की। 6700 करोड़ रुपए की लागत से नए निर्माण और मरम्मत कार्य होंगे। सभी कार्य 15 सितंबर 2025 के बाद शुरू होंगे

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

यूपी में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और भविष्य की योजनाओं को धरातल पर लाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगातार एक्शन मोड में हैं। जिसको लेकर मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज के सर्किट हाउस में विंध्याचल और प्रयागराज मंडल की विकास योजनाओं को लेकर समीक्षा बैठक की। इस बैठक में खासतौर पर लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत चल रहे और प्रस्तावित विकास कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक के दौरान कई अहम फैसले लिए गए जिनका सीधा असर इलाके के आधारभूत ढांचे और सड़क व्यवस्था पर होगा।

### खास बातें

- सभी निर्माण कार्य 15 सितंबर 2025 के बाद शुरू होंगे
- मुख्यमंत्री योगी ने विधायकों से सुझाव और प्रस्ताव लिए

## कई बड़े प्रोजेक्ट्स पर हुई गहन चर्चा



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समीक्षा के दौरान लोक निर्माण विभाग की एक किलोमीटर से ज्यादा लंबी सड़कों की कार्य योजना पर विशेष ध्यान दिया। बैठक में एमडीआर (मेजर डिस्ट्रिक्ट रोड), ओडीआर (अन्य जिला मार्ग), लिंक रोड, धर्म मार्ग और स्टेट हाइवे जैसे मार्गों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। इन सभी सड़कों के निर्माण और मरम्मत के लिए प्रस्तावित योजनाओं का आकलन किया गया।

### करोड़ों की लागत से होंगे नए कार्य

पूर्व मंत्री और भाजपा विधायक सिद्धार्थ नाथ सिंह ने जानकारी दी कि प्रयागराज जिले में कुल 1700 प्रस्ताव लिए गए हैं। इनमें 6700 करोड़ रुपए की लागत से नए निर्माण और मरम्मत के कार्य किए जाने हैं। उन्होंने यह भी कहा कि महाकुंभ के समय प्रयागराज में पहले ही काफी विकास हुआ था, लेकिन अब और नए प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दी गई है ताकि शहर की सड़कों को और बेहतर किया जा सके।

### नगर विकास और पर्यटन योजना के प्रस्ताव अधिकारियों को भी सौंपे

*बैठक में सीएम योगी ने कहा कि अगर किसी विधायक के कुछ प्रस्ताव छूट गए हैं तो वे दोबारा प्राथमिकता तय कर उन्हें भेज सकते हैं। उन्होंने सभी विधायकों को आश्वासन दिया कि उनके भेजे गए सभी प्रस्तावों को मंजूरी दी जाएगी। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने कहा कि नगर विकास और पर्यटन विभाग से संबंधित योजनाओं के प्रस्ताव भी विधायकों को अधिकारियों को सौंपने चाहिए।*

### 15 सितंबर के बाद शुरू होंगे सभी कार्य

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी प्रस्तावित कार्यों को 15 सितंबर 2025 के बाद शुरू करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में हाईकोर्ट के पास स्थित पानी की टंकी के पास बने पुराने और जर्जर रेलवे फ्लाईओवर की मरम्मत को लेकर भी निर्णय लिया गया। इस फ्लाईओवर के निर्माण पर करीब 80 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे और इसका कार्य जल्द शुरू होगा।

## सीएम नीतीश कुमार पर चिराग पासवान के सुर बदले

# पहले समर्थन पर दुख अब लीडरशिप पर लगाई मुहर



एजेंसी ▶▶ पटना

केंद्रीय फूड प्रोसेसिंग मंत्री सह लोजपा रामविलास के सुप्रीमो चिराग पासवान ने कहा है कि एनडीए बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व में चुनाव लड़ेगा। गठबंधन ऐतिहासिक जीत की ओर बढ़ रहा है। चुनाव जीतने के बाद नीतीश कुमार ही मुख्यमंत्री बनेंगे। इससे पहले चिराग पासवान ने बिहार की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा था कि दुख है कि ऐसी सरकार को समर्थन दे रहा। चिराग के बयान पर जमकर राजनीति हुई।

### बगावत नहीं बल्कि बिहार के लिए चिंता

मीडिया से बात करते हुए चिराग पासवान ने कहा कि मेरे शब्दों में बगावत नहीं बल्कि बिहार के लिए चिंता है। कुछ लोग इस पर राजनीति कर एनडीए को कमजोर करना चाहते हैं तो उन्हें सफलता नहीं मिलेगी। एनडीए के सभी दल चट्टानी एकता के साथ एकजुट हैं। उन्होंने कहा कि अगर सरकार में कुछ चिंताजनक बात है तो हम लोग चर्चा करें इस सोच के साथ काम करते हैं। बतौर सहयोगी यह मेरी जिम्मेदारी है। जो लोग साजिश करते हैं कि एनडीए को कमजोर कर अपनी राजनैतिक रोटी सेक लेंगे तो वे भ्रम में ना रहें। मैं 2020 में अकेले चुनाव लड़ा था लेकिन विपक्ष अब जीत नहीं सकता। विपक्ष चाहता है कि अगर गठबंधन का कोई सहयोगी अलग हो जाए तो उन्हें कुछ लाभ मिले तो यह होने वाला नहीं है।

### ऐतिहासिक जीत की ओर बढ़ रहा एनडीए

चिराग पासवान ने कहा कि सीएम नीतीश कुमार के नेतृत्व में हम लोग चुनाव लड़ रहे हैं। परिणाम आने के बाद एक बार फिर वे सीएम बनने जा रहे हैं। एनडीए एक ऐतिहासिक जीत की ओर बढ़ रहा है। मेरे शब्दों में जो बगावत देखना चाहते हैं वे स्पष्ट हो लें कि बिहारी और सहयोगी होने के कारण वे मेरी चिंताएं हैं। उनका समाधान निकालना हम सब की कलेक्टिव जिम्मेदारी है।

## पेज एक का शेष

### मोदी बोले ऑपरेशन सिंदूर...

यहां भारत का पक्ष रखने और उन लोगों को आईना दिखाने के लिए खड़ा हूं, जो इसे नहीं समझते। मैंने कहा था कि हम आतंकवादियों और उनके आकाओं को ऐसा करारा सबक सिखाएंगे, जो उनकी कल्पना से भी परे होगा। उन्होंने आगे कहा, हमें अपने सशस्त्र बलों की क्षमताओं पर पूरा भरोसा है और उन्हें जवाब देने की पूरी छूट दी गई थी। सशस्त्र बलों ने उन्हें ऐसा सबक सिखाया कि आतंकवाद के आकाओं की आज भी नींद उड़ी हुई है। पहलगाम हमले और ऑपरेशन सिंदूर पर लोकसभा में दो दिवसीय बहस का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की ओर से की गई जवाबी कार्रवाई के बाद पाकिस्तानी एयरबेस अभी भी आईसीयू में हैं। 22 अप्रैल के आतंकवादी हमले के मास्टरमाइंडों की नींदें उड़ी हुई है। दुनिया के किसी भी देश ने भारत को आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई करने से नहीं रोका है। संयुक्त राष्ट्र में सिर्फ तीन देशों ने पाकिस्तान के पक्ष में बात की। मोदी ने कहा कि हमारे ऑपरेशन सिंदूर से लेकर सिंधु (सिंधु जल संधि) तक... पाकिस्तान ने मुंह की खाई है। पाकिस्तान जानता है कि उसे किसी भी दुस्साहस की भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। पहले भी आतंकी हमले हुए थे। हमलों के मास्टरमाइंड जानते थे कि कुछ नहीं होगा, लेकिन अब उन्हें पता है कि भारत उन पर हमला करेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत में बने ड्रोन और मिसाइलों ने सैन्य अभियान के दौरान पाकिस्तानी हथियारों और गोला-बारूद की क्षमताओं को उजागर कर दिया। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दुनिया ने आत्मनिर्भर भारत की ताकत देखी। उन्होंने कहा, 'हमने 22 अप्रैल के पहलगाम हमले का बदला लेने के लिए 22 मिनट के अंदर पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को तबाह कर दिया।'

### भारत में दंगे फैलाने...

आशीर्वाद दिया, देश की जनता का मुझ पर कर्ज है। मैं देशवासियों का आभार व्यक्त करता हूं, मैं देशवासियों का अभिनंदन करता हूं। मोदी ने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि मैं इस सदन के समक्ष भारत का पक्ष रखने के लिए यहां खड़ा हूं। जो लोग भारत का पक्ष नहीं देख पा रहे हैं, मैं उन्हें आईना दिखाने के लिए यहां खड़ा हूं।

### राहुल बोले, पीएम मोदी ने अपनी...

का नुकसान नहीं होता। कांग्रेस नेता ने कहा कि नुकसान के लिए भारतीय वायुसेना जिम्मेदार नहीं है, बल्कि राजनीतिक नेतृत्व जिम्मेदार है, जिसने पायलटों के हाथ बांध दिए थे। नेता प्रतिपक्ष ने कहा, 'अमेरिकी राष्ट्रपति ने 29 बार कहा है कि उन्होंने युद्धविराम कराया है। अगर वह (ट्रंप) गलत हैं तो प्रधानमंत्री यहां सदन में कहें कि ट्रंप असत्य बोल रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहलगाम में निर्मम और बर्बर हमला किया गया, जिसकी साजिश पाकिस्तान से रची गई थी। उन्होंने कहा, 'इस सदन के हर व्यक्ति ने पाकिस्तान की निंदा की। ऑपरेशन सिंदूर के शुरू होते ही सभी विपक्षी दलों ने फैसला किया कि हम अपने सशस्त्र बलों और भारत की निर्वाचित सरकार के साथ चट्टान की तरह खड़े रहेंगे।' राहुल गांधी ने कहा, 'कल मैंने राजनाथ जी का भाषण सुना। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर (6-7 मई की मध्यरात्रि) देर रात 1:05 बजे शुरू हुआ और 22 मिनट तक चला। उन्होंने एक बेहद चौंकाने वाली बात कही कि 1:35 बजे हमने पाकिस्तान को फोन किया और उन्हें बताया कि हमने असैन्य ठिकानों पर हमला किया है और हम तनाव नहीं बढ़ाना चाहते। ये बयान भारत के रक्षामंत्री ने दिया है।' राहुल गांधी ने संसद में भी कहा कि मोदी सरकार ने पाकिस्तान के आगे सरेंडर कर दिया। उन्होंने कहा, 'देर रात 1:35 बजे भारत सरकार की ओर से भारत के डीजीएमओ को युद्धविराम के लिए कहा गया। आपने पाकिस्तान को बता दिया कि आप क्या करेंगे? आपने उन्हें बता दिया कि आप सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना नहीं बनाएंगे और आप तनाव नहीं बढ़ाना चाहते।' कांग्रेस नेता ने दावा किया कि सिर्फ 30 मिनट में समर्पण कर दिया गया। उन्होंने दावा किया, 'इसका मतलब यह है कि आप पाकिस्तान में गए और उस पर हमला किया और फिर आपने हमारे पायलटों से कहा कि वे पड़ोसी देश की वायु रक्षा प्रणाली पर हमला न करें, यानी आपने उन्हें (पायलटों को) उनकी (पाकिस्तान की) वायु रक्षा प्रणाली का सामना करने के लिए कहा, जबकि उनके हाथ बंधे थे।' कांग्रेस नेता ने कहा कि यह बात राजनाथ जी ने संसद में कही है। राहुल गांधी ने कहा कि उनकी दादी इंदिरा गांधी ने बतौर प्रधानमंत्री बहुत हिम्मत दिखाई थी। राहुल बोले, 'राजनाथ सिंह जी ने अपने भाषण में 1971 और 'ऑपरेशन सिंदूर' की तुलना की। मैं उनको याद दिलाना चाहता हूं कि 1971 में राजनीतिक इच्छाशक्ति थी। अमेरिका का सातवां बेड़ा आ रहा था, लेकिन उस समय की प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी जी ने कहा कि हमें बांग्लादेश में जो करना है, हम करेंगे।' राहुल गांधी ने सरकार पर कूटनीतिक विफलता का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, 'पहलगाम आतंकी हमले के पीछे का शख्स पाकिस्तानी जनरल आसिम मुनीर है। हाल ही में उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ दोपहर के भोज पर मुलाकात थी। प्रधानमंत्री मोदी ने कुछ नहीं कहा। उन्होंने (मोदी ने) यह नहीं कहा कि ट्रंप ने उन्हें (मुनीर को) अपने कार्यालय में आमंत्रित करने की हिम्मत कैसे की?' राहुल गांधी ने कहा, 'एक नया शब्द चला है- 'न्यू नॉर्मल'। विदेश मंत्री ने अपने भाषण में कहा कि सभी देशों ने आतंकवाद की निंदा की। ये सच है कि कई देशों ने आतंकवाद की निंदा की, लेकिन उन्होंने यह नहीं बताया कि पहलगाम के बाद एक भी देश ने पाकिस्तान की निंदा नहीं की।' उन्होंने कहा, 'इसका मतलब है कि दुनिया, भारत को पाकिस्तान के साथ एक तराजू में रख रही है, जबकि संप्रग सरकार के समय आतंकवाद को बढ़ावा देने के लिए पूरी दुनिया पाकिस्तान की निंदा करती थी।' कांग्रेस नेता ने दावा किया, 'मुद्दा यह है कि अब हम अपने सामने चीनी-पाकिस्तानी गठजोड़ का सामना कर रहे हैं। यह बहुत खतरनाक समय है और हम ऐसे प्रधानमंत्री को बर्दाश्त नहीं कर सकते जिनमें सेना का प्रभावी ढंग से उपयोग करने का साहस नहीं है।' उन्होंने कहा, 'हम ऐसे प्रधानमंत्री को बर्दाश्त नहीं कर सकते जिनमें यह कहने की हिम्मत नहीं है कि डोनाल्ड ट्रंप असत्य बोल रहे हैं।' राहुल गांधी ने इस बात पर जोर दिया, 'हमें ऐसे प्रधानमंत्री की जरूरत है जो सेना और वायुसेना को सशक्त बनाए, उन्हें कार्य करने की आजादी दे और कहे कि उसी तरह 'काम खत्म करो' जैसे इंदिरा गांधी ने किया था।'

### पहलगाम के गुनहगार तीनों...

जानकारी सदन के माध्यम से देश के साथ साझा की। साथ ही विपक्ष के आरोपों का भी मजबूती के साथ जवाब दिया। हमले के पीड़ित परिवारों को गृहमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए उन लोगों को मारा जिन्होंने आतंकियों को भेजा था और ऑपरेशन महादेव से जो आतंकी भेजे गए थे उनका काम भी तमाम कर दिया है। जिसे पाकिस्तान लंबे वक्त तक याद रखेगा। गौरतलब है कि पहलगाम के हमले में आतंकियों ने कुल 26 निर्दोष लोगों की उनका धर्म पूछकर बेहद निर्ममता के साथ हत्या कर दी थी। इनमें से ज्यादातर लोग पर्यटक थे और पहलगाम घूमने के लिए गए थे। मृतकों में 25 भारतीय और 1 नेपाल का रहने वाला नागरिक था।

**कांग्रेस को जमकर सुनाई खरी-खोटी :** गृहमंत्री ने अपने संबोधन में विपक्ष द्वारा पूछे गए सवालों के भी जवाब दिए। जिसमें उन्होंने मुख्य रूप से कांग्रेस और उसके शीर्ष नेताओं को आड़े हाथों लिया और कहा कि ये लोग कहते हैं कि पहलगाम हमले के बाद सरकार से वहां कोई नहीं गया। केवल राहुल गांधी गए थे। जबकि मैं हमले वाले दिन ही शाम के वक्त ही श्रीनगर में उतर चुका था। शाह ने विपक्षी दल पर तंज कसते हुए कहा कि पता नहीं ये लोग देखने के लिए किस चश्मे का इस्तेमाल करते हैं। यह बेहद चौंकाने वाला है कि आतंकियों के मारे जाने पर भी विपक्ष खुश नहीं है। बल्कि इनके चेहरे पर स्याही पड़ गई है। यह कैसी राजनीति है?

**क्या चिदंबरम पाक को क्लीन चिट दे रहे हैं :** उन्होंने पूर्व गृह मंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी.चिदंबरम के वास्तव में आतंकियों के पाकिस्तान से आने वाले सवाल को लेकर दो टूक अंदाज में कहा कि इस सवाल से क्या चिदंबरम पाकिस्तान को बचाना चाहते हैं? उसे बचाकर आपको क्या मिलेगा? मैं यहां सदन में ये स्पष्ट करना चाहता हूं कि हमारे पास सबूत हैं कि यह तीनों आतंकी पाकिस्तान के ही थे। जिसमें दो के वोटर नंबर हमारे पास मौजूद हैं। इसके अलावा इनके पास से मिली राइफलें और खाने-पीने के सामान जैसे चॉकलेट से भी इस बात की पुष्टि होती है ये सभी चीजें पाकिस्तान में ही बनी हुई हैं। बावजूद इसके ये कहते हैं कि आतंकी पाकिस्तान के नहीं थे। इसका मतलब ये है कि पूरी दुनिया के सामने इस देश का पूर्व गृह मंत्री पाकिस्तान को क्लीन चिट दे रहा है। उनका ये कथन भारत द्वारा पाकिस्तान के खिलाफ की गई ऑपरेशन सिंदूर की सैन्य कार्रवाई पर सवालिया निशान लगाने के समान है। जबकि दूसरी ओर जब इस अभियान के बाद पूरी दुनिया में हमारे संसद सदस्य गए थे तो संपूर्ण विश्व ने ये माना था कि पहलगाम का हमला पाकिस्तान ने किया था। ऐसे में पूर्व गृहमंत्री का सबूत मांगने ही हैं तो मुझसे मांगे। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि पाकिस्तान को बचाने का यह षडयंत्र देश की 140 करोड़ जनता समझ रही है। आप लोग बच नहीं पाओगे।

**सरकार के हाथ में बेलिस्टिक रिपोर्ट :** अमित शाह ने बताया कि जैसे ही लश्कर के छद्म आतंकी संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने पहलगाम हमले की जिम्मेदारी ली। हमने जांच एनआईए को सौंप दी थी। एजेंसी ने इतनी व्यापक जांच की है कि कोई भी उसकी सच्चाई को झुठला नहीं सकता है। ऑपरेशन महादेव में जो तीन आतंकी मारे गए हैं, उनके पास से तीन राइफलें पकड़ी गई हैं। 2 एके-47 और एक ए-9 अमेरिकन राइफल (कार्बाइन) है। यह बात मैं हवा हवाई नहीं कह रहा हूं। मेरे हाथ में 6 वैज्ञानिकों द्वारा पुष्टि वाली बेलिस्टिक रिपोर्ट है। राइफल में प्रयोग की गई गोलियों के बारे में प्रयोगशाला ने मुझे आज सुबह तड़के 4 बजकर 46 मिनट पर वीडियो कॉल के जरिए जानकारी दी थी। तीनों राइफलों को बीते 28 जुलाई को ही विशेष विमान से चंडीगढ़ की एफएसएल प्रयोगशाला पहुंचाया गया था। पूरी रात इसके दो खोके तैयार किए गए, जब ये बाहर निकले। तब राइफलों से इनका मिलान किया गया। जिसके बाद ये पुष्टि हो गई कि इन्हीं 3 राइफलों से हमारे निर्दोष नागरिकों की हत्या की गई है। वहीं, मारे गए आतंकियों की पहचान के लिए उन लोगों से भी एनआईए ने शवों की शिनाख्त कराई। जिन्होंने इन्हें आश्रय (खाना पहुंचाते थे) दिया था। शवों के श्रीनगर पहुंचते ही बशीर और परवेज नामक दो लोगों और इनकी माताओं से पहचान कराई गई। सभी ने ये पहचाना कि यह तीनों लोग ही पहलगाम हमले के जिम्मेदार थे। घटनास्थल से जो कारतूस मिले हैं, उनकी एफएसएल रिपोर्ट भी हमारे पास है।

**1055 लोगों से की लंबी पूछताछ :** तीनों आतंकियों तक पहुंचने के लिए कुल 1 हजार 55 लोगों से 3 हजार घंटे से अधिक की पूछताछ की गई। जिसमें मृतकों के परिजन, इलाके में आने-जाने वाले पर्यटक, खच्चर-पौनी वाले, फोटोग्राफर, दुकानदार शामिल हैं। बातचीत की इस वृहद प्रक्रिया के बाद आतंकियों के मददगारों के स्केच तैयार किए गए। फिर 22 जून को एक बशीर और परवेज की पहचान की गई। जिन्होंने आतंकियों को अपने यहां शरण दी थी। दोनों को एनआईए ने गिरफ्तार किया और उसके बाद उन्होंने ये खुलासा किया कि पहलगाम हमले से ठीक एक दिन पहले 21 अप्रैल को रात करीब 8 बजे तीनों आतंकवादी बैरसरन से करीब दो किलोमीटर दूर परवेज के घर आए थे। उनके पास एके-47 और एम-9 कार्बाइन थी। दो आतंकियों ने काली पोशाक पहनी थी और एक छद्म वेश में था। इन लोगों ने परवेज के पास खाना खाया, चाय पी और निकलते वक्त कुछ खाना और मसाले लेकर चले गए।

### सफलता के पीछे दो ...

और क्षेत्र में अल्ट्रा सिग्नल कैप्चर करने के लिए बनाए गए तमाम उपकरणों की मदद से आईबी और सेना ने अपने प्रयासों (मई से 22 जुलाई तक) को युद्धस्तर पर जारी रखा। ठंड में जम्मू-कश्मीर में इनके सिग्नल को प्राप्त करने के लिए सेना, आईबी और सीआरपीएफ के अधिकारी घूमते रहे। आखिरकार 22 जुलाई को हमें सफलता मिली और सेंसर के जरिए आतंकवादियों के होने की पुष्टि हुई। फिर ऑपरेशन महादेव के जरिए तीनों आतंकियों को मार गिराया गया।

### बिहार में वोटर ...

अगली सुनवाई 12 और 13 अगस्त को : सुप्रीम कोर्ट ने सभी पक्षों को 8 अगस्त तक अपने लिखित पक्ष दाखिल करने को कहा है और अगली सुनवाई की तारीख 12 और 13 अगस्त तय की है। कोर्ट ने यह भी कहा कि तब तक वह पूरे मामले की व्यापक समीक्षा करेगा।

विपक्ष की प्रतिक्रिया : कांग्रेस और राजद जैसे विपक्षी दलों ने कोर्ट के निर्देश को लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा की दिशा में सकारात्मक कदम बताया है। वहीं भाजपा ने कहा कि यह फैसला स्पष्ट करता है कि चुनाव आयोग की समूची प्रक्रिया पारदर्शी है और किसी के साथ अन्याय नहीं होगा।

### 10 किलोग्राम सोना...

मिली। महेश ने बताया कि हिंदूपुर मंडल की थुमुकुंटा एसबीआई शाखा से 38 लाख रुपए नकद और 10 किलोग्राम सोना चोरी हो गया। अधिकारी के अनुसार, संदेह है कि चोर बैंक में करीब दो घंटे रहे। महेश के अनुसार बैंक की सीसीटीवी फुटेज में एक व्यक्ति बैंक में आता दिख रहा है। बाद में किसी ने निगरानी फुटेज प्रणाली को तोड़ दिया और पुलिस को संदेह है कि अन्य लोग बाद में आए होंगे। महेश ने बताया कि बैंक में एक बड़ी खिड़की है और सुरक्षा व्यवस्था बहुत कम है। पिछले चार साल से वहां कोई चौकीदार नहीं है। उस खिड़की में दो-तीन ग्रिल हैं, जिन्हें आप आसानी से मोड़ सकते हैं, यहां तक कि ये हाथों से भी मोड़ी जा सकती है। पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी है।

### छग में गिरफ्तार ननों का...

वयस्क थीं और अपनी इच्छा से सिस्टर्स के साथ आई थीं। हालांकि, अनजाने में एक प्रक्रियागत चूक हुई। वे छत्तीसगढ़ निजी प्लेसमेंट एजेंसी (विनियमन) नियम, 2014 के तहत इस मार्ग को पंजीकृत करना भूल गए। ये गिरफ्तारियाँ पूरी तरह से गलतफहमी और गलत सूचना का परिणाम हैं। उन्होंने कहा कि ये बहनें जबरन धर्मांतरण और मानव तस्करी के आरोपों से पूरी तरह निर्दोष हैं। राज्य (केरल) भाजपा ननों के साथ है और उनकी स्वतंत्रता सुनिश्चित करेगी और उन्हें अपनी बेगुनाही साबित करने में मदद करेगी, उन्होंने आगे कहा। उन्होंने कहा कि मैं समझता हूँ कि उन्होंने आवश्यक पोर्टल पर पंजीकरण नहीं कराया है। लेकिन यह निश्चित रूप से तस्करी या धर्मांतरण का मामला नहीं है। चंद्रशेखर ने यह भी कहा कि केरल भाजपा ने सक्रिय कदम उठाए हैं और राज्य महासचिव अनूप एंटनी गिरफ्तार ननों को कानूनी और रसद सहायता प्रदान करने के लिए पहले ही छत्तीसगढ़ पहुँच चुके हैं। हम यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि गिरफ्तार ननों को न्याय दिलाने के लिए हर संभव सहायता प्रदान की जाए। भाजपा ननों की रिहाई और न्याय मिलने तक उनके साथ खड़ी रहेगी। ज्ञात हो कि चंद्रशेखर द्वारा इन गिरफ्तारियों की निंदा केरल में भाजपा की चर्च नेताओं के साथ-साथ सत्तारूढ़ मोर्चे और विपक्ष की कड़ी आलोचना के बाद आई है। इन गिरफ्तारियों से केरल में भाजपा के राजनीतिक कार्यक्रम के पटरी से उतरने का भी खतरा है, जिसका उद्देश्य इस साल के अंत में होने वाले स्थानीय निकाय चुनावों और 2026 में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले चुनावी रूप से महत्वपूर्ण ईसाई समुदाय को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के पाले में लाना है।

### नहीं हुई यमन में भारतीय...

मौत की सजा पर है। राजधानी सना (यमन) में हूती विद्रोहियों द्वारा उसकी इस सजा को रद्द कर दिया गया है। बताते चलें कि कंथापुरम एपी की तरफ से यह दावा निमिषा प्रिया को यमन की शीर्ष अदालत द्वारा सुनाई गई इसी महीने 16 जुलाई को होने वाली फांसी को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित करने के कुछ दिनों के बाद किया गया है।

**मित्र देशों के संपर्क में भारत :** गौरतलब है कि पूर्व में विदेश मंत्रालय ने निमिषा प्रिया के मामले पर टिप्पणी करते हुए कहा था कि यह एक संवेदनशील मामला है। जिसमें भारत की सरकार हर संभव मदद मुहैया करा रही है। हमने मित्र देशों से भी संपर्क कायम किया है। साथ ही निमिषा प्रिया के परिवार को कानूनी सहायता प्रदान की है और उनके लिए एक वकील भी नियुक्त किया है। नियमित काउंसलर मुलाकात की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा यमन में स्थानीय अधिकारियों और परिवार के सदस्यों के संपर्क में भी हम बने हुए हैं। ताकि इस समस्या का समाधान निकाला जा सके। मामले पर भारत की कड़ी नजर है। मंत्रालय के मुताबिक, बीते दिनों में इस बात का तेजी के साथ प्रयास किया गया कि परिवार को और समय मिल सके। जिससे दूसरे पक्ष के साथ आपसी सहमति से इस समस्या का हल निकाला जा सके। यहां पर मित्र देशों में संभवतः ईरान और सऊदी अरब जैसे देश शामिल हो सकते हैं, जिनके साथ भारत संपर्क में बना हुआ है।

**यूएई में 25 भारतीयों को मिली मौत की सजा :** मौजूदा वर्ष 2025 में विदेश मंत्रालय ने संसद में बताया था कि दुनिया के 8 देशों में 49 भारतीयों को मौत की सजा सुनाई गई है। जिनमें सबसे ज्यादा संयुक्त अरब अमीरात यानी यूएई में 25 भारतीय नागरिक सजा-ए-मौत दी गई है। सऊदी अरब में यह आंकड़ा 11, मलेशिया में 6, कुवैत 3, इंडोनेशिया, कतर, अमेरिका और यमन में क्रमशः एक-एक भारतीय व्यक्ति को मौत की सजा दी गई है। वहीं, दूसरी ओर अलग-अलग मामलों में विदेशी जेलों में बंद भारतीयों की संख्या की बात करें तो यह आंकड़ा कुल करीब 10 हजार 152 पर पहुंचता है।

### आज से जापान की चार...

जापान की मैरीटाइम सेल्फ डिफेंस फोर्स के प्रमुख यानी चीफ ऑफ स्टाफ एडमिरल अकीरा शामिल होंगे।

**रक्षा सहयोग के ईद-गिर्द घूमेगी बातचीत :** मंत्रालय ने कहा कि एडमिरल त्रिपाठी की जापान में होने वाली तमाम बैठकों में जो चर्चा होगी। वह मुख्यतः रक्षा सहयोग और उससे जुड़े हुए विभिन्न आयामों के आसपास ही केंद्रित रहेगी। इसमें समुद्री सुरक्षा, तकनीकी सहयोग और नौसैन्य सामंजस्य और अंतर-संचालनीयता को मजबूती के साथ बढ़ावा देने के लिए नए क्षेत्रों या आयामों की पहचान भी शामिल है। भारतीय नौसेनाप्रमुख अपनी जापान यात्रा के दौरान जापानी नौसेना की फुनाकोशी जेएमएसडीएफ बेस पर तैनात एक यूनिट का दौरा करेंगे। जहां पर उनकी मुलाकात बेस के कमांडर-इन-चीफ से होगी।

**साझा समुद्री हितों को बढ़ावा मिलेगा :** नौसेनाप्रमुख की इस यात्रा से दोनों देशों के मित्रवत संबंधों को और अधिक बढ़ावा मिलेगा, रक्षा सहयोग को भी नई ऊंचाई प्रदान की जा सकेगी। साथ ही प्रमुख क्षेत्रों में साझा रणनीतिक और समुद्री हितों के मामले में आपसी समझ भी बढ़ेगी। एडमिरल त्रिपाठी की यह जापान यात्रा आपसी सम्मान, विश्वास और हिंद-प्रशांत के इलाके में शांति और स्थिरता के साझा विजन के साथ ही दोनों देशों द्वारा समय-समय पर परखी गई मित्रता के प्रति प्रतिबद्धता की भी पुष्टि करेगी।

### 10 वर्षों में फसलों का उत्पादन...

छह उपाय किए गए हैं। पहला– सरकार ने उत्पादन बढ़ाने का फैसला किया है। दूसरा– आय बढ़ाने के लिए लागत कम करना। तीसरा– उत्पादन के ठीक दाम सुनिश्चित करना। चौथा– नुकसान की स्थिति में उचित मुआवजे की व्यवस्था। पांचवां– कृषि का विविधीकरण, केवल एक फसल की खेती नहीं, बल्कि फलों, फूलों, सब्जियों, औषधियों की खेती, कृषि वानिकी, मछली पालन, पशुपालन, अलग-अलग प्रयत्नों को बढ़ावा देना और छठा– प्राकृतिक खेती और संतुलित उर्वरकों के प्रयोग के साथ भावी पीढ़ी के लिए धरती को सुरक्षित रखना। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में फसलों का उत्पादन 246.42 मिलियन टन से बढ़कर अब 353.96 मिलियन टन हो गया है। दलहन उत्पादन 16.38 मिलियन टन से बढ़कर 25.24 मिलियन टन हो गया, वहीं तिलहन उत्पादन, 27.51 मिलियन टन से बढ़कर 42.61 मिलियन टन हो गया है। बागवानी उत्पादन 280.70 मिलियन टन से बढ़कर 367.72 मिलियन टन हो गया है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि किसानों द्वारा ही दूध का उत्पादन किया जा रहा है और इसमें काफी बढ़ोतरी हुई है। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि जहां तक किसानों की आय का सवाल है, मैं दावे के साथ कहता हूं कि कई किसानों की आय दोगुनी से भी ज़्यादा हो गई है। पूर्व यूपीए सरकार में कृषि बजट 27 हजार करोड़ रुपये था, जो बढ़कर अब 1 लाख 27 हजार करोड़ रुपये हो गया है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि पहले थी ही नहीं और अब 10 करोड़ किसानों को किसान सम्मान निधि से लाभान्वित किया जा रहा है। हमें अपने प्रधानमंत्री के नेतृत्व पर गर्व है। उन्होंने कहा कि लगभग 2 लाख करोड़ रुपये उर्वरकों पर केंद्र सरकार सब्सिडी दे रही है। पूर्व सरकार में केसीसी और बाकी संस्थागत लोन की राशि मात्र 7 लाख करोड़ रुपये थी, जो अब बढ़कर 25 लाख करोड़ रुपये हो गई है। 'फसल बीमा योजना' में केंद्र सरकार ने 35 हजार करोड़ रुपये प्रीमियम के मुक़ाबले 1 लाख 83 हजार करोड़ रुपये क्लेम किसानों के खाते में डालने का काम किया है। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों की आय बढ़ाने के लिए मैकेनाइजेशन पर सब्सिडी दे रही है। "पर ड्रॉप-मोर क्रॉप" पर किसानों को ड्रिप और स्प्रिंकलर दिए जा रहे हैं। पॉलीहाउस, ग्रीनहाउस टेक्नॉलाजी, फल-सब्जियों के उत्पादन से लेकर बाकी सभी चीजों में उत्पादन बढ़ाने के प्रयास और ठीक ढंग से ख़रीदने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसानों की आय बढ़े, इसलिए सरकार ने फैसला किया कि लागत में कम से कम 50 प्रतिशत मुनाफ़ा जोड़कर किसानों को एमएसपी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि फिलहाल व्यापक पैमाने पर एमएसपी पर फसलों की खरीद हो रही। नुकसान की भरपाई की जा रही है। यूरिया, डीएपी, बाकी उर्वरक, सब्सिडी पर उपलब्ध करवाए जा रहे हैं, जिससे किसानों की आय निरंतर बढ़ रही है। कई योजनाएं उन किसानों के लिए चलाई जाती है, जिनके पास कम लैंड होल्डिंग होती है। केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि अब क्रॉप कटिंग एक्सपेरिमेंट की दिक्कतें दूर कर यसटेक (प्रौद्योगिकी आधारित उपज अनुमान) प्रणाली अपनाई गई है, सैटेलाइट आधारित रिमोट सेन्सिंग के माध्यम से फसल का आंकलन करने की व्यवस्था की गई है, इससे पारदर्शी व्यवस्था को बल मिलेगा। अब डिजिटल माध्यम से फसल की क्षति का आंकलन हो सकेगा, जिसके आधार पर पूरी भरपाई किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत की जाएगी।


### कांवड़ियों की बस ट्रक...

कि मेरे लोकसभा के देवघर में श्रावण मास में कांवर यात्रा के दौरान बस और ट्रक के दुर्घटनाग्रस्त होने के कारण 18 श्रद्धालुओं की मौत हो गई है। बाबा बैद्यनाथ उनके परिजनों को दुख सहने की शक्ति प्रदान करें। हादसे पर सीएम हेमंत सोरेन ने दुख जताया है। उन्होंने कहा कि मंगलवार सुबह देवघर के मोहनपुर प्रखंड के जमुनिया चौक के पास बस दुर्घटना में बस सवार श्रद्धालुओं की मृत्यु की अत्यंत दुःखद सूचना मिली है। जिला प्रशासन द्वारा राहत और बचाव कार्य के साथ घायलों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराया जा रहा है।

### डीआरडीओ ने किए स्वदेशी...

सफलतापूर्वक एक मिसाइल का परीक्षण किया था। अब इसके ठीक बाद उसे यह कामयाबी मिली है।

**यूं परखी गई मिसाइल की मारक क्षमता :** मंत्रालय ने कहा इस कवायद का उद्देश्य प्रलय मिसाइल प्रणाली की अधिकतम और न्यूनतम रेंज की क्षमता की पुष्टि करने के लिए उपयोगकर्ता मूल्यांकन परीक्षणों के एक भाग के रूप में उड़ान परीक्षण के जरिए पूरी की गई है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और डीआरडीओ अध्यक्ष डॉ.समीर.वी.कामत ने इस सफलता के लिए डीआरडीओ, सशस्त्र सेनाओं और उद्योग जगत को बधाई दी है। राजनाथ ने कहा कि यह सफलता आधुनिक प्रौद्योगिकियों से लैस प्रलय मिसाइल से सशस्त्र बलों के समक्ष आने वाले खतरों के खिलाफ और तकनीकी बढ़त प्रदान करेगी। डॉ.कामत ने कहा कि इस चरण-1 उड़ान परीक्षणों के सफल समापन से निकट भविष्य में सशस्त्र बलों में प्रणाली को शामिल करने का मार्ग प्रशस्त होता है।



# फराह को मिला अमिताभ के हाथों से लिखा लेटर

**मुंबई।** बॉलीवुड निर्माता-निर्देशक और प्रसिद्ध कोरियोग्राफर फराह खान ने मंगलवार को अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक शानदार वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में फराह ने अमिताभ बच्चन के हाथों से लिखा एक लेटर दिखाया, जो उन्हीं के लिए आया है। यह सब तब शुरू हुआ जब फराह, अभिनेत्री राधिका मदान के घर एक व्लॉग की शूटिंग के लिए गईं। वहां उन्होंने राधिका के पास अमिताभ बच्चन का एक फ्रेम किया हुआ हाथों से लिखा पत्र देखा, जिसे देखने के बाद उन्होंने बिग बी से ऐसे ही लेटर की ख्वाहिश जताई थी। फराह को लेटर भेजकर बिग बी ने उनकी यह अधूरी ख्वाहिश पूरी भी कर दी है।



लाइफ Style

# भूमि

## हर किसी की होती है अपनी पसंद

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इंडस्ट्री में फिलर्स, बोटोक्स और सर्जरी को लेकर अक्सर बहस होती है। सितारों को इसे लेकर आलोचनाएं भी झेलनी पड़ी हैं। अभिनेत्री भूमि पेडनेकर पर भी सोशल मीडिया पर तमाम यूजर्स ने कॉस्मेटिक सर्जरी करवाने का आरोप लगाए हैं।

हाल ही में सीरीज द रॉयल्स में उनकी उपस्थिति ने आग में घी डालने का काम किया और इंटरनेट यूजर्स ने कथित बोटोक्स और फिलर्स के लिए भूमि को ट्रोल किया। हाल ही में अभिनेत्री ने इस पर चुप्पी तोड़ी है। भूमि पेडनेकर ने कहा, 'मुझे लगता है कि हर किसी की अपनी पसंद होती है। हम ऐसे समय में जी रहे हैं, जहां लोगों को अपनी पसंद खुद चुननी चाहिए। मैं कोई नहीं होती, जो लोगों की पसंद पर अपनी कोई राय बना सकूं'।

उन्होंने आगे अपनी डाइट पर चर्चा की। देसी घी उनके नियमित खाने में शामिल होता है। लोग इससे बहुत डरते हैं, लेकिन मेरे खाने में एक चीज जरूर शामिल है और वह है वसा। मैं अपने खाने में घी बहुत ज्यादा लेती हूं। बस फर्क इतना है कि मैं घी में खाना नहीं बनाती। मैं इसे खाने के ऊपर डालकर खाती हूं। इसे अपनी रोटी पर या इडली में डालकर खाएं, यह आपकी सेहत के लिए बहुत फायदेमंद है। इससे पहले भूमि अपनी स्किनकेयर से जुड़े टिप्स भी शेयर कर चुकी हैं। एक्ट्रेस ने बताया कि वे क्लींजिंग, टोनिंग और मॉइस्चराइजिंग (सीटीएम फॉर्मूला) पर भरोसा करती हैं। भले ही उनका शेड्यूल बहुत बिजी हो, वे इसे कभी नहीं छोड़तीं।

हॉलीवुड मसाला




# अवतार-3 का ट्रेलर रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की सबसे मशहूर फिल्मों में से एक अवतार के तीसरे पार्ट अवतार 3 का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। फिल्म अवतार का पहला हिस्सा अवतार के नाम से, दूसरा हिस्सा अवतारः द वे ऑफ वाटर के नाम से रिलीज किया गया था। अवतार के तीसरे हिस्से का नाम 'अवतारः फायर एंड ऐश' है। अवतार 3 का बजट तकरीबन 2100 करोड़ रुपए है। फिल्म को 19 दिसंबर को अंग्रेजी, हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ में रिलीज किया जाएगा। अवतार 3 के ट्रेलर में पेंडोरा की खूबसूरत दुनिया दिखाई गई है। यहां अलग तरह के जीव उड़ते हुए दिखाई देते हैं।




# द फैंटास्टिक फोर-फर्स्ट स्टेप की धीमी हुई रफ्तार

**मुंबई।** मावर्ल स्टूडियोज की हॉलीवुड फिल्म 'द फैंटास्टिक फोर-फर्स्ट स्टेप' ने 5.1 करोड़ रुपए के शानदार कलेक्शन से अपना खाता खोला था। वहीं, चौथे दिन सोमवार को 2 करोड़ रुपए का कलेक्शन कर लिया है। वीकएंड पर यह फिल्म अच्छा-खासा कलेक्शन करने में कामयाब रही। वहीं, सोमवार को इसकी कमाई की रफ्तार धीमी हो गई। अमूमन ऐसा होता है कि वीकएंड के बाद फिल्मों की कमाई कम होती है। इस फिल्म ने शनिवार को 7.35 करोड़ रुपए और रविवार को भी 7.25 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया। फिल्म का कुल कलेक्शन अब तक 22.10 करोड़ रुपए हो चुका है। द फैंटास्टिक फोर-फर्स्ट स्टेप में चार एस्ट्रोनॉट्स की कहानी है, जो एक स्पेस मिशन में हादसे का शिकार होते हैं और फिर सुपरहीरो बन जाते हैं। वह अपनी सुपरपावर से लोगों की जान बचाते हैं।



# आर माधवन के साथ शेयर की तस्वीरें

**मुंबई।** अभिनेत्री फातिमा सना शेख अपनी फिल्म 'आप जैसा कोई' को लेकर सुर्खियों में हैं। फातिमा सना शेख लगातार इसका प्रचार कर रही हैं। ऐसे में अब अभिनेत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर 'आप जैसा कोई' की बीटीएस तस्वीरें शेयर कीं हैं और एक नोट लिखा है। उन्होंने अपने सह-कलाकार की तारीफ की है। आर माधवन के साथ तस्वीरें शेयर करते हुए फातिमा सना शेख ने पोस्ट में लिखा है 'मेरे सबसे पसंदीदा सह-कलाकार। इस पूरे शूट को बहुत आसान बनाने के लिए शुक्रिया। उसके लिए भी शुक्रिया कि आपने हमें हर रोज अम्मा का सांभर मसाला खिलाया और फिलटर कॉफी पिलाई। गुलाब जामुन खिलाने के लिए भी शुक्रिया। आर माधवन आप बहुत अच्छे इंसान हैं।' फातिमा सना शेख की फिल्म 'आप जैसा कोई' 11 जुलाई को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई।



# भक्तों को फ्री में दिखाई महावतार नरसिम्हा

**मुंबई।** एनिमेटेड फिल्म महावतार नरसिम्हा ने हाल ही में सिनेमाघरों में दस्तक दी है। 25 जुलाई को रिलीज हुई माइथोलॉजिकल एनिमेटेड फिल्म महावतार नरसिम्हा ने अब तक बॉक्स ऑफिस पर अच्छा खासा प्रदर्शन किया है। ये फिल्म दर्शकों को भगवान विष्णु के अवतार की कथा दर्शाती है। बस इसी के चलते अब इस्कॉन की तरफ से फिल्म को ज्यादा से ज्यादा भक्तों तक पहुंचाने के लिए बड़ी पहल की गई है। इस्कॉन सिलीगुड़ी ने फिल्म को ज्यादा से ज्यादा लोगों को दिखाने के लिए खास इंतजाम किया है। संस्था ने पूरे सिनेमा हॉल को बुक कर अपने भक्तों के लिए एक विशेष स्क्रीनिंग का आयोजन किया। इस्कॉन के प्रवक्ता नाम कृष्ण दास ने बताया कि ये फिल्म केवल एक मनोरंजन नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति का एक जीवंत संदेश है।

टीवी मसाला




# अनुपमा ने तुलसी के साथ मिलाया हाथ, ट्रोल्स को दिया मुंहतोड़ जवाब

**नई दिल्ली।** भारतीय टेलिविजन इतिहास की सबसे चहेती बहू तुलसी वीरानी की जब से वापसी का ऐलान हुआ है, तभी से ही 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' के पुराने दर्शक बेसब्री से शो का इंतजार कर रहे हैं। वहीं, शो के दूसरे सीजन के पहले प्रोमो के बाद से ही लोग अनुपमा को भी लगातार निशाना बना रहे हैं। पिछले कुछ दिनों से ऐसा कहा जा रहा है कि रुपाली गांगुली के शो के मेकर्स को अपनी कुर्सी को लेकर खतरा महसूस होने लगा है। हालांकि चैनल के ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर शेयर किए गए एक वीडियो ने सभी अफवाहों को सिरे से खारिज कर दिया। वीडियो में रुपाली गांगुली, जो अनुपमा की भूमिका में हैं, स्मृति ईरानी उर्फ तुलसी से वीडियो कॉल के जरिए जुड़ती हैं और उन्हें स्टार परिवार में दोबारा स्वागत करती हैं। दोनों अभिनेत्रियां एक-दूसरे से बेहद प्यार भरे ढंग से बात करती नजर आती हैं। अनुपमा रात 10 बजे और क्योंकि 2 रात 10:30 बजे प्रसारित होगा। इस वीडियो को देखने के बाद से ही अब ऐसा लग रहा है कि टीवी की ये दोनों बहुएं एक दूसरे के साथ मिलकर काफी खुश हुई हैं। शो की निर्माता एकता कपूर ने भी इस मामले पर अपनी राय रखते हुए कहा कि ऐसी अफवाहें अनुपमा की लोकप्रियता को कम करने की कोशिश महज हैं। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि रुपाली गांगुली एक बेहतरीन कलाकार हैं और अनुपमा ने पिछले सात वर्षों में जो मुकाम हासिल किया है, वो बेमिसाल है।

## बिग बॉस 19 का हिस्सा नहीं होंगी मल्लिका

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड स्टार सलमान खान द्वारा होस्ट किया जाने वाला बिग बॉस भारत के सबसे पसंदीदा रियलिटी शो में से एक है। यह शो अपने 19वें सीजन के साथ वापस आ गया है और इसमें भाग लेने के लिए किन हस्तियों से संपर्क किया गया है, इस बारे में पहले से ही अटकलें लगाई जा रही हैं। इस बीच ये भी खबरें आईं कि बॉलीवुड अभिनेत्री मल्लिका शेरावत भी बिग बॉस 19 में नजर आएंगी। अब शो में हिस्सा लेने पर एक्ट्रेस ने चुप्पी तोड़ी है और सारी सच्चाई बताई है। एक्ट्रेस ने बिग बॉस से जुड़ी चर्चाओं को खारिज करते हुए इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा, सभी अफवाहों पर विराम लगाते हुए मैं बिग बॉस नहीं कर रही हूं और कभी नहीं करूंगी। धन्यवाद। मल्लिका इससे पहले बिग बॉस 18 के दौरान अपनी फिल्म विक्की विद्या का वो वाला वीडियो के प्रमोशन के लिए एक गेस्ट के तौर पर शो में आई थीं। हाल ही में बिग बॉस के निर्माताओं ने एक प्रोमो वीडियो के साथ शो के 19वें सीजन की घोषणा की।



# हॉलीवुड के इन अभिनेताओं ने बॉलीवुड में किया काम

**मुंबई।** बॉलीवुड के कई कलाकार ऐसे हैं जो बॉलीवुड से हॉलीवुड तक का सफर तय कर चुके हैं। ऐसे ही कई हॉलीवुड कलाकार हैं जिन्होंने बॉलीवुड की फिल्मों में काम किया। इन कलाकारों ने अपनी अदाकारी से बॉलीवुड में पहचान बना ली है।

**रे स्टीवेंसन - आरआरआर** : साल 2022 में रिलीज हुई एसएस राजामौली की फिल्म 'आरआरआर' काफी मशहूर रही। इसमें भारत के लोगों का ब्रिटिश अधिकारियों के साथ संघर्ष दिखाया गया है। रे स्टीवेंसन ने फिल्म में गर्वनर स्कॉट का दमदार रोल निभाया था। रे स्टीवेंसन ने हॉलीवुड की फिल्मों 'कोल्ड स्किन', 'बिग गेम' और 'थोर' में काम किया है।

**बेन किंग्सले - तीन पत्ती** : फिल्म तीन पत्ती साल 2010 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन, आर माधवन और कई अभिनेताओं समेत हॉलीवुड के अभिनेता बेन किंग्सले ने भी अदाकारी की थी। उन्होंने हॉलीवुड की फिल्म गांधी, आयरन मैन 3 और ऑपरेशन फिनाले में काम किया है।



**सिल्वेस्टर स्टेलोन - कंबख्त इश्क** : अक्षय कुमार और करीना कपूर की अदाकारी वाली फिल्म 'कंबख्त इश्क' साल 2009 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में हॉलीवुड के अभिनेता सिल्वेस्टर स्टेलोन ने अभिनय किया है। 1946 को जन्मे अभिनेता ने हॉलीवुड की फिल्म क्रीड, रॉकी और फर्स्ट ब्लड में काम किया है।

**क्लाइव स्टेंडेन - नमस्ते लंदन** : अक्षय कुमार और कैटरीना कैफ की फिल्म नमस्ते लंदन साल 2007 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में अक्षय कुमार देसी व्यक्ति बने हैं तो कैटरीना कैफ भारतीय मूल की विदेशी लड़की बनी हैं। इस फिल्म में क्लाइव स्टेंडेन ने अहम किरदार निभाया है। वह फिल्म में कैटरीना कैफ के बॉयफ्रेंड बनें हैं। उन्होंने हॉलीवुड फिल्मों क्लियर कट, ऐवरेस्ट और पजेशन में काम किया है।

# वो मल्टी-स्टार ब्लॉकबस्टर फिल्म जो छह अवॉड्र्स जीतकर बनी कल्ट

*नई दिल्ली। हिंदी सिनेमा में अब भले ही दमदार कहानी वाली फिल्में कम ही देखने को मिलती हों, लेकिन एक वक्त था, जब हिंदी सिनेमा ने एक से बढ़कर हिट और कल्ट फिल्में रिलीज हुआ करती थीं। साल 1965 में तो एक ऐसी फिल्म ने सिनेमाघरों में दस्तक दी, जिसने हिंदी सिनेमा में मल्टी-स्टारर फिल्मों का चलन शुरू किया। इस फिल्म ने रिलीज होते ही मेकर्स को मालामाल कर दिया था। साल 1965 में आई इस फिल्म में बलराज साहनी ने लीड रोल निभाया था। फिल्म में दिखाई गई अमीर से गरीब बनने की कहानी को लोगों ने काफी पसंद किया था।इतना ही नहीं, फिल्म की सफलता का कारण इसकी मजबूत कहानी, बेहतरीन एक्टिंग और फिल्म की जान उसका संगीत था। समीक्षकों ने भी इस फिल्म की जमकर सराहना की थी। फिल्म की कहानी और गानों की तो लोग आज भी मिसाल देते हैं।*

## 70 लाख बजट, 6 करोड़ कमाई

साल 1965 में रिलीज हुई इस फिल्म का नाम है 'वक्त'। फिल्म ने रिलीज होते ही बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया था। फिल्म को लोगों ने इतना पसंद किया था कि फिल्म ऑल-टाइम ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी। यश चोपड़ा के निर्देशन में बनी इस फिल्म को 70 लाख के बजट में तैयार किया गया था। फिल्म ने उस दौर में बॉक्स ऑफिस पर 6 करोड़ रुपए की धमाकेदार कमाई की थी। फिल्म की इतनी शानदार कमाई उस दौर के हिसाब से एक बड़ा रिकॉर्ड था। यह फिल्म अपने समय की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में से एक थी।



## फिल्म ने रच दिया था इतिहास

साल 1965 में आई वक्त में राजकुमार भी नजर आए थे। फिल्म में पहले ये किरदार धर्मेंद्र को ऑफर हुआ था। वहीं, इस रोल के लिए मेकर्स की पहली पसंद थे, लेकिन धर्मेंद्र ने फिल्म में बड़े भाई की भूमिका अदा करने से इनकार कर दिया था। उनकी इस नादानी की वजह से उनके हाथ से एक वक्त जैसी ऐसी फिल्म निकल गई थी, जिसने कई अवॉर्ड जीते। फिल्मफेयर अवॉर्ड्स में बेस्ट को-स्टार बेस्ट कहानी और बेस्ट गाने जैसे इस फिल्म को कई अवॉर्ड मिले थे। इस फिल्म ने फिल्मफेयर में 6 अवॉर्ड्स हासिल किए थे। आज भी लोग इस फिल्म को देखना पसंद करते हैं।

***रईस आदमी झेलता है गरीबी*** : बता दें कि साल 1965 में रिलीज हुई बलराना साहनी की इस फिल्म में जिस तरह रईस आदमी गरीबी झेलता है, ये देख लोग थिएटर में फूट फूटकर रोए थे कि वक्त को कुछ पता नहीं, कब किसकी जिंदगी कैसे बदल जाए।यह फिल्म आज भी क्लासिक सिनेमा के लिए शानदार उदाहरण है और हर पीढ़ी के लोग इसे देखना पसंद करते हैं।

## कुछ की कहानी पिछली फिल्म से जुड़ी हुई, तो कुछ का है सिर्फ नाम का लेना-देना

# अगस्त में आएगी सीक्वल्स की बहार, दर्शकों पर चलेगा इनका जादू!

*नई दिल्ली। अगले महीने हिंदी सिनेमा की चार बड़ी फिल्में रिलीज होने जा रही हैं। ये फिल्में हैं वॉर 2, सन ऑफ सरदार 2, धड़क 2 और अंदाज 2। ये सभी सीक्वल हैं। कुछ की कहानी पिछली फिल्म से जुड़ी हुई है तो कुछ का सिर्फ नाम का लेना-देना है। अगस्त महीने में एक के बाद एक रिलीज होने जा रहीं चार सीक्वल फिल्मों को देखते हुए हर किसी के मन में एक सवाल तो बनता है। क्या ऐसे सीक्वल्स दर्शकों के दिल में उतरते हैं या यह सिर्फ एक सुरक्षित ट्रेड फॉर्मूला बन चुका है?*

### फिल्म का नाम देखकर टिकट नहीं बिकती: सुमित काडेल

इस बारे में सुमित काडेल ने अपनी राय देते हुए कहा, 'सीक्वल का ट्रेंड नया नहीं है। मुन्ना भाई, धूम, हेरा फेरी, कृष और वेलकम जैसी फिल्मों की अगली कड़ियां पहले भी दर्शकों को पसंद आई हैं, लेकिन हर फिल्म को यह सौभाग्य नहीं मिलता। एक सीक्वल तभी काम करता है, जब उसकी पहली किस्त दर्शकों की यादों में गहराई से बसी हो। अगर ऐसा जुड़ाव नहीं है, तो केवल नाम या ब्रांड से कोई फिल्म नहीं चलती। आज का ऑडियंस समझदार है; वो सिर्फ टाइटल देखकर टिकट नहीं खरीदते।

### धड़क 2 और सन ऑफ सरदार 2 में से सफल कौन?

सुमित का मानना है कि धड़क 2 और सन ऑफ सरदार 2 की सफलता को लेकर संशय है। उनका कहना है, धड़क को थिएटर में सीमित प्रतिक्रिया मिली थी। फिल्म ने असली लोकप्रियता टीवी और ओटीटी पर पाई थी। अब इसका सीक्वल नए डायरेक्टर और नई कास्ट के साथ आ रहा है, जिससे इसकी स्टार वैल्यू कमजोर है वहीं, सन ऑफ सरदार का पहला भाग ही औसत था, जिसे ऑडियंस ने खास पसंद नहीं किया। ऐसे में इसका सीक्वल बनाना एक जबरदस्ती का फैसला लगता है, न कि ऑडियंस के लिए का।





**नई फिल्म यानी नया जोखिम** : अतुल आगे कहते हैं, 'नई फिल्म बनाना ऐसा होता है जैसे कोई नई दुनिया तैयार करना, जिसमें काफी जोखिम होता है। वहीं, फ्रेंचाइजी फिल्में पहले से आजमाई हुई होती हैं, जिस पर निवेशक और अभिनेता दोनों को भरोसा होता है। यही वजह है कि ज्यादातर मेकर्स इस फॉर्मूले को सुरक्षित मानते हैं। हालांकि, जो क्रिएटिव है वो रिस्क लेने से नहीं डरते।'

### सीक्वल से बना भरोसा, मगर सबके लिए नहीं: अतुल मोहन

सीक्वल्स की सफलता और उस पर बढ़ती निर्भरता पर बात करते हुए ट्रेड एक्सपर्ट अतुल मोहन कहते हैं, 'इस बात में कोई दो राय नहीं कि कई फिल्मों के सीक्वल्स ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन किया है। जब कोई फिल्म हिट होती है, तो उसके साथ एक ब्रांड बन जाता है और ऑडियंस को यह अंदाजा होता है कि उन्हें क्या देखने को मिलेगा। हालांकि, अब माहौल बदल गया है। आजकल अभिनेता उन्हीं चीजों से जुड़े रहना चाहते हैं जो पहले काम कर चुकी हैं, ताकि उनके करियर पर बुरा असर न पड़े।'

### *अंदाज 2 नाम वही कहानी बिल्कुल नई- सुनील दर्शन*

*सुनील मानते हैं कि अंदाज 2 एक नई कहानी है, जो पहली फिल्म के इमोशंस को नए ढंग से दिखाती है। उन्होंने कहा, मेरी फिल्म एक फ्रेश और ओरिजिनल स्क्रिप्ट पर आधारित है। इसे अंदाज का सीधा सीक्वल नहीं, बल्कि उसी एहसास को नए तरीके से पेश करने वाली एक ताजा कहानी कहा जा सकता है। मैंने उस फिल्म की स्पिरिट को कैरी किया है, जैसे ट्रायंगल लव स्टोरी, कुछ पुराने जज्बात। यह फिल्म पूरी तरह से नई है और सिर्फ फिल्म के पुराने नाम से इसे जोड़ना मेरा उद्देश्य नहीं था। मैं नाम के सहारे फिल्म नहीं बनाता। जरूरी है कि फिल्म का नाम और कहानी एक-दूसरे से मेल खाते हों।*

# जहां आबादी ज्यादा है, वहां फायर स्टेशन बनाएं, दो महीने में बेसहारा गोवंशों को गोशालाओं में पहुंचाएं

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि बढ़ती जनसंख्या को ध्यान में रखते हुए संपूर्ण हरियाणा में अग्निशमन केंद्रों की आवश्यकता का आंकलन किया जाए ताकि नए फायर स्टेशनों की स्थापना सुनिश्चित की जा सके। मुख्यमंत्री नायब सैनी यहां सीएम घोषणाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में नायब सिंह सैनी ने प्रदेश को बेसहारा गोवंश मुक्त बनाने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने पशुपालन एवं डेयरी विभाग को शहरी स्थानीय निकाय विभाग और गौ सेवा आयोग के साथ समन्वय करते हुए मिशन मोड में कार्य करने के निर्देश दिए ताकि दो माह के भीतर सभी बेसहारा गोवंश को गोशालाओं में संरक्षित किया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि मोरनी जैसे पहाड़ी क्षेत्रों में निवासियों को सड़क, बिजली और पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करना राज्य सरकार की जिम्मेदारी है। भले ही किसी क्षेत्र में एक घर हो, संबंधित विभाग वहां मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करें।

- सीएम सैनी ने घोषणाओं की प्रगति समीक्षा बैठक ली, दिए निर्देश

## भले एक घर हो, संबंधित विभाग मूलभूत सुविधाएं दें



### सभी लंबित घोषणाओं को शीघ्र पूरा करवाएं

मुख्यमंत्री ने वर्ष 2014 से अब तक की गई सभी घोषणाओं की विभागवार समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को लंबित घोषणाओं को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरुण कुमार गुप्ता, स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल, राजस्व विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा, पर्यावरण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव आनंद मोहन शरण, उच्च शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव विनीत गर्ग, लोक निर्माण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुराग अग्रवाल, सेवा विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव जी. अनुपमा, ऊर्जा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अपूर्व कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव डॉ. साकेत कुमार, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के आयुक्त एवं सचिव पंकज अग्रवाल, शहरी स्थानीय निकाय विभाग के आयुक्त एवं सचिव विकास गुप्ता सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### नंदीशाला बनाने में तेजी लाएं अधिकारी

मुख्यमंत्री ने पशुपालन एवं डेयरी विभाग की घोषणाओं की समीक्षा करते हुए बताया कि पंचकूला, पानीपत और हिसार जिलों में नंदीशालाएं स्थापित की जा चुकी है। शेष जिलों में भी इस दिशा में कार्य में तेजी लाई जाए। इसके लिए विभाग द्वारा कॉर्पोरेट सोशल रेस्पोंसिबिलिटी के तहत नंदीशालाओं की स्थापना के लिए संभावनाएं तलाशी जाएं। साथ ही, पहले से स्थापित सभी नंदीशालाओं में एक-एक वेटरनरी क्लिनिक की स्थापना सुनिश्चित की जाएं, जहां विजिटिंग पशु चिकित्सक की उपलब्धता भी सुनिश्चित हो।

### गुणवत्ता से पूरे हों विकास कार्य

सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग की घोषणाओं की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि विकास कार्यों को तीव्र गति से और गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए ताकि आमजन को इन कार्यों का प्रत्यक्ष लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि कलेसर क्षेत्र से यमुना नदी के जल को चैनल के माध्यम से पंचकूला सहित अन्य स्थानों तक लाने के लिए सर्वेक्षण कार्य प्रारंभ किया जाए, जिससे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'नदी जोड़ो अभियान' को मूर्त रूप प्रदान करते हुए जल का उपयोग कृषि सहित अन्य कार्यों में किया जा सके।

### बागवानी के लिए प्रोत्साहित करें

किसानों को बागवानी के लिए प्रोत्साहित करते हुए आवश्यक मार्गदर्शन करें प्रदान मुख्यमंत्री ने कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की घोषणाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि सब्सिडी से जुड़ी सभी योजनाओं का डाटाबेस नियमित रूप से अद्यतन रखा जाए, ताकि योजनाओं का लाभ पारदर्शी रूप से किसानों को सुनिश्चित हो सके। उन्होंने सुझाव दिया कि विभाग कृषि वैज्ञानिकों के माध्यम से उन्नत गुणवत्ता वाले बीजों के विकास हेतु विशेष योजना तैयार करें।

## खबर संक्षेप

### प्रकृति संरक्षण के प्रयासों में सहभागिता बढ़ाना जरूरी



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस (वर्ल्ड नेचर कंजर्वेशन डे) के अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रकृति के संरक्षण के प्रयासों में सहभागिता बढ़ाना जरूरी है। प्रदेशवासी इस दिशा में संकल्पबद्ध होकर कार्य करें। यह दिवस हम सभी को प्रकृति और जैव विविधता के संरक्षण के प्रयासों को गति देने के लिए प्रेरित करता है।

### सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ जारी

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में मंगलवार सुबह से ही सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच भीषण मुठभेड़ जारी है। बताया जा रहा है कि यह मुठभेड़ ऐसे समय पर हो रही है, जब नक्सली अपना शहीदी सप्ताह मना रहे हैं। जिसे लेकर पहले से ही अलर्ट जारी किया गया था। शहीदी सप्ताह के दौरान नक्सलियों द्वारा किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की आशंका के मद्देनजर सुरक्षाबलों ने क्षेत्र में सघन सर्चिंग अभियान तेज कर दिया था। इसी क्रम में चलाए जा रहे 'ऑपरेशन मानसून' के तहत मंगलवार सुबह डीआरजी और सीआरपीएफ के जवान सर्चिंग पर निकले थे, तभी जंगलों के भीतर घात लगाए बैठे नक्सलियों ने फायरिंग शुरू

### बैंक के लॉकर से 50 लाख के जेवरात गायब

**भिलाई।** भिलाई नगर थाना क्षेत्र में बैंक के लॉकर से लाखों रुपए के जेवरात पार करने का मामला सामने आया है। सिविक सेंटर स्थित बैंक ऑफ बडौदा के लॉकर से 50 लाख के जेवरात चोरी के मामले में पुलिस ने बैंक प्रबंधन के

## मप्र विधानसभा अध्यक्ष तोमर की पहल पर दिवंगत नेताओं के योगदान को स्मरण करने के लिए हुआ निर्णय

# मप्र के पूर्व दिवंगत विधानसभा अध्यक्षों एवं मुख्यमंत्रियों की जयंती एवं पुण्यतिथि विधानसभा में मनाई जाएगी




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र की 16वीं विधानसभा के षष्टम सत्र की शुरुआत सोमवार को हुई। सत्र से पहले कार्यमंत्रणा समिति में विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर की पहल पर सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि अब प्रदेश के सभी दिवंगत पूर्व विधानसभा अध्यक्षों एवं मुख्यमंत्रियों की जयंती एवं पुण्यतिथि विधानसभा में मनाई जाएगी। विधानसभा अध्यक्ष, मुख्यमंत्री, नेता प्रतिपक्ष, मंत्रियों एवं सदस्यों की उपस्थिति में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष, मुख्यमंत्री को श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके योगदान का स्मरण किया जाएगा।

विधानसभा सचिवालय में आयोजित कार्यमंत्रणा समिति की बैठक में मानसून सत्र के कामकाज के संबंध में विचार-विमर्श हुआ। बैठक की अध्यक्षता विधानसभा स्पीकर नरेंद्र सिंह तोमर ने की। बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सीतासरन शर्मा, विधायक अजय बिश्नोई, मीना सिंह मांडवे, हरिशंकर खटीक, राजेन्द्र भारती, यादवेंद्र सिंह, उप नेता प्रतिपक्ष हेमंत सत्यदेव कटारे सहित प्रमुख सचिव एपी सिंह मौजूद थे।



### इन नेताओं के निधन पर दी श्रद्धांजलि

मानसून सत्र के पहले दिन कार्यवाही की शुरुआत में निधन का उल्लेख हुआ। इस दौरान 22 अप्रैल को कश्मीर के अनंतनाग के पहलगाम में हुए आंतकी हमले में मृत प्रदेश एवं देश के सभी पर्यटकों, 12 जून को अहमदाबाद में एयर इंडिया के विमान एआई-171 के दुघर्टनाग्रस्त हो जाने से मृत यात्रियों सहित अनेक मेडिकल छात्रों के अलावा भूतपूर्व विधान सभा सदस्य राजा सुरेन्द्र बहादुर सिंह, रघुनाथ चौधरी, शिवशंकर लाल मुन्ना खेरी, खेमराज पाटीदार, भूतपूर्व केन्द्रीय मंत्री सरदार सुखदेव सिंह ढींढसा, भूतपूर्व केंद्रीय उप मंत्री डॉ. गिरिजा व्यास, भूतपूर्व मुख्यमंत्री गुजरात विजय कुमार रमणीकलाल रूपाणी, सुप्रसिद्ध फिल्म अभिनेता मनोज कुमार, सुप्रसिद्ध लोक कलाकार रामसहाय पांडे को सदन में भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके बाद सदन की कार्यवाही मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। निधन के उल्लेख में अध्यक्ष तोमर के बाद मुख्यमंत्री डॉ. यादव, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह, भवर सिंह शेखावत, शैलेंद्र कुमार जैन ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

### विधानसभा सचिवालयीन अधिकारियों का ड्रेस कोड लागू

विधानसभा के वेल आफ द हाउस में बैठकर कार्यवाही की नोटिंग एवं अन्य प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले वाले मप्र विधानसभा सचिवालय के अधिकारियों के लिए ड्रेस कोड लागू किया गया है। मानसून सत्र के पहले दिन वे सभी अधिकारी, रिपोर्टर एक विशेष ड्रेस कोड में नजर आए। अब वेल में बैठने वाले अधिकारियों के लिए लोकसभा की तर्ज पर यह ड्रेस कोड सत्र की कार्यवाही के दौरान लागू रहेगा। इस ड्रेस कोड को भारतीय परिधान परंपरा के अनुसार से डिजाइन किया गया है।

### मुख्यमंत्री ने विस अध्यक्ष तोमर का किया अभिवादन

इससे पूर्व मानसून सत्र के शुभारंभ अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष के कक्ष में अध्यक्ष तोमर का मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका अभिवादन किया। इस अवसर पर मंत्री प्रहलाद पटेल, मुख्य सचिव अनुराग जैन, विधानसभा के प्रमुख सचिव सिंह मौजूद थे।

### भाजपा विधायक ने सपा सांसद डिंपल यादव के अपमान पर दी प्रतिक्रिया

## वोट बैंक खोने के डर से नारी सम्मान की बलि चढ़ा रहे सपा अध्यक्ष : रीति पाठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी की विधायक रीति पाठक ने समाजवादी पार्टी की सांसद डिंपल यादव के बारे में एक मुस्लिम नेता के अपमानजनक बयान को लेकर प्रतिक्रिया दी है। विधायक रीति पाठक ने कहा कि अखिलेश यादव मुस्लिम वोट बैंक खोने के डर से सिर्फ उनकी पत्नी डिंपल यादव ही नहीं, बल्कि नारी सम्मान की बलि चढ़ा रहे हैं। क्या उनके लिए वोट बैंक की राजनीति एक महिला की गरिमा से अधिक महत्वपूर्ण है? पाठक ने कहा कि 23 जुलाई को समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सपा नेताओं के साथ अपने वोट बैंक के तुष्टिकरण के लिए नई दिल्ली की एक मस्जिद में एक राजनीतिक बैठक की, जिसमें उनकी पत्नी और मैनपुरी से लोकसभा सांसद डिंपल यादव, उनकी ही पार्टी के अन्य सांसद जैसे जिया उर रहमान बर्क और इकरा हसन भी शामिल थे। इस पर कई मुस्लिम संगठनों ने आपत्ति जताई है। बैठक में डिंपल यादव के पहनावे को लेकर ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के प्रमुख मौलाना शाहबुद्दीन रिजवी ने आपत्तिजनक बयान दिया और मौलाना मोहिबुल्ला नदवी पर भी निशाना साधा और कहा कि मस्जिद में राजनीतिक बैठक बुलाना शर्मनाक है। मौलाना साजिद रशीदी ने तो लाइव टीवी पर डिंपल यादव के प्रति अशोभनीय भाषा का प्रयोग किया। यही नहीं, बल्कि मौलाना साजिद रशीदी और मौलाना शाहबुद्दीन रिजवी ने अखिलेश यादव और डिंपल यादव से माफी की मांग भी की है।

### अखिलेश यादव की चुप्पी आश्चर्यजनक और शर्मनाक

भाजपा विधायक रीति पाठक ने कहा कि इस पूरे प्रकरण में समाजवादी पार्टी और अखिलेश यादव की चुप्पी आश्चर्यजनक और शर्मनाक है। जब एक महिला जनप्रतिनिधि और स्वयं उनकी पत्नी डिंपल यादव का सार्वजनिक रूप से अपमान किया जा रहा है, तब अखिलेश यादव मौन क्यों हैं? क्या उनके लिए वोट बैंक की राजनीति एक महिला की गरिमा से अधिक महत्वपूर्ण है? उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव की चुप्पी बताती है कि उन्हें डर है कि अगर उन्होंने इन मौलानाओं के बयानों का विरोध किया तो उनका परंपरागत वोट बैंक नाराज हो जाएगा।

### विपक्ष सदन में उठा सकता है विधानसभा में प्रदर्शन पर रोक लगाने का मुद्दा

**भोपाल।** विधानसभा सचिवालय की ओर से विधायकों को पत्र भेजकर विधानसभा परिसर में नारेबाजी और प्रदर्शन न करने को कहा गया है। इसको लेकर विपक्ष एक जुट होकर विरोध कर रहा है। सोमवार को भी कांग्रेस विधायकों ने इसका विरोध किया। विपक्षी विधायक इस मुद्दे को सदन में उठाने की तैयारी में है। दरअसल विधानसभा के प्रमुख सचिव एपी सिंह ने विगत 10 जुलाई को सभी विधायकों को एक परिपत्र भेजा था। इसमें विधायकों से सुरक्षा का हवाला देते हुए व्यवस्था में सहयोग करने की अपेक्षा की गई है। इसमें लिखा था कि विधानसभा परिसर और दर्शक दीर्घा में प्रवेश पत्र सीमित संख्या में जारी किए जाएंगे। विधायकों से अनुरोध है कि अपने एक निज सहायक और ड्राइवर का नाम, गाड़ी नंबर के साथ प्रवेश पत्र कार्यालय भेजना सुनिश्चित करें।



पटवारी ने सरकार की शराब नीति पर उठाए गंभीर सवाल

### बोले- पिछले 10 साल में जहरीली शराब पीने से 1330 लोगों की हुई मौत

**भोपाल।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने सरकार की शराब नीति पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2016 से लेकर 2025 तक मध्य प्रदेश में पिछले 10 साल में नकली और जहरीली शराब पीने से 1330 से ज्यादा लोगों की मौतें हुई हैं, जिसने प्रदेश की बिगड़ती कानून व्यवस्था और लापरवाह शराब नीति की पोल खोल दी है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार की शराब उदारीकरण नीति ने शराब माफिया को बेलगाम कर दिया है और इसका खामियाजा प्रदेश की जनता, विशेषकर महिलाओं और युवाओं को भुगतना पड़ रहा है।

## हैदराबाद, पुणे से बड़ा होगा भोपाल मेट्रोपोलिटन शहर

**विधानसभा में विधेयक लाने की तैयारी**

- भोपाल, विदिशा, रायसेन, सीहोर और राजगढ़ होंगे एक
- पांच जिलों की 17 तहसीलों को किया जाएगा मर्ज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश सरकार राज्य विधानसभा में महानगर योजना एवं विकास अधिनियम 2025 पेश करने की तैयारी कर रही है, जो पूरे क्षेत्र में शहरी विकास को नए सिरे से किया जाएगा। इस विधेयक के पास होते ही इंदौर, भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर और उज्जैन को महानगरीय क्षेत्रों के रूप में चिन्हित कर लिया जाएगा। इसमें सबसे पहले भोपाल को मेट्रोपोलिटन सिटी बनाया जाएगा। जिसमें भोपाल, विदिशा, रायसेन, सीहोर और राजगढ़ शामिल होगा। अगर भोपाल को इन जिलों से जोड़ा जाता है तो यह देश के पांच महानगरों में शुमार होगा, जो क्षेत्रफल के मामले में हैदराबाद और पुणे से आगे निकल जाएगा। प्रस्तावित भोपाल मेट्रोपोलिटन सिटी में (बीएमआर) 8 हजार वर्ग किलोमीटर का एरिया रखा गया है, जिसमें पांच जिलों की 17 तहसीलें शामिल होंगी। इसमें हुजूर, कोलार, सीहोर शहर, विदिशा शहर, नरसिंहगढ़ आदि क्षेत्र शामिल होंगे, जो अनुमानित 35 लाख की आबादी आएगी।

### निवेश के बढ़ेंगे अवसर

अफसरों का दावा है कि भोपाल को मेट्रोपोलिटन का दर्जा मिलने से इन जिलों का बुनियादी ढांचा मजबूत होगा, जिससे औद्योगिक निवेश में बढ़ोतरी की संभावनाएं भी बढ़ जाएंगी। सरकार भोपाल को मेट्रोपोलिटन शहर बनाने के साथ इस क्षेत्र के विकास के लिए 14 महीने का प्लॉन भी पेश करेगी। इस विधेयक के पास होने के बाद राज्यपाल इसकी सार्वजनिक अधिसूचना जारी करेंगे।

## कारगिल की विजय केवल सैन्य-विजय नहीं, बल्कि भारत की एकता व अखण्डता की भी विजय हैः डॉ. जितेन्द्र सिंह



**नई दिल्ली।** मूल्य संवर्धन पाठ्यक्रम समिति, दिल्ली विश्वविद्यालय एवं जम्मू और कश्मीर पीपल्स फोरम के संयुक्त तत्वावधान में कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में दिल्ली विश्वविद्यालय के कन्वेंशन हॉल में 'एक भारत श्रेष्ठ भारत अखंड भारत' विषयक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. जितेन्द्र सिंह, राज्यमंत्री, प्रधानमंत्री कार्यालय ने अपने वक्तव्य में कहा कि आज नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत और भी आगे बढ़कर शांति की कीमत चुकाने में नहीं, शांतिभंग करने वालों से कीमत वसूलने में विश्वास रखता है। ऑपरेशन सिन्दूर ने भारत की छवि को सैन्य और कूटनीतिक दोनों ही स्तरों पर बदल कर रख दिया है। पहले भारत रिएक्टिव था, आज भारत न सिर्फ़ एक्टिव है बल्कि प्रोएक्टिव भी है। आपने अखंड भारत पर चर्चा करते हुए कहा कि यह कोई नारा नहीं है, बल्कि 'अखंड भारत' वास्तव में भारत के विचार में ही निहित है। डॉ. जितेन्द्र सिंह ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के कई अनछुए पहलुओं पर चर्चा करते हुए यह प्रश्न किया कि आखिर कांग्रेस को आजादी की मांग करने में 1931 के लाहौर अधिवेशन का इंतजार क्यों करना पड़ा? उन्होंने जोर देकर कहा कि ' भगत सिंह के बलिदान ने देश भर को जागृत कर किया, और आजादी की मांग जब देश के प्रत्येक घर से उठनी शुरू हुई तो कांग्रेस को भी यह याद आया। उन्होंने कांग्रेस द्वारा राष्ट्रीय हितों की अवहेलना पर प्रश्न खड़ा करते हुए बताया कि यदि 1947 में भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री नेहरु ने एकतरफा संघर्षविराम नहीं किया होता, तो पीओके आज भारत का हिस्सा होता और पीओके से संबंधित कोई समस्या ही नहीं होती। उन्होंने कहा कि हम वीर सावरकर के प्रति कांग्रेस द्वारा चलाए गए नैरेटिव के शिकार बने, क्योंकि कहीं न कहीं हम उस झूठे नैरेटिव का खंडन नहीं कर पाए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने कारगिल विजय दिवस मनाने की प्रासंगिकता पर विचार करते हुए कहा कि यह दिन भारत के सैनिकों के शौर्य,त्याग और पराक्रम को याद करने का दिन है। प्रो. सिंह ने कारगिल विजय के नायकों कैप्टन विक्रम बत्रा, मेजर राजेश सिंह आदि बलिदानियों को श्रद्धांजलि देने के अलावा तासी नामग्या नामक चरवाहे का भी जिक्र किया कि कैसे उसने पाकिस्तान के घुसपैठ को समझा और सैन्य बलों को इस खतरे से परिचित कराया।



## चिंतन

# एसआईआर संबंधी सभी आशंकाएं दूर करे आयोग

बिहार में जारी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने दूसरी बार सुनवाई की है। अब शीर्ष अदालत ने साफ कहा है कि बिहार में यदि मतदाता सूची के एसआईआर में बड़े पैमाने पर मतदाताओं के नाम हटाए जाते हैं, तो न्यायालय हस्तक्षेप करेगा। न्यायालय के इस कथन को चुनाव आयोग को गंभीर चेतावनी के रूप में लेना चाहिए। अभी गत 23 जुलाई को बिहार राज्य चुनाव आयोग ने एसआईआर की जारी प्रक्रिया के दौरान एक दिलचस्प आंकड़ा दिया कि बिहार में मतदाता सूची में दर्ज नामों में से 20 लाख की मौत हो चुकी है, 7 लाख मतदाता फर्जी हैं, लगभग 28 लाख अपने पहले पंजीकृत किए गए स्थानीय पते से स्थायी रूप से पलायन कर गए हैं, 1 लाख मतदाता लापता हैं व करीब 15 लाख मतदाता फॉर्म वापस नहीं आए हैं। याचिकाकर्ताओं ने आरोप लगाया है कि निर्वाचन आयोग ने कहा है कि एसआईआर प्रक्रिया के दौरान 65 लाख लोगों ने गणना प्रपत्र जमा नहीं किए हैं, क्योंकि वे या तो मृत हैं या स्थायी रूप से कहीं और स्थानांतरित हो गए हैं। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं को आईना भी दिखाया है कि आप ऐसे 15 लोगों को लेकर आइए, जिन्हें मृत बताया गया है, लेकिन वे जीवित हैं। इस आलोक में सर्वोच्च न्यायालय की चेतावनी स्पष्ट है। हालांकि दूसरा अहम पहलू यह भी है कि बिहार में बड़े पैमाने पर बांग्लादेशी व नेपाली प्रवासी मतदाता लिस्टेड हैं। एसआईआर का उद्देश्य मतदाता सूची को दुरुस्त करना, साफ-सुथरा व पारदर्शी बनाना है और अयोग्य, डुप्लिकेट/फर्जी या गैर-मौजूद प्रविष्टियों को हटाया जाना है। पहली सुनवाई 10 जुलाई को हुई थी, जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने निर्वाचन आयोग को बिहार में एसआईआर की प्रक्रिया जारी रखने की अनुमति देते हुए उससे आधार, मतदाता पहचान पत्र और राशन कार्ड को वैध दस्तावेज के रूप में स्वीकार करने पर विचार करने को कहा था। जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 21 भारत निर्वाचन आयोग को मतदाता सूची तैयार करने और संशोधित करने का अधिकार देती है, जिसमें दर्ज कारणों के साथ किसी भी समय विशेष संशोधन करना भी शामिल है। संविधान के अनुच्छेद 324 निर्वाचन आयोग को मतदाता सूची तैयार करने और चुनाव कराने का पर्यवेक्षण तथा नियंत्रण करने की शक्ति प्रदान करता है। मोहिंदर सिंह गिल बनाम मुख्य चुनाव आयुक्त मामले, 1977 में सर्वोच्च न्यायालय ने स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए अनुच्छेद 324 के तहत केंद्रीय चुनाव आयोग की व्यापक शक्तियों को बरकरार रखा, जिसमें आवश्यकता पड़ने पर पुनर्मतदान का आदेश देना भी शामिल है, और इस बात पर जोर दिया कि अनुच्छेद 329(बी) के अनुसार चुनावों के दौरान न्यायिक समीक्षा प्रतिबंधित है। देश के विभिन्न भागों में वर्ष 1952–56, 1957, 1961, 1965, 1966, 1983–84, 1987–89, 1992, 1993, 1995, 2002, 2003 और 2004 में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) आयोजित किए गए थे। अनुच्छेद 327 संसद को विधानमंडलों के चुनावों के संबंध में प्रावधान करने का अधिकार प्रदान करता है। अनुच्छेद 328 राज्य की विधानमंडल को उसके अपने चुनावों के संबंध में प्रावधान करने का अधिकार देता है। एसआईआर एक व्यक्ति एक वोट के अधिकार को सशक्त करता है। दरअसल, एसआईआर के दौरान जन्म प्रमाण पत्र या वंशानुगत दस्तावेज़ों की मांग को परोक्ष रूप से नागरिकता परीक्षण के रूप में देखा जा रहा है।



भाषा विवाद
विवेक शुक्ला

# सब भाषाओं को पढ़कर जुड़ेगा भारत

सच पूछो तो भाषा के मसले पर होने वाले विवादों का एक मात्र हल है कि हम अपनी मातृभाषा के अलावा भी किसी प्रांत की जुबान पढ़ें और सीखें। अगर सारे देश के स्कूलों के बच्चे अपनी मातृभाषा के अलावा किसी अन्य राज्य की भाषा भी पढ़ें और सीखें तो कितना अच्छा हो। मुंबई के स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को तमिल, बांग्ला, असमिया आदि जुबानें सीखने का अवसर मिले और तमिलनाडु के बच्चों को पंजाबी, हिन्दी, मलयाली आदि भाषाएं सीखने का विकल्प हो। भारत जैसे विविधतापूर्ण देश में, जहां भाषा और संस्कृति लोगों को जोड़ने के साथ-साथ अलग भी करती है, बहुभाषी शिक्षा एकता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हो सकती है।

भारत में अपने देश की भाषाओं को लेकर होने वाले विवाद से संबंधित हम सब खबरें पढ़ते रहते हैं। इस मसले पर सियासत भी खूब होती है। तो इस समस्या का हल क्या है? सच पूछो तो भाषा के मसले पर होने वाले विवादों का एक मात्र हल है कि हम अपनी मातृभाषा के अलावा भी किसी प्रांत की जुबान पढ़ें और सीखें। अब एक उदाहरण लीजिए। सुष्मिता बोस और अमना जकी राजधानी के अपने स्कूल की लाइब्रेरी के बाहर धाराप्रवाह पंजाबी में बातचीत कर रही थीं। इनके बीच में हो रहे संवाद को सुनकर कोई नहीं कह सकता था कि इन दोनों की मातृभाषा पंजाबी नहीं है। बांग्ला भाषी सुष्मिता और अमना के घर में उर्दू या कहें हिन्दुस्तानी बोली जाती हैं। इन दोनों ने पंजाबी लिखना और बोलना अपने राजधानी के दशमेश पब्लिक स्कूल, विवेक विहार में सीखा। इधर पंजाबी भाषा सभी बच्चों को आठवीं कक्षा तक अनिवार्य विषय के रूप में पढ़ाई जाती है।

अगर सारे देश के स्कूलों के बच्चे अपनी मातृभाषा के अलावा किसी अन्य राज्य की भाषा भी पढ़ें और सीखें तो कितना अच्छा हो। मुंबई के स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को तमिल, बांग्ला, असमिया आदि जुबानें सीखने का अवसर मिले और तमिलनाडु के बच्चों को पंजाबी, हिन्दी, मलयाली आदि भाषाएं सीखने का विकल्प हो। दशमेश पब्लिक स्कूल की मैनेजिंग कमेटी के चेयरमैन सरदार बलबीर सिंह कहते हैं कि भारत में 22 आधिकारिक भाषाएं और सैकड़ों बोलियां बोली जाती हैं, जो इसकी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को दर्शाती हैं। लेकिन यह विविधता कभी-कभी क्षेत्रीय और भाषाई दीवारें भी खड़ी कर देती है, जो लोगों के बीच आपसी समझ और एकता को कमजोर कर सकती है। इस संदर्भ में, भारत के स्कूलों में विभिन्न प्रांतों की भाषाओं को पढ़ाने की अवधारणा न केवल एक शैक्षिक सुधार है, बल्कि यह सामाजिक और सांस्कृतिक एकता को बढ़ावा देने का एक प्रभावी माध्यम भी हो सकता है। भारत में भाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं है, बल्कि यह संस्कृति, इतिहास, और पहचान का प्रतीक भी है। प्रत्येक भाषा अपने साथ साहित्य, परंपराएं, और जीवनशैली की एक अनूठी झलक लेकर आती है। उदाहरण के लिए, बांग्ला भाषा रवींद्रनाथ टैगोर और बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय जैसे साहित्यकारों की विरासत को समेटे हुए है, तो पंजाबी भाषा गुरबानी और लोक संगीत की जीवंतता को दर्शाती है। इसी तरह, असमिया और मलयालम जैसी भाषाएं अपनी साहित्यिक और सांस्कृतिक गहराई के लिए जानी जाती हैं। आजकल महाराष्ट्र में हिन्दी का विरोध हो रहा है। ये दुखद है। वे इस बाबत महाराष्ट्र के संत नामदेव का उदाहरण देते हैं। वे मूल रूप से महाराष्ट्र से थे। उन्होंने अपने जीवन के करीब दो दशक पंजाब में व्यतीत किए। उनके अनेक दोहे श्री गुरु ग्रंथ साहिब में हैं। संत नामदेव के नाम पर एक मंदिर भीष्म पितामह मार्ग है। इसे संत नामदेव ट्रस्ट चलाता है। नामदेव ने मराठी के साथ ही साथ हिन्दी में भी रचनाएं लिखीं। आज भी इनके रचित गीत पूरे महाराष्ट्र, दिल्ली, हरियाणा और पंजाब समेत सारे देश में भक्ति और प्रेम के साथ गाए जाते हैं। संत नामदेव का जन्म सन् 1270 में महाराष्ट्र के जिला सतारा में हुआ। उनके जीवन के साथ अनेक अलौकिक घटनाएं जुड़ी हुई हैं परंतु उन्होंने कभी



भी करामाती होने का दावा नहीं किया। प्रख्यात शिक्षाविद सरिता सक्सेना कहती हैं कि यदि स्कूलों में बच्चों को विभिन्न प्रांतों की भाषाएं पढ़ाई जाएं, तो यह न केवल उनकी भाषाई क्षमता को बढ़ाएगा, बल्कि उन्हें अन्य क्षेत्रों की संस्कृति, परंपराओं, और जीवनशैली को समझने का अवसर भी देगा। उदाहरण के तौर पर, एक बांग्ला भाषी बच्चा जो पंजाबी सीखता है, वह न केवल भाषा सीखेगा, बल्कि पंजाब के इतिहास, सिख संस्कृति, और वहां के लोकनृत्यों जैसे भांगड़ा को भी समझेगा। इसी तरह, एक हिंदी भाषी बच्चा जो असमिया सीखता है, वह असम के चाय बागानों, बिहू नृत्य, और वहां की प्राकृतिक सुंदरता से परिचित होगा। यह प्रक्रिया बच्चों में एक-दूसरे के प्रति सहानुभूति और सम्मान विकसित करेगी, जो राष्ट्रीय एकता की नींव बन सकती है। सरिता सक्सेना का कहना है कि जो बच्चे एक से अधिक भाषाएं सीखते हैं, उनकी संज्ञानात्मक लचीलापन, समस्या-समाधान क्षमता और रचनात्मक सोच में वृद्धि होती है। भारत जैसे बहुभाषी देश में, जहां हर कुछ सौ किलोमीटर पर भाषा और बोली बदल जाती है, बच्चों को विभिन्न भाषाएं सिखाने से उनकी बौद्धिक क्षमता बढ़ेगी। उदाहरण के लिए, मलयाली बच्चों को हिंदी पढ़ाने से न केवल उन्हें एक नई भाषा सीखने का अवसर मिलेगा, बल्कि यह उन्हें उत्तर भारत की संस्कृति और साहित्य से जोड़ेगा। हिंदी, जो भारत की राजभाषा है, देश के कई हिस्सों में संवाद का प्रमुख माध्यम है। मलयाली बच्चे जब हिंदी सीखेंगे, तो वे हिंदी साहित्य के महान कवियों जैसे सूरदास, तुलसीदास और प्रेमचंद की रचनाओं से परिचित होंगे। यह उनके लिए एक नई सांस्कृतिक खिड़की खोलेगा। भारत में क्षेत्रीयता और भाषाई पहचान कई बार सामाजिक तनाव का कारण बनती है। सरदार बलबीर सिंह कहते हैं कि विभिन्न भाषाई समूहों के बीच गलतफहमियां और पूर्वाग्रह अक्सर इसलिए उत्पन्न होते हैं, क्योंकि लोग एक-दूसरे की संस्कृति और भाषा से अपरिचित होते हैं। यदि स्कूलों में बच्चों को कम उम्र से ही विभिन्न प्रांतों की भाषाएं सिखाई जाएं, तो यह एक-दूसरे के प्रति समझ और सहानुभूति को बढ़ावा देगा। उदाहरण के तौर पर, जब एक बांग्ला भाषी बच्चा पंजाबी सीखता है, तो वह न केवल भाषा सीखता है, बल्कि पंजाब की संस्कृति, त्योहारों और जीवनशैली को भी समझता है। बहुभाषी शिक्षा के व्यावहारिक लाभ भी कम नहीं हैं। भारत एक तेजी से वैश्विक होने वाला देश है, जहां नौकरी और व्यापार के अवसर अब क्षेत्रीय सीमाओं से परे हैं। विभिन्न भाषाओं का ज्ञान बच्चों को भविष्य में बेहतर अवसर प्रदान कर सकता है। इसके अलावा, पर्यटन और सांस्कृतिक आदान-प्रदान के क्षेत्र में भी बहुभाषी शिक्षा महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। जब लोग एक-दूसरे की भाषा और संस्कृति को समझते हैं, तो वे अधिक आसानी से एक-दूसरे के साथ घुल-मिल सकते हैं। हालांकि विभिन्न प्रांतों की भाषाओं को स्कूलों में पढ़ाने का विचार आकर्षक है।

इसके कार्यान्वयन में कई चुनौतियां भी हैं। सबसे पहले, भारत में शिक्षा का ढांचा पहले से ही जटिल है और कई स्कूलों में संसाधनों की कमी है। विभिन्न भाषाओं को पढ़ाने के लिए योग्य शिक्षकों की आवश्यकता होगी, जो एक बड़ी चुनौती हो सकती है। इन चुनौतियों का समाधान करने के लिए कुछ व्यावहारिक कदम उठाए जा सकते हैं। सबसे पहले, स्कूलों में भाषा शिक्षा को वैकल्पिक विषय के रूप में शुरू किया जा सकता है, ताकि छात्र अपनी रुचि के अनुसार भाषा चुन सकें। भारत जैसे विविधतापूर्ण देश में, जहां भाषा और संस्कृति लोगों को जोड़ने के साथ-साथ अलग भी करती है, बहुभाषी शिक्षा एकता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हो सकती है।

(लेखक भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

असुरक्षा
योगेश कुमार सोनी



# दिल्ली से लोग गायब हो रहे और शासन-प्रशासन मौन

देश की राजधानी दिल्ली से एक चौंकाने वाला आंकड़ा सामने आया है जिससे हर कोई हैरान व विचलित सा हो गया है। मामला सीधे मानव जीवन से जुड़ा और यह दिल्ली वालों पर प्रहार भी माना जा रहा है। जोनल इंटीग्रेटेड पुलिस नेटवर्क (जिपनेट) के आंकड़ों के अनुसार राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से लगभग 8000 लोग लापता हो गए हैं जिनका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा। लापता लोगों में महिलाएं और पुरुष दोनों शामिल हैं। हैरानी की बात ये है कि ये संख्या 1 जनवरी से 23 जुलाई तक की है। यानी 7 महीने में करीब आठ हजार लोगों का अब तक पता नहीं चल सका। देश की सबसे सुरक्षित कहे व समझे जाने वाली दिल्ली की यह स्थिति है तो बाकी राज्यों के विषय में सुरक्षा को लेकर सोचना बेमानी सा लग रहा है। चूंकि कैमरों व सुरक्षा से लैस दिल्ली में अपहरणकर्ताओं के हौसले इतने बुलंद हैं कि यह बेहद आश्चर्य की बात है। पीड़ा तब हुई जब इतनी बड़ी घटना को लेकर शासन-प्रशासन की ओर से किसी भी नेता व अधिकारी का बयान नहीं आया और यदि मीडिया ने बात करने की कोशिश भी तो किसी ने भी कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। बीते दिनों पूर्वी दिल्ली के सीमापुरी इलाके के अंतर्गत कुछ पत्रकारों ने भिखारियों के एक अड्डे पर रिपोर्टिंग करनी चाही लेकिन भिखारियों ने उन पर हमला कर दिया। पत्रकारों का उद्देश्य यह था कि जिन बच्चों व लोगों से भीख मंगवाई जाती है आखिर वह कौन हैं और उनकी पहचान क्या है? लेकिन वह अपने मिशन में कामयाब न हो सके। पत्रकारों ने इस मामले की पुलिस में शिकायत की लेकिन पत्रकारों के अनुसार वहां पुलिस भी जाने से डरती है और वह न जाने उन पर कार्यवाही करने में असक्षम क्यों है। दरअसल कुछ पत्रकारों को इस बात का शक है कि जो लोग गायब हो जाते हैं उनसे भीख मंगवाई जाती है व अन्य किसी घिनौने काम करने के लिए प्रयोग किया जाता है। यह मानव तस्करी का सबसे बड़ा उदाहरण भी है। बहरहाल,यह आंकड़े आने के बाद दिल्ली की जनता में एक भय का माहौल है और इसके बाद लोगों ने यही तय किया है कि अपना व अपने बच्चों की सुरक्षा का स्वयं ही ध्यान दिया जाए तो बेहतर है। चूकि यहां पुलिस बहुत ज्यादा कुछ नहीं कर पा रही। कारण क्या है, यह तो समझ से परे है लेकिन ऐसा नहीं होना चाहिए चूंकि जिन तंत्रों का प्रयोग करके पुलिस काम कर सकती है उतना स्वयं पीड़ित नहीं कर सकता। कूड़ा चुगने वाले, कबाड़ी वाले या सर्वे के नाम पर आपको सुविधा देने या बिना वजह पानी व बिजली या अन्य किसी की जांच करने वाले लोगों से सावधान रहने की जरूरत है चूंकि सबसे ज्यादा ऐसी घटनाओं को इसी तरह के लोग अंजाम देते हैं। इस तरह के लोग पहले रेकी करते हैं फिर उसके बाद शिकार करते हैं। सीसीटीवी में सबकुछ देखने के बाद भी कुछ न होना बहुत सारे सवाल खड़े कर जाता है। क्या यह गैंग इतना पावरफुल है कि इस पर अब तक कोई कार्यवाही नहीं हो पा रही या कोई अन्य बड़ा कारण? यह तो अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है लेकिन इन आंकड़ों के आने के बाद सुरक्षा को लेकर कलई खुल गई। महानगरों में जितनी सुविधाएं हैं लेकिन रहने में उससे ज्यादा रिस्क भी बढ़ता जा रहा है। सिर्फ आंकड़ों की बात करें तो यह प्रत्येक दिन औसतन 35 से अधिक लोगों के लापता होने की गंभीर तस्वीर को उजागर करता है। यह न केवल कानून-व्यवस्था की स्थिति पर सवाल उठाता है, बल्कि समाज में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर भी एक बड़ी बहस को जन्म देता है। यदि उत्तर पूर्वी जिले की बात करें तो कुल 730 मामले दर्ज किए गए, जो दूसरे स्थान पर है। इसके बाद दक्षिण पश्चिम जिले में 717 व दक्षिण पूर्व जिले में 689 और बाहरी जिले में 675 मामले दर्ज किए गए। जिपनेट के मुताबिक द्वारका में 644, उत्तर पश्चिम जिले में 636, पूर्वी जिले में 577 और रोहिणी जिले में गुमशुदगी के 452 ऐसे मामले दर्ज किए गए। मध्य जिले में 363 लोगों का सुराग नहीं मिल पाया है, जबकि उत्तर, दक्षिण और शाहदरा जिलों में क्रमशः 348, 215 और 201 लोग अब भी लापता हैं। इन आंकड़ों से यह तो तय हो जाता है कि पूरी दिल्ली में मानव जीवन पर प्रहार हो रहा है। इसके बाद सुरक्षा एजेंसियों पर कई तरह के सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं। यदि सवाल सुरक्षा का है तो यहां शासन-प्रशासन को बेहद गंभीर होने की जरूरत है, चूंकि बुनियादी जरूरत भी न मिल सके तो बाकी की उम्मीद कैसे की जाए। किसी भी सरकार व प्रशासन का पहला नियम नागरिकों को सुरक्षा देना है और यदि ऐसा नहीं हो पा रहा है तो यह निराशाजनक स्थिति पैदा करता है, इसलिए ऐसे मामलों में सभी को अपने स्तर पर सक्रियता दिखानी होगी।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# सिया राम मय सब जग जानी



संकलित
दर्शन

हमारे वेद कहते हैं- सर्वे भवंतु सुखिनः, सर्वे संतु निरामया...अर्थात सब सुखी हों, सब निरोगी हों। वहां कोई, वर्ण, जाति, समूह और पक्ष-विपक्ष की बात ही नहीं है। हमारे ऋषि मुनियों ने युगों पहले यह सूत्र दे दिया था-वसुधैव कुटुंबकम यानी पूरी वसुधा ही हमारा परिवार है। संपूर्ण विश्व के लोगों के सुख और स्वास्थ्य की कामना भारतीय दर्शन का मूल है। न सिर्फ मनुष्य, बल्कि जीव मात्र के हित की इच्छा रखना ही सनातनी परिचय है। मैं राम कथा गाता हूं। राम राज के मूल में भी सर्वे भवंतु सुखिनः, सर्वे संतु निरामया की ही भावना है। भगवान श्रीराम ने सेतु बनाया। आज पूरे विश्व में समाज के विभिन्न वर्गों के बीच सेतु बनाए जाने की आवश्यकता है। जिसमें भी राम तत्व होगा, वह केवल जोड़ने की बात करेगा, तोड़ने की नहीं। सत्य, प्रेम और करुणा प्रमुख राम तत्व हैं। जिसमें ये तत्व होंगे, वह वंचितों तक पहुंचेगा। राम समाज के वंचित लोगों के पास स्वयं चलकर गए। केवट, शबरी, अहिल्या के प्रसंग इसके प्रमाण हैं। आज समाज की एक बड़ी जरूरत है कि सक्षम लोग वंचित लोगों तक, अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों तक स्वयं चल कर पहुंचें। मानस में नौ प्रकार की भक्ति का वर्णन हुआ है। शबरी के सामने गाई गई नौ प्रकार की भक्ति में गोस्वामी जी ने सातवीं भक्ति पूरे संसार को ब्रह्ममय मानना-देखना बताई है-'सातवं सम मोहि मय जग देखा।' जब हम पूरे संसार को ब्रह्ममय देखेंगे, महसूस करेंगे तो किसी के भी दोष दिखाई नहीं देंगे।

# जिसका भी मनोबल जागा



संकलित
प्रेरणा

राजा सुकीर्ति के पास एक लौहश्रुन्घ नामक हाथी था। राजा ने कई युद्ध में उसपर चढ़ाई करके विजय पायी थी। बचपन से ही उसे इस प्रकार से तैयार किया गया था कि युद्ध में शत्रु सैनिको को देखकर वो उनपर इस तरह टूट पड़ता। समय गुजरता गया, अब वह पहले की तरह कार्य नहीं कर पाता था। इसलिए अब राजा उसे युद्ध क्षेत्र में भी नहीं भेजते थे। वह सिर्फ हाथी शाला की शोभा बन कर रह गया। एक दिन वह सरोवर में जल पीने के लिए गया, लेकिन वहीं कीचड़ में उसका पैर धंस गया और फिर धंसता ही चला गया। हाथी के फंसने का समाचार राजा तक भी पहुँचा। राजा समेत सभी लोग हाथी के आसपास ईकट्ठे हो गए और विभिन्न प्रकार के प्रयत्न उसे निकालने के लिए करने लगे। लेकिन बहुत देर तक प्रयास करने के उपरांत कोई मार्ग नहीं निकला। तभी गौतम बुद्ध मार्गभ्रमण कर रहे थे। राजा और सारा मंत्रीमंडल तथागत गौतम बुद्ध के पास गये और अनुरोध किया। गौतम बुद्ध ने सबसे पहले घटनास्थल का निरीक्षण किया। और फिर राजा को सुझाव दिया कि युद्ध का माहौल बनाया गया, वाद्ययंत्र मंगवाए गए। नगाड़े बजवाये गए और ऐसा माहौल बनाया गया कि शत्रु सैनिक लौहश्रुन्घ की ओर बढ़ रहे है। और फिर तो लौहश्रुन्घ में एक जोश आ गया। गले तक कीचड़ में धस जाने के बावजूद वह जोर से चिंघाड़ लगाकर सैनिको की ओर दौड़ने लगा। बड़ी मुश्किल से उसे संभाला गया। गौतम बुद्ध ने सबको स्पष्ट किया कि हाथी की शारीरिक क्षमता में कमी नहीं थी, आवश्यकता मात्र उसके अंदर उत्साह के संचार करने की थी।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### चाइनीज मांझा : खुलेआम बिकती मौत की धार

हर शहर, हर गली, हर मोहल्ले में, जब बच्चे और किशोर पतंग उड़ाने निकलते हैं तो उनका उद्देश्य केवल आसमान छूना होता है। लेकिन दुर्भाग्य से अब पतंग की यह उड़ान कई बार किसी की जान लेकर ही थमती है। इसका कारण कोई आम धागा नहीं, बल्कि एक जानलेवा उत्पाद है- चाइनीज मांझा। यह मांझा अब केवल पतंगों की डोर नहीं रहा, यह सड़क पर चल रहे आम आदमी की ज़िंदगी का दुश्मन बन चुका है। हर दिन अख़बारों में ऐसी खबरें आती हैं कि फलां व्यक्ति की गर्दन मांझे से कट गई, किसी पक्षी के पर मांझे में उलझकर छिल गए, किसी स्कूली बच्चे का गला बुरी तरह घायल हो गया, कोई बाइक सवार अचानक बेहोश होकर गिर पड़ा। आज राह में मौत एक पारदर्शी धागे में लटकी हुई है।
– *विक्रम पटेल, धमतरी*

## ट्रेंड

### कोटि-कोटि नमन

महान स्वतंत्रता सेनानी, समाज सुधारक और विचारक ईश्वर चंद विद्यासागर को उनकी पुण्यतिथि पर कोटि-कोटि नमन। वे महिलाओं, वंचितों और गरीबों के उत्थान के लिए जीवन पर्यंत समर्पित रहे। स्वाधीनता के प्रति उनकी अडिग निष्ठा प्रेरणादायी है।
-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री



### रणनीतिक कौशल

यह सवाल करना कि हमारे लड़ाकू विमानों ने नजदीक से हमला क्यों नहीं किया, लंबी दूरी के सटीक हमलों के रणनीतिक कौशल को नजरअंदाज करना है, जिसने हमारे सैनिकों की रक्षा की और यह सुनिश्चित किया कि मिशन सफल रहे।
-एन. बीरेन सिंह, पूर्व सीएम, मणिपुर



### मोदी जी में अंहकार

22 अप्रैल 2025 को पहलगाम आतंकी हमला हुआ। नेता विपक्ष राहुल गाँधी और मैंने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर विशेष सत्र की मांग की, लेकिन हमें इस पत्र का कोई जवाब नहीं आया। मोदी जी के अंदर इतना अहंकार है कि वह विपक्ष के पत्र का जवाब देना भी जरूरी नहीं समझते।
- मल्लिकार्जुन खड़गे, अध्यक्ष, कांग्रेस



### राजद की कार्रवाई


क्या राजद अपने विधायक भाई वीरेंद्र पर भी कार्रवाई करेगी, जिन्होंने बाबा साहेब आंबेडकर के आदर्शों के उलट एससी-एसटी समाज के खिलाफ शर्मनाक टिप्पणी की, जान से मारने की धमकी दी।
-तेज प्रताप यादव, पूर्व मंत्री, बिहार



## करंट अफेयर

# रूस, यूक्रेन से 10-12 दिन में युद्ध समाप्त करे: अमेरिका


अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वह रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को यूक्रेन के खिलाफ युद्ध रोकने के लिए अब सिर्फ 10 से 12 दिन का वक्त दे रहे हैं। इससे पहले उन्होंने पुतिन को 50 दिन की समयसीमा दी थी। ट्रंप ने 14 जुलाई को कहा था कि अगर सितंबर की शुरुआत तक शांति समझौता नहीं होता तो वह रूस पर अत्यधिक शुल्क लगाएंगे लेकिन सोमवार को ट्रंप ने कहा कि अब वह पुतिन को सिर्फ 10 से 12 दिन का वक्त दे रहे हैं यानी वह चाहते हैं कि सात से नौ अगस्त तक शांति के प्रयासों में ठोस प्रगति हो। ट्रंप के इस कदम के तहत रूस के व्यापारिक साझेदारों पर भी प्रतिबंध और अतिरिक्त शुल्क लगाए जाने के आसार हैं। ट्रंप ने कहा कि इसकी औपचारिक घोषणा बाद में की जाएगी। समय सीमा घटाने को लेकर ट्रंप ने कहा, 'इंतजार की कोई ठोस वजह नहीं है। हमें कोई प्रगति होती नहीं दिख रही।' स्कॉटलैंड की यात्रा के दौरान ट्रंप ने कहा कि पुतिन को 'समझौता करना होगा। काफी संख्या में लोग मर रहे हैं।' रूस की ओर से इस मामले में तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। ट्रंप से एक सम्मेलन में जब रूस के राष्ट्रपति से संभावित मुलाकात के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, 'अब मुझे बातचीत में ज्यादा दिलचस्पी नहीं है।'



## ऑफ बीट

# स्वस्थ आहार लेने वाले बुजुर्गों को बीमारियां भी धीमी गति से

कल्पना कीजिए कि 70 वर्षीय दो व्यक्ति हैं, दोनों सक्रिय हैं, स्वतंत्र रूप से जीवन व्यतीत करते हैं और जीवन का आनंद लेते हैं। लेकिन अगले 15 वर्षों में, एक व्यक्ति को हृदय रोग, मधुमेह और अवसाद जैसी दो-तीन बीमारियां हो जाती हैं, जबकि दूसरा व्यक्ति अपेक्षाकृत स्वस्थ रहता है। ऐसा क्यों होता है? एक अध्ययन में शोधकर्ताओं ने पाया कि जो लोग निरंतर रूप से स्वस्थ आहार लेते हैं, उनमें दीर्घकालिक बीमारियां धीमी गति से विकसित होती हैं, जबकि प्रसंस्कृत मांस, परिष्कृत अनाज और शर्करा-युक्त पेय जैसे असंयमित आहार लेने वाले लोगों में बीमारियां अधिक तेजी से पनपती हैं। इससे विकलांगता, अस्पताल में भर्ती होने और समय से पहले मृत्यु का खतरा बढ़ता है। अध्ययन में हृदय रोग और अवसाद, डिमेंशिया जैसी मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं पर आहार का सबसे मजबूत प्रभाव दिखा। शोधकर्ताओं का कहना है कि स्वस्थ आहार जलन तथा पेट संबंधी कुछ समस्याओं को नियंत्रित कर सकता है। सब्जियाँ, फल, साबुत अनाज और स्वास्थ्य के लिए उपयोगी वसा इस जलन को कम करते हैं, जबकि अत्यधिक प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ इसे बढ़ाते हैं।



## अपने विचार

### हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

## सजा काटने के बाद भी दोषी की रिहाई रोकने पर सुप्रीम कोर्ट नाराज

# इस तरह के रवैए से तो हर दोषी जेल में मर जाएगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने नीतीश कटारा मर्डर के एक मामले में सजा समीक्षा बोर्ड को कड़ी फटकार लगाई। कोर्ट ने मार्च में 20 साल की सजा पूरी कर लेने के बाद भी एक दोषी को रिहा नहीं करने पर कोर्ट नाराज दिखा। कहा कि अगर यही हाल रहा तो हर दोषी जेल में ही मरेगा। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को 2002 के नीतीश कटारा हत्याकांड के दोषी सुखदेव यादव उर्फ पहलवान को रिहा करने का आदेश दिया। कोर्ट ने माना कि इस साल मार्च में उसने अपनी 20 साल की सजा पूरी कर ली है। सजा समीक्षा बोर्ड ने यादव के आचरण का हवाला देते हुए उसकी माफी की याचिका खारिज कर दी थी। शीर्ष अदालत ने एसआरबी की कार्रवाई पर आश्चर्य व्यक्त किया और कहा कि वह कोर्ट द्वारा पारित आदेश पर कैसे रोक लगा सकता है।

**नीतीश कटारा मर्डर के एक मामले में सजा पर की सुनवाई**

**कोर्ट ने माना वह 20 साल की सजा पूरी कर चुका**



### न्यायिक प्राधिकारी के आदेश को नहीं रोक सकते

जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ ने कहा कि सजा समीक्षा बोर्ड न्यायिक प्राधिकारी के आदेश को कैसे दबा सकता है? अगर यही रवैया रहा तो हर दोषी जेल में ही मरेगा। क्या यही कार्यपालिका का आचरण है? शीर्ष कोर्ट ने कहा कि यादव को 20 साल की सजा पूरी होने के बाद रिहा कर दिया जाना चाहिए था।

**एएसजी ने आजीवन कारावास की व्याख्या की**

*दिल्ली सरकार की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल अर्चना पाठक दवे ने तर्क दिया कि 20 साल की सजा के बाद स्वतः रिहाई नहीं हो सकती। आजीवन कारावास का अर्थ है जीवन शेष रहने तक जेल में रहना। हालांकि, यादव की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ मृदुल ने दलील दी कि उनके मुवक्किल ने 9 मार्च 2025 को अपनी सजा पूरी कर ली है। उन्होंने कहा कि यादव को 9 मार्च के बाद हिरासत में रखने का कोई वैध कारण नहीं है। दिल्ली सरकार ने सजा की गलत व्याख्या की है।*

### कानूनी सलाह देने वकीलों को समन जारी नहीं कर सकती जांच एजेंसी

*सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि अगर कोई व्यक्ति सिर्फ वकील के तौर पर काम करते हुए आपराधिक मामलों के जांच का सामना करने वाले अपने मुवक्किलों को कानूनी सलाह देता है या उनका प्रतिनिधित्व करता तो जांच एजेंसी उन्हें समन जारी कर नहीं बुला सकता है। हालांकि शीर्ष अदालत ने यह साफ कर दिया है कि कोई अधिवक्ता अपराध करने में अपने मुवक्किल का मदद कर रहा है तो जांच एजेंसी द्वारा समन जारी कर उन्हें बुलाया जा सकता है। इसी मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि ईडी सारी हदें पार कर रही है।*





### बालाजी मामले में तमिलनाडु सरकार को लगाई फटकार

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को तमिलनाडु सरकार द्वारा पूर्व राज्य मंत्री वी. सेंथिल बालाजी से जुड़े मामलों में 2000 से अधिक लोगों को कथित 'नकदी के बदले नौकरी' घोटाले में आरोपी बनाकर मुकदमे में देरी करने के प्रयास पर नाराजगी जताई। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने इसे न्यायिक व्यवस्था के साथ पूर्ण धोखाधड़ी बताया और बालाजी से जुड़े सभी लंबित मामलों को शीर्ष अदालत में सूचीबद्ध करने का आदेश दिया और मामले की सुनवाई बुधवार के लिए स्थगित कर दी।

## खबर संक्षेप

### बांके बिहारी मामलाः 10 दिन में होगी सुनवाई



**नई दिल्ली।** वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर के आस-पास रहने वाले मूल निवासियों के प्रार्थना पत्रों पर अधिवक्ता एपी सिंह की याचिका पर मंगलवार को जजों की डबल बेंच ने सुनवाई की। इसके बाद प्रकरण को सुनवाई के लिए चीफ जस्टिस की अदालत में अग्रेषित कर दिया। चीफ जस्टिस द्वारा 10 दिन के भीतर मामलों की सुनवाई की जाएगी।

### 80 से अधिक विद्यार्थियों की हालत बिगड़ी



**बुलंदशहर।** स्याना तहसील क्षेत्र के ग्राम कनौना स्थित इंटर कालेज में मच्छरों को मारने के लिए की गई फागिंग के बाद 80 से अधिक विद्यार्थियों की हालत बिगड़ गई थी। इसमें से 45 विद्यार्थियों को सीएचसी स्याना भर्ती कराया गया था। देर रात 3 विद्यार्थियों को उपचार के बाद घर भेज दिया गया है। 42 मेरठ मेडिकल रेफर किया।

### 1,490 तीर्थयात्रियों का 27वां जत्था जम्मू से रवाना



**जम्मू।** दक्षिण कश्मीर हिमालय में 3,880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित पवित्र अमरनाथ गुफा मंदिर में दर्शन करने के लिए 1,490 तीर्थयात्रियों का 27वां जत्था भगवती नगर आधार शिविर से रवाना हुआ। 3.86 लाख तीर्थयात्री बाबा के दर्शन कर चुके हैं। 1,262 पुरुषों, 186 महिलाओं और 42 साधुओं एवं साध्वियों का 27वां जत्था रवाना हुआ।

### जगन्नाथ मंदिर में गुप्त कैमरे के साथ गिरफ्तार



**पुरी।** पुरी के जगन्नाथ मंदिर में गुप्त कैमरा लेकर पहुंचे एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया। उसने गुप्त कैमरे वाला चश्मा पहना हुआ था और 12वीं सदी के इस मंदिर में फोटोग्राफी या वीडियोग्राफी पूरी तरह प्रतिबंधित है। तैनात सुरक्षाकर्मियों को कैमरे की रोशनी चमकने पर संदेह हुआ। पता चला कि कैमरा लगे हुए चश्मे के साथ वह परिसर में दाखिल हुआ था।

### बुजुर्ग को थार ने जान बूझकर मारी टक्कर



**गांधीनगर।** पॉश इलाका गांधीनगर में थार से बुजुर्ग को जानबूझकर थार को रिवर्स कर टक्कर मारने के सामने आए सीसीटीवी फुटेज ने पूरे शहर को हैरान कर दिया है। यह वारदात रविवार दोपहर डेढ़ बजे की है। तेज रफ्तार थार से गांधीनगर निवासी बुजुर्ग कमल कांत दत्ता लड़खड़ाकर स्कूटी लेकर गिर जाते हैं। वाहन को रिवर्स टक्कर मार दी।

## ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के दौरान 'माननीयों' के बीच गरमा-गरमी

# नड्डा और खरगे के बीच 'नोकझोंक' फिर केंद्रीय मंत्री ने शब्द लिए वापस

### प्रधानमंत्री मोदी के लिए आपत्तिजनक शब्द बोलने पर भड़के नड्डा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर पर राज्यसभा में चर्चा के दौरान सदन में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने पीएम मोदी और केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा। सरकार की आलोचना करते हुए खरगे ने प्रधानमंत्री मोदी के लिए आपत्तिजनक शब्द का इस इस्तेमाल किया। इस पर सदन के नेता जेपी नड्डा भड़क गए और खरगे के लिए भी आपत्तिजनक शब्द का इस्तेमाल किया। दोनों नेताओं के बीच सदन में तू-तू-मैं-मैं देखने को मिला।

ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के दौरान राज्यसभा में सदन के नेता नड्डा ने कहा कि राज्यसभा में विपक्ष के नेता खरगे बहुत वरिष्ठ नेता हैं लेकिन जिस तरह से उन्होंने प्रधानमंत्री पर टिप्पणी की। मैं उनकी तकलीफ समझ सकता हूं। वे (प्रधानमंत्री मोदी) 11 साल से वहां हैं। वे दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता हैं। केंद्रीय मंत्री नड्डा ने कहा कि खरगे अपना मानसिक सुंतलन खो चुके हैं। इस बयान के बाद कांग्रेस के सदस्यों ने जमकर हंगामा किया।

**खरगे के लिए भी आपत्तिजनक शब्द कहे**

**पीएम पद की गरिमा का खरगे ने अपमान किया**



#### नड्डा ने खरगे से मांफी मांगी

*राज्यसभा में सदन के नेता जेपी नड्डा ने खरगे पर दिए गए अपने बयान के लिए माफी मांगी। उन्होंने कहा कि हम विपक्ष के नेता का सम्मान करते हैं। मैंने अपने शब्द वापस लेता हूं। अगर आपको ठेस पहुंची हो तो मैं क्षमा भी मांगता हूं। लेकिन आप भी भावनाओं में बह गए थे। आप इतने बह गए थे कि आपको प्रधानमंत्री की गरिमा का भी ध्यान नहीं रहा, यह दुखद है।*

#### खरगे ने पीएम मोदी को कही ये बात

ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के दौरान राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि हम बैठक (सर्वदलीय) में शामिल हुए लेकिन आप चुनाव प्रचार के लिए बिहार गए। क्या यही आपकी देशभक्ति है?...उन्हें आज सदन में होना चाहिए था और हमारी बात सुननी चाहिए थी। अगर आपमें सुनने की क्षमता नहीं है, तो आप उस पद पर रहने के लायक नहीं हैं। खरगे ने पीएम मोदी को लेकर आपत्तिजनक शब्द का भी इस्तेमाल किया। जिसका भाजपा के सदस्यों ने जमकर विरोध किया।

#### फिर खरगे ने सम्मान जताया



राज्यसभा में सदन के नड्डा द्वारा उन पर की गई टिप्पणी को वापस लेने पर सदन में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि इस सदन में कुछ नेता हैं जिनके प्रति मेरे मन में अपार सम्मान है। नड्डा भी उनमें से एक हैं। राजनाथ सिंह और वह ऐसे मंत्री हैं जो बिना अपना संतुलन खोए बोलते हैं। वे आज मुझे बता रहे हैं। यह शर्म की बात है। उन्हें माफी मांगनी चाहिए, मैं इसे ऐसे ही नहीं छोड़ने वाला।

#### आप बिना बुलाए पाक के गले मिले

*खरगे ने 2015 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की औचक पाकिस्तान यात्रा पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि हम पाकिस्तान की निंदा करते रहे हैं, लेकिन हम इधर निंदा करते हैं और आप जाकर उनकी दावत में उन्हें गले लगा लेते हैं। आप खुद ही गलती करते हैं और दूसरों को पाठ पढ़ाते हैं। ऐसा नहीं करना चाहिए। हमारी पार्टी का देश के विकास में बड़ा योगदान है, लेकिन आपके पास एक भी ऐसी उपलब्धि नहीं है। आप पंडित नेहरू को बहुत कोसते हैं। पहलगाम में आतंकी कहां से आए? उन्होंने कहा कि हमले से सिर्फ तीन दिन पहले प्रधानमंत्री ने अपना कश्मीर दौरा रद्द कर दिया था। मैंने पहले भी पूछा था, लेकिन जवाब नहीं मिला कि क्या आपके पास आतंकी हमले की सूचना थी?पहलगाम में हमला हुआ, लेकिन सरकार कह रही है कि जो कुछ हमने किया, वो सही किया। राहुल गांधी ने पहलगाम हमले को लेकर विशेष सत्र बुलाने की मांग की, लेकिन कोई प्रतिक्रिया नहीं दी।*

**प्रियंका बोलीं नेहरू इंदिरा और मां के आंसुओं पर बात की पर युद्ध क्यों रोका?**



लोकसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर बहस के दौरान कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने केंद्र सरकार और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि गृह मंत्री ने अपने भाषण में नेहरू, इंदिरा गांधी और मेरी मां सोनिया गांधी के आंसुओं की बात की, लेकिन ये नहीं बताया कि संघर्ष के बीच अचानक ऑपरेशन क्यों रोका गया? प्रियंका ने सवाल उठाया कि दुश्मन पीछे हट रहा था, तब सरकार ने सीजफायर का फैसला क्यों लिया और देश को इसकी वजह क्यों नहीं बताई गई। उन्होंने इसे प्रधानमंत्री की गंभीर गैर-जिम्मेदारी बताया।

## भाजपा सांसद निशिकांत का पलटवार

# कांग्रेस के 40 सांसद रूस के लिए मुखबिरी करते थे



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा सांसद निशिकांत ने कहा कि कांग्रेस आर्मी चीफ की इज्जत नहीं करती है। 1962 में कांग्रेस ने नेहरू के चचेरे भाई कौल को असम नेपा का हेड बनाया। जब हम हार गए तो कौल भाग आया। नेहरू ने उस युद्ध में वायुसेना का उपयोग नहीं करने दिया। कांग्रेस ने 1962,1965 और 1971 में कितने एयरक्राफ्ट गिरे यह कभी नहीं बताया। दुबे ने कहा कि पाकिस्तान को जिन्ना और लियाकत अली ने बनाया। जब लियाकत अली देश का कट्टर नागरिक होना चाहता था तो नेहरू ने अपनी बहन विजय लक्ष्मी पंडित को मॉस्को राजदूत बनाया तो लियाकत अली दुखी हुआ और उसने भारत को बांट दिया। यही परिवारवाद कांग्रेस को यहां तक ले आया। कांग्रेस के 40 सांसद रूस के लिए मुखबिरी करते थे।

#### तिवारी का थरूर पर तंज, भारत की बात सुनाता हूं...'

कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने शशि थरूर का जिक्र कर लिखा। ऑपरेशन सिंदूर पर लोकसभा में जारी चर्चा के दौरान जहां एक ओर कांग्रेस सरकार को घेरने की कोशिश कर रही है, वहीं पार्टी के भीतर असंतोष के सुर भी उभरकर सामने आ रहे हैं। वरिष्ठ नेता शशि थरूर के चर्चा में शामिल न होने पर पहले से सवाल उठ रहे थे और अब तिवारी की एक सोशल मीडिया पोस्ट ने इस बहस को और रोमांचक बना दिया है। तिवारी ने एक्स पर एक स्क्रीनशॉट शेयर किया, जिसमें बताया गया कि उन्हें और थरूर को संसद बहस से दूर रखा गया है। उन्होंने इस पोस्ट के साथ 1970 की फिल्म 'पूरब और पश्चिम' के देशभक्ति गीत की पंक्तियां लिखीं कि भारत का रहने वाला हूं, भारत की बात सुनाता हूं।

#### विश्वगुरू ने देश को निराश कियाः कनिमोझी

लोकसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के दौरान डीएमके सांसद कनिमोझी ने पीएम मोदी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि 'विश्वगुरु' ने अपने ही देश के लोगों को निराश किया है। यदि भारत वास्तव में विश्वगुरु है तो आतंकवादी हमले क्यों होते रहते हैं। डीएमके सांसद ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान का पर्दाफाश करने के लिए विदेश भेजे गए प्रतिनिधिमंडल में शामिल करने के लिए सरकार का धन्यवाद किया।

## ईडी ने पूछे सवाल तो लड़खड़ाने लगी छांगुर की जुबान, जवाब देने में बाबा करने लगा इधर-उधर

# धर्म परिवर्तन क्यों करवाते थे? किसी 'राजनेता' से मिलीभगत तो नहीं?



एजेंसी ▶▶ लखनऊ

उत्तर प्रदेश में जबरन धर्मांतरण कराने के आरोप में गिरफ्तार छांगुर बाबा की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। लखनऊ में उसे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की स्पेशल कोर्ट में पेश किया गया था। ईडी की टीम उसे कस्टडी रिमांड पर लेकर चली गई थी।

ईडी ने उससे अवैध धर्मांतरण और देश विरोधी गतिविधियों को लेकर कई सवाल किए गए। छांगुर का ईडी के सवालों से सामना हुआ तो उसकी जुबान लड़खड़ाने लग गई। सूत्रों के अनुसार छांगुर ईडी के सवालों का जवाब नहीं दे पा रहा।

#### ईडी ने पूछे ये सवाल

**सवालः** तुम्हारे पास इतने पैसे विदेशों से क्यों भेजे जाते थे, इन पैसों का क्या करते हो?
**जवाबः** दीन और इस्लाम प्रचार में बहुत पैसे खर्च होते हैं साहब, बाकि मेरे पैसे जो भी आए वो इस्लाम और इसके प्रचार-प्रसार के लिए ही चंदे के तौर पर आए हैं।
**सवालः** धर्म परिवर्तन क्यों करवाते थे? इसके पीछे क्या मकसद था?
**जवाबः** कोई मकसद नहीं था मेरा, मैंने सिर्फ इस्लाम के प्रचार-प्रसार का काम किया है। कोई अपने मन से ही धर्म परिवर्तन करना चाहता है तो मेरी कोई गलती नहीं है, मैंने कभी ये सब काम पैसो के लिए नहीं किया न ही कभी किसी का जबरन धर्म परिवर्तन करवाया।
**सवालः** क्या दूसरे देशों से भी तुम्हे इंस्ट्रक्शन मिलता था इस्लाम के प्रचार के लिए?
**जवाबः** मैं निर्दोष हूं, मैं जो करता था सिर्फ अल्लाह के दिखाए मार्ग पर काम करता था।
**सवालः** क्या जो तुमने संपत्ति बनाई है क्या उसकी इनकम टैक्स को जानकारी दी है?
**जवाबः** ये मेरी संपत्ति है, मैंने किसी की संपति नहीं हड़पी। लोगो ने दीन के प्रचार के लिए दिया है इस पर सरकार और इनकम टैक्स का कोई हक नहीं है।
**सवालः** देश विरोधी गतिविधियों में भी इन पैसों का उपयोग किया है तुमने?
**जवाबः** मैं निर्दोष हूं, मैंने कोई गलत काम कभी नहीं किया है।
**सवालः** तुमने ये पैसा कहां कहां खर्च किया? इस सवाल पर छांगुर कुछ नहीं बोला। ईडी ने बैंक स्टेटमेंट की पूरी फाइल रखी और एक-एक रुपए के बारे में पूछा। छांगुर इन पैसों के बारे में नहीं बता पाया।
**सवालः** क्या तुमने विदेश में भी कोई संपत्ति खरीदी है या पैसा भेजा है?
**जवाबः** इसका कोई माकूल जवाब नहीं दिया है।
**सवालः** क्या किसी राजनेता, सरकारी अफसर या व्यापारी से मिलीभगत है तुम्हारी?
**जवाबः** छांगुर ने कुछ लोगों का नाम बताए जो छांगूर के अच्छे संपर्क में थे। दरख्वास्त करता था।
**सवालः** नेपाल में तुम्हारा नेटवर्क क्या है?
**जवाबः** मुझे नहीं पता हवाला के पैसों के बारे में, रकम सिर्फ चंदे के तौर पर ली जाती थी।
**सवालः** तुम भारत में मुस्लिम राष्ट्र स्थापित करना क्यों चाहते थे?
**जवाबः** मैं सिर्फ दीन और अल्लाह की बात करता हूं, उनके दिखाए मार्ग पर चलता हूं। मैं बेकसूर हूं।

## केंद्रीय पर्यावरण मंत्री ने बाघ दिवस पर कहा

# भारत आईबीसीए के माध्यम से वैश्विक बाघ संरक्षण में अग्रणी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने मंगलवार को राष्ट्रीय प्राणी उद्यान, नई दिल्ली में आयोजित वैश्विक बाघ दिवस समारोह की अध्यक्षता की। वन्यजीव संरक्षण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का उल्लेख करते हुए भ यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत में बाघ अभयारण्यों की संख्या वर्ष 2014 में 46 से बढ़कर आज तक 58 हो गई है। यह वृद्धि हमारे राष्ट्रीय पशु की सुरक्षा के प्रति प्रधानमंत्री की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

#### सात बड़ी बिल्लियों का संरक्षण करेंगे



केंद्रीय पर्यावरण मंत्री यादव ने भारत द्वारा शुरू किए गए अंतरराष्ट्रीय बिग कैट अलायंस (आईबीसीए) की ओर भी ध्यान आकर्षित किया, जिसका उद्देश्य दुनिया भर में पाई जाने वाली सात बड़ी बिल्लियों का संरक्षण करना है। उन्होंने बताया कि 24 देश पहले ही इस वैश्विक प्रयास में शामिल होने के लिए सहमत हो चुके हैं और इसका मुख्यालय भारत में होगा। यह देश के लिए अच्छा है।

**राष्ट्रव्यापी पौधरोपण अभियान जल्द होगा शुरू**

इस दौरान यादव ने राष्ट्रव्यापी पौधरोपण अभियान शुभारंभ करने की घोषणा की, जिसके अंतर्गत सभी 58 बाघ अभयारण्यों में 1 लाख से अधिक पौधे लगाए जाएंगे। इससे यह दुनिया में इस तरह के सबसे बड़े अभियानों में से एक बन जाएगा।

## हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश ने फिर मचाई तबाही

# मंडी में बादल फटने से 3 की मौत, कई गाड़ियां दबीं

एजेंसी ▶▶ मंडी

हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में भारी बारिश ने फिर तबाही मचाई है। बादल फटने से इस बार मंडी शहर के विभिन्न स्थानों पर कहर बरपा है। मंडी शहर के जेल रोड में अभी तक 3 लोगों की पानी के बहाव में बहने से मौत की पुष्टि हुई है। एक महिला का शव मलबे में दबी गाड़ियों के बीच में फंसा हुआ था, जिसे कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया।

#### खास बातें

- बाढ़ में दर्जनों छोटे-बड़े वाहन मलबे में दब गए
- सेना तैनात

#### लोगों को खिड़कियां तोड़कर बाहर निकाला



*मलबे में फंसे कई लोगों को खिड़कियां तोड़कर बाहर निकाला गया। मंडी सदर क्षेत्र के सभी शिक्षण संस्थान आज बंद रखने का फैसला लिया गया। बादल फटने के बाद आई बाढ़ में दर्जनों छोटे-बड़े वाहन मलबे में दब गए हैं और कुछ बह गए हैं। पैलेस कॉलोनी, जोनल अस्पताल और अन्य स्थानों पर बारिश ने कहर बरपाया है। पुलिस विभाग, एनडीआरएफ, होमगार्ड और अग्निशमन विभाग की टीमों की ओर से बचाव एवं राहत कार्य चलाया जा रहा है।*

**पाली में फिर बरसे बादल, कई कॉलोनियों में पानी भरा**

**पाली।** पाली की सुबह अचानक जब आसमान में काली घटाएं छा गईं तो शहरवासियों की चिंता एक बार फिर गहरा गई। भारी बारिश के बाद अब भी कई कॉलोनियों में पानी जमा है। हालात सामान्य नहीं हो पाए हैं और ऐसे में जब बादल फिर से बरसने को तैयार हैं। जैसे ही बारिश शुरू हुई, उन मोहल्लों में रहने वाले लोग फिर सहम गए, जहां अब तक पानी निकासी नहीं हो पाई है। कई कॉलोनियों में लोग जलभराव की समस्या से जूझ रहे हैं।

#### देशभर में बारिश से परेशानी

### मुंबई में जाम, उत्तर प्रदेश में सड़कें जलमग्न

*देश के कई हिस्सों में मानसून की बारिश ने एक बार फिर कहर बरपाना शुरू कर दिया है। दिल्ली, गाजियाबाद, फरीदाबाद और ग्रेटर नोएडा में भारी बारिश के चलते सड़कों में जलजमाव हो गया है। लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मुंबई में भी भारी बारिश से जनजीवन प्रभावित है। शहर के कई हिस्सों में जलभराव और ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी हुई है। हाई टाइड को लेकर अलर्ट भी जारी किया गया है।*

## डिंपल पर टिप्पणी से बढ़ी नाराजगी

# सही से इलाज कर दिया, रशीदी को सपा कार्यकर्ताओं ने मारा थप्पड़!

एजेंसी ▶▶ नोएडा

यहां सेक्टर 126 थाना क्षेत्र में एक निजी न्यूज चैनल के स्टूडियो में उस समय हंगामा मच गया, जब सपा के कार्यकर्ताओं ने ऑल इंडिया इमाम एसोसिएशन के अध्यक्ष मौलाना साजिद रशीदी को थप्पड़ मार दिया। यह घटना मौलाना द्वारा सपा सांसद डिंपल यादव पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के बाद हुई, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

बताया जा रहा रशीदी एक डिबेट में शामिल होने पहुंचे थे। डिबेट मसपा युवजन सभा के प्रदेश सचिव कुलदीप भाटी अपने साथियों संग पहुंचे थे। डिबेट खत्म होने के बाद कुलदीप अपने साथियों संग मौलाना के करीब जाते हैं और उन्हें थप्पड़ मार देते हैं। इससे मौके पर अफरा-तफरी मच जाती है। वारदात के बाद भाटी का एक एक्स पर पोस्ट आता है जिसमें वे कहते हैं यादव के खिलाफ एक मौलाना ने अभद्र टिप्पणी की है। आज मौलाना का सही से इलाज कर दिया गया है और आगे भी करेंगे।



### भारतीय रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर स्वामीनाथन ने कहा

# प्रतिस्पर्धा के दबाव में अनैतिक तरीके अपना रहे हैं कुछ बैंक: डिप्टी गवर्नर

एजेंसी ▸▸ मुंबई

तेज प्रतिस्पर्धा का दबाव और अल्पकालिक सफलता की चाहत कुछ बैंकों और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) को अनैतिक तरीके अपनाने के लिए प्रेरित कर रही है। भारतीय रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर (डीजी) स्वामीनाथन जे ने यह बात कही।

■ एनबीएफसी बैंक अल्पकालिक सफलता चाहते हैं

डिप्टी गवर्नर ने पिछले शुक्रवार को तमिलनाडु के करूर में निजी क्षेत्र के करूर वैश्य बैंक के स्थापना दिवस समारोह में कहा कि ऐसे ऋणदाताओं के प्रबंधन को लगता है कि ''साध्य साधन को सही ठहराता है।'' उन्होंने चेतावनी दी कि इस तरह की प्रथाओं से बैंकिंग प्रणाली की अखंडता में जनता का भरोसा कम होने का खतरा है।

**खास बातें**

- स्वामीनाथन ने चेतावनी में कहा, इससे बैंकों पर भरोसा होगा कम
- बैंक बोर्ड और प्रबंधन अपनी जिम्मेदारी का निर्वाहन करे



### प्रतिस्पर्धा का दबाव बढ़ता जा रहा

डिप्टी गवर्नर ने अपने संबोधन में कहा, ''तेज प्रतिस्पर्धा का दबाव और अल्पकालिक सफलता की चाहत से प्रेरित होकर, कुछ बैंकों और एनबीएफसी के प्रबंधन का मानना है कि साध्य साधन को सही ठहराता है।'' केंद्रीय बैंक ने यह भाषण मंगलवार को अपनी वेबसाइट पर पोस्ट किया।

### बैंक कुछ उदार नियमों का सहारा ले रहें

स्वामीनाथन ने कहा कि कुछ ऋणदाता रचनात्मक लेखांकन और नियमों की उदार व्याख्या जैसी प्रथाओं का सहारा ले रहे हैं, और कुछ बोर्डरूम में अपर्याप्त आंतरिक नियंत्रणों को सामान्य बनाया जा रहा है। वाणिज्यिक बैंकर से नियामक बने स्वामीनाथन ने कहा, ''बोर्डरूम से लेकर शाखा तक, नैतिक प्रथाओं से जुड़ी और उनमें निहित प्रणालियों, लोगों और प्रक्रियाओं के साथ वृद्धि महत्वपूर्ण है।''

### प्रबंधन कड़ी मेहनत से भरोसा मजबूत करें

स्वामीनाथन ने कहा कि बैंक बोर्ड और प्रबंधन की जिम्मेदारी है कि वे उत्तरदायी सेवा, विश्वसनीय प्रणालियों और जिम्मेदार नेतृत्व के जरिये कड़ी मेहनत से हासिल भरोसे को और मजबूत करें।

### वैकल्पिक निवेश कोष में बैंक की निवेश सीमा तय

भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंकों और एनबीएफसी सहित किसी एकल विनियमित संस्था (आरई) द्वारा वैकल्पिक निवेश कोष (एआईएफ) योजना में निवेश की सीमा कोष के 10 प्रतिशत तक तय की। भारतीय रिजर्व बैंक (एआईएफ में निवेश) निर्देश, 2025 के मुताबिक किसी भी एआईएफ योजना में सभी विनियमित संस्थाओं का कुल योगदान उस योजना के कोष के 20 प्रतिशत से अधिक नहीं होना चाहिए। आरई से तात्पर्य बैंकों, एनबीएफसी और अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों से है।

### 10 फीसदी से अधिक का योगदान नहीं करेगी

परिपत्र में कहा गया, ''कोई भी विनियमित इकाई व्यक्तिगत रूप से किसी एआईएफ योजना के कोष में 10 प्रतिशत से अधिक का योगदान नहीं करेगी।'' परिपत्र में यह भी कहा गया है कि आरबीआई सरकार के परामर्श से कुछ एआईएफ को मौजूदा परिपत्रों और संशोधित निर्देशों के दायरे से छूट दे सकता है।

## शेयर बाजार में रंगत लौटी, सेंसेक्स 447 अंक चढ़ा

**मुंबई।** रिलायंस इंडस्ट्रीज और एचडीएफसी बैंक जैसी बड़ी कंपनियों के शेयरों में तेजी के दम पर स्थानीय शेयर बाजार मंगलवार को तीन दिन की गिरावट से उबरने में सफल रहा। सेंसेक्स में 447 अंक की तेजी रही, जबकि निफ्टी 140 अंक चढ़ गया। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 446.93 अंक यानी 0.55 प्रतिशत बढ़कर 81,337.95 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 538.86 अंक चढ़कर 81,429.88 अंक पर पहुंच गया था। निफ्टी भी 140.20 अंक यानी 0.57 प्रतिशत चढ़कर 24,821.10 अंक पर बंद हुआ।

## रिलायंस का सौराष्ट्र ब्लॉक के लिए ओएनजीसी, बीपी से करार

**नई दिल्ली (भाषा)।** रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने सौराष्ट्र बेसिन में तेल एवं गैस की खोज के लिए सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी ओएनजीसी और बीपी एक्सप्लोरेशन (अल्फा) लिमिटेड के साथ संयुक्त परिचालन समझौता किया है। आरआईएल ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि 28 जुलाई को ओएनजीसी के कार्यालय में इस समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। सौराष्ट्र ब्लॉक को खुला क्षेत्र लाइसेंसिंग नीति की नौवीं बोली प्रक्रिया के तहत तीनों कंपनियों को संयुक्त रूप से आवंटित किया गया था। यह ब्लॉक गुजरात तट से सटे पश्चिमी समुद्री क्षेत्र में स्थित है और इसका क्षेत्रफल 5,454 वर्ग किलोमीटर है। समझौते के मुताबिक, इस ब्लॉक में ओएनजीसी को परिचालक की भूमिका दी गई है और तीनों कंपनियां मिलकर क्षेत्र में हाइड्रोकार्बन संसाधनों की खोज और दोहन के लिए अन्वेषण गतिविधियां चलाएंगी। यह पहला अवसर है जब रिलायंस, ओएनजीसी और बीपी ने किसी अपतटीय ब्लॉक की खोज और उत्पादन के लिए एक साथ साझेदारी की है।


**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, निदेशक/एडमिन, उत्तर रेलवे नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए e-निविदाए आमंत्रित की जाती हैं।

| | | | |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | एडीईएन/उत्तर रेलवे केंद्रीय अस्पताल के अधीन एसएसई/ वर्क्स/ उत्तर रेलवे केंद्रीय अस्पताल के अनुभाग में एमआईसीयू, रोगी शौचालय, रोगी केबिन और वार्ड आदि की मरम्मत और सुधार। | | |
| अनुमानित लागत | ₹ 15999956.43 | धरोहर राशि | ₹ 230000/- |
| समापन अवधि | 08 माह | निविदा खुलने की तिथि | 22.08.2025 |

सूचनाः निविदा रेलवे की वैबसाइट "www.ireps.gov.in" पर उपलब्ध है तथा इसी वैबसाइट पर 22.08.2025 15:00 बजे तक ही भरी जायगी।

पत्र सं.: 128-W-269-O.E.T.-07-25-26-NRCH दिनांक: 29.07.2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2315/2025



**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त, **ओम प्रकाश उर्फ मामा**, पुत्रः शिव लाल, पताः मकान न.– एफ–2/185–186, मंगोलपुरी, दिल्ली, और गांव मवैया, मैकुपुरवा, चकेरी एयरपोर्ट के पीछे, कानपुर, यू.पी.,ने **FIR No. 213/2019, U/s 77 J.J. Act,** थानाः मंगोलपुरी दिल्ली, के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **ओम प्रकाश उर्फ मामा,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **ओम प्रकाश उर्फ मामा,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 213/2019, U/s 77 J.J. Act,** थानाः मंगोलपुरी, दिल्ली, के उक्त अभियुक्त, **ओम प्रकाश उर्फ मामा,** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **01.09.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्रीमती रीतिका जैन, एलडी.
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–05
(उत्तर–पश्चिम) कमरा न. 105
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/10059/OD/2025
(Court Matter)



**GOVERNMENT OF CHHATTISGARH, WATER RESOURCES DEPARTMENT OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, MANIYARI WATER RESOURCES DIVISION, MUNGELI, DISTT. MUNGELI (C.G.)**

**e-PROCUREMENT TENDER NOTICE**
**eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in**
**(FIRST-CALL)**

NIT No.: 05/SAC/2025-26, Dated: 28.07.2025

Online Tenders are invited for the following works up to 18.08.2025 at 17.30 Hour

Name of work - CONSTRUCTION OF CANAL FROM R.D. 7140 M. TO 12600 M. AND CONSTRUCTION OF 23 NO. STRUCTURES AND CEMENT CONCRETE LINING FROM R.D. 7140 M. TO 12600 M. OF HALF RIVER DIVERSION SCHEME & RENOVATION OF TEMRI TANK.

System Tender No. 172681, Probable Amount of Contract: Rs. 464.97 Lakhs (As Per SOR 01.08.2010 and Amendments 01.08.2014)

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh Integrated e-Procurement Portal (https://eproc.cgstate.gov.in) from Date 04.08.2025, at 17.31 Hours. (IST) onwards.

NOTE :- All eligible/intrested contractors/bidders are mandated to get enrolled on the Integrated e-procurement portal (https://eproc.cgstate.gov.in) and get approval on specific vendor class from PWD under Centralized Contractor/Supplier Registration in order to download the tender documents and participate in the subsequent bidding process.

EXECUTIVE ENGINEER
MANIYARI W.R. DIVISION MUNGELI
DISTT-MUNGELI (C.G.)

G-252602433/9



मेरा किया जो काटे उसे ईनाम

**गुरूजी सम्राट**



ज्योतिष द्वारा सभी समस्याओं का तुरंत समाधान। घर बैठे फोन पर समस्याओं का समाधान जानें। वशीकरण, पति - पत्नी, सास - बहु में अनबन, मुकदमा, गृह क्लेश, सौतन, दुश्मनी से छुटकारा, शादी, कारोबार, विदेश यात्रा आदि।

**7534997731**



**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार–पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।


## आलोक त्रिपाठी पूर्वी तट रेलवे के खुर्दा रोड मंडल के मंडल रेल प्रबंधक नियुक्त



**खुर्दा रोड।** भारतीय रेल यातायात सेवा (आईआरटीएस) के 1998 बैच के वरिष्ठ अधिकारी आलोक त्रिपाठी ने पूर्वी तट रेलवे के खुर्दा रोड मंडल के नए मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) का कार्यभार संभाल लिया है। श्री त्रिपाठी ने श्री एच. एस. बाजवा से कार्यभार ग्रहण किया है, जिन्होंने खुर्दा रोड मंडल में समर्पण और प्रतिबद्धता के साथ सेवा की है। पूरा मंडल श्री त्रिपाठी का हार्दिक स्वागत करता है और उनके नेतृत्व में और भी उपलब्धियाँ हासिल करने की आशा करता है। इस नियुक्ति से पहले, श्री त्रिपाठी रेलवे बोर्ड, नई दिल्ली में कार्यकारी निदेशक (फ्रेट मार्केटिंग) के पद पर कार्यरत थे। दो दशकों से अधिक के विशिष्ट करियर के साथ, वे भारतीय रेलवे में विभिन्न प्रमुख पदों पर व्यापक प्रशासनिक और परिचालन अनुभव लेकर आए हैं। श्री त्रिपाठी ने राष्ट्रीय उच्च गति रेल निगम लिमिटेड (एनएचएसआरसीएल) में महाप्रबंधक सहित कई उल्लेखनीय पदों पर कार्य किया है और पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय (एमओपीएनजी) में प्रतिनियुक्ति पर कार्य किया है। उनकी पूर्व भूमिकाओं में अहमदाबाद में सहायक परिचालन प्रबंधक (एओएम), वडोदरा में मंडल परिचालन प्रबंधक (डीओएम) और पश्चिम रेलवे में क्षेत्रीय रेल प्रबंधक (एआरएम) के पद शामिल हैं।

## रुपया 12 पैसे टूटकर 86.82 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** अमेरिकी डॉलर में मजबूती और कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के बीच रुपया मंगलवार को 12 पैसे टूटकर 86.82 (अस्थायी) पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि पेट्रोलियम विपणन कंपनियों (ओएमसी) और आयातकों की ओर से मासान्त की डॉलर मांग ने रुपये पर और दबाव डाला। इसके अलावा, इस सप्ताह अमेरिकी फेडरल रिजर्व और बैंक ऑफ जापान की मौद्रिक नीति के फैसले से पहले निवेशक सतर्क हैं। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 86.76 प्रति डॉलर पर खुला।

## ट्रेड डील पर वार्ता के लिए अमेरिकी दल 25 को भारत आएगा

**नई दिल्ली।** भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर अगले दौर की वार्ता के लिए अमेरिकी दल 25 अगस्त को भारत आएगा। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने आगे कहा कि एक अगस्त की समयसीमा नजदीक आने के साथ ही दोनों पक्ष एक अंतरिम व्यापार समझौते पर बातचीत जारी रखेंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत (26 प्रतिशत) सहित दर्जनों देशों पर लगाए गए शुल्क की निलंबन अवधि एक अगस्त को समाप्त हो रही है।

## माननीय प्रधानमंत्री ने रखी पावरग्रिड की ट्रांसमिशन प्रणाली की आधारशिला



**नई दिल्ली।** माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 27 जुलाई, 2025 को तमिलनाडु के तूतीकोरिन में आयोजित एक समारोह में कुडनकुलम यूनिट-3 और 4 (2x1000 मेगावाट) बिजली संयंत्र से बिजली की निकासी के लिए भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय के तहत 'महारत्न' सीपीएसई, पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (पावरग्रिड) द्वारा निर्मित किए जा रहे ट्रांसमिशन सिस्टम की आधारशिला रखी। अंतर-राज्यीय ट्रांसमिशन सिस्टम (आईएसटीएस) परियोजना के तहत पावरग्रिड कुडनकुलम ट्रांसमिशन लिमिटेड द्वारा कार्यान्वित की जा रही इस योजना में 400 केवी डी/सी (क्वाड) कुडनकुलम परमाणु ऊर्जा संयंत्र (3 और 4) - तूतीकोरिन- II जीआईएस पीएस ट्रांसमिशन लाइन और तूतीकोरिन- II जीआईएस में दो 400 केवी जीआईएस लाइन टर्मिनल उपकरणों का निर्माण शामिल है।

## दिल्ली सराय रोहिल्ला रेलवे स्टेशन का उन्नयन



**नई दिल्ली।** उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल अपने रेल बुनियादी ढांचे के उन्नयन के लिए निरंतर प्रयासरत है और उसने दिल्ली सराय रोहिल्ला रेलवे स्टेशन पर एक महत्वपूर्ण आधुनिकीकरण परियोजना पूरी की है। दिल्ली सराय रोहिल्ला, दिल्ली क्षेत्र का एक महत्वपूर्ण स्टेशन है जहाँ से प्रतिदिन लगभग 104 ट्रेनें चलती/गुजरतीहैं (महत्वपूर्ण ट्रेनें जयपुर के लिए डबलडेकर, जम्मू तवी के लिए दुरंतो एक्सप्रेस, यशवंतपुर के लिए दुरंतो एक्सप्रेस, उदयपुर के लिए चेतक एक्सप्रेस, अजमेर जनशताब्दी आदि) हैं। दिल्ली सराय रोहिल्ला रेलवे स्टेशन पर प्रतिदिन लगभग 30,200 यात्री आते-जाते हैं। दिल्ली सराय रोहिल्ला रेलवे स्टेशन अब रेल संचालन के लिए बेहतर ढंग से सुसज्जित है। उन्नयनकार्य 21.7.2025 से 28.7.2025 तकचला। इस प्रमुख उन्नयन परियोजना की अनुमानित लागत लगभग 25 करोड़ रुपये है।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड (एचएसएएमबी), भिवानी | बवानी खेड़ा निर्वाचन क्षेत्र, जिला भिवानी में गांव धनाना में खरीद केन्द्र का विकास। माननीय सी.एम. घोषणा कोड सं. 27369 दिनांक 02.04.2023. | बंद होने की तिथि 07.08.2025 | रु. 2,75,37,381/- | https://etenders.hry.nic.in | 01664-242782 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

संवाद–13/2026/40/37135/1/88/7 दि. 29.07.25



**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार जिले में (हांसी निर्वाचन क्षेत्र) (रोड आईडी 5266) 5.50 मी. से 10.00 मी. तक चौड़ा करने और मजबूतीकरण के प्रावधान द्वारा हांसी उमरा सुल्तानपुर कंवारी की विशेष मरम्मत (एचटी/एलटी 33 केवी दयाल सिंह कॉलोनी लाइन की शिफ्टिंग का प्रावधान) + 2 कार्य। | 28.07.2025 06.08.2025 | 24.43 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार जिले में (आदमपुर निर्वाचन क्षेत्र) ग्रुप नं. 8 में कार्य कार्यक्रम 2025-26 के तहत दिल्ली हिसार सुलेमानकी (एनएच-10) रोड से जाखोद खेड़ा वाया दुर्जनपुर रोड आरडी 0.00 से 1.700 और 2.450 से 10.980 (रोड आईडी 4900) तक रोड का मजबूतीकरण + 11 कार्य। | बंद होने की तिथि 02.08.2025 | 4815.13 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9878384499 pwd-eepd1-hissar@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प रोहतक | रोहतक जिले में कलानौर में 50 बिस्तर वाले हस्पताल में आपातकालीन ब्लॉक सहित ओपीडी का निर्माण (सीसीटीवी, एलएएन, ईपीएबीएक्स और फायर अलार्म सिस्टम का प्रावधान केवल)। | 25.07.2025 11.08.2025 | 32.81 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9034929655 pwd-eeed-rohtak@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प कुरूक्षेत्र | कुरूक्षेत्र जिले में कुरूक्षेत्र में एसकेआईईटी इंस्टीट्यूट से नये बस स्टैंड पिपली तक सहारनपुर कुरूक्षेत्र रोड पर स्लीप रोड का निर्माण। | 28.07.2025 04.08.2025 | 4.12 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1744297271 pwd-eepd2-kurukshetra@hry.nic.in |
| 5 | लोनिवि भ व प रोहतक | प्रशासनिक खण्ड राजकीय आईटीआई जीन्द की विशेष मरम्मत (70 वर्ग मी. केबल और फायर सिलिंडर का प्रावधान केवल) (ई.आई. निच के रखरखाव और अर्थिंग का प्रावधान केवल) + 2 कार्य। | 25.07.2025 01.08.2025 | 7.07 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9034929655 pwd-eeed-rohtak@hry.nic.in |
| 6 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | हरियाणा राज्य अतिथि गृह, चाणक्यपुरी, नई दिल्ली में हाउसकीपिंग सेवाओं, सुविधा प्रबंधन सेवाओं का प्रावधान जैसे फ्रंट ऑफिस, रिसेप्शन, सभी सुइट्स और फ्लोर तथा कैम्पस एरिया का मैकेनाइज्ड हाउसकीपिंग प्रबंधन। | बंद होने की तिथि 04.08.2026 | 143.44 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 7 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | हरियाणा भवन, नई दिल्ली में हाउसकीपिंग सेवाओं, सुविधा प्रबंधन सेवाओं का प्रावधान जैसे फ्रंट ऑफिस, रिसेप्शन, सभी सुइट्स और फ्लोर तथा कैम्पस एरिया का मैकेनाइज्ड हाउसकीपिंग प्रबंधन। | बंद होने की तिथि 04.08.2025 | 347.77 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 8 | पंचायती राज सोनीपत | गांव खुबडू ब्लॉक गन्नौर में बदलू वाली चौपाल (सामान्य) का निर्माण। | बंद होने की तिथि 04.08.2025 | 22.45 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 9 | पंचायती राज करनाल | जी.बीरबल ब्लॉक इन्द्री, जिला करनाल में बाल्मिकी चौपाल का निर्माण स्कीम एचआरडीएफ + 1 कार्य। | 25.07.2025 13.08.2025 | 52.54 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 10 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा नारनौल | महेन्द्रगढ़ जल सेवाएं मंडल, नारनौल में नारनौल ब्रांच के पम्प हाउसेज एनबी-2 और एनबी-3 की डिस्टी पर विभिन्न आकार के आर्म्ड केबल, पीवीसी एक्सएलपीई एलटी एल्यूमीनियम कंडक्टर की आपूर्ति, बिछाना और स्थापना / फिक्सिंग। | बंद होने की तिथि 12.08.2025 | 19.52 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01252-251353 xen-wsmnrl.irr@gov.in |
| 11 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा पंचकूला | भिवानी डिवीजन हेतु हार्डवेयर मदों की आपूर्ति + 2 अन्य कार्य। | 29.07.2025 12.08.2025 | 54.35 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2580542 xenproc@gmail.com |
| 12 | बागवानी विभाग सीओई, मुनीमपुर, झज्जर | सीओई, मुनीमपुर (झज्जर) में जॉब वर्क के आधार पर विभिन्न मेनियल और अन्य कार्यों के लिए लेबर की आपूर्ति। | 29.07.2025 31.08.2025 | ईएमडी 50,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9671627548 coemunimpur@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच–11/2026/240/37137/I/88/7 दि. 29.07.25


## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता के सानिध्य मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृष** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। किसी मित्र से वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**मिथुन** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। वाणी में मधुरता रहेगी। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम भी अधिक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। तरक्की भी हो सकती है। आय बढ़ेगी।

**सिंह** — आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे, परन्तु धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें।

**कन्या** — मन में उतार–चढ़ाव रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। कार्यस्थल पर व्यर्थ के वाद–विवाद से बचें।

**तुला** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग–दौड़ अधिक रहेगी।

**वृश्चिक** — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**धनु** — आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। परन्तु अति उत्साही होने से बचें। संयत रहें। माता का साथ मिलेगा। आय भी बढ़ेगी। संतान को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं।

**मकर** — माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के साधन बन सकते हैं। तरक्की के योग बन रहे हैं।

**कुंभ** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। भाइयों का सहयोग रहेगा।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मान–सम्मान की प्राप्ति होगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

## सोना 200 रुपये टूटा, चांदी 1.13 लाख रुपये किलो पर स्थिर

**नई दिल्ली।** स्टॉकिस्ट की सतत बिकवाली के कारण मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 200 रुपये टूटकर 97,820 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी है। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत सोमवार को 98,020 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। स्थानीय बाजारों में, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने में लगातार पांचवें दिन गिरावट जारी रही और मंगलवार को यह 200 रुपये टूटकर 97,550 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गया। पिछले बाजार सत्र में यह 97,750 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

## शब्द पहेली - 5943



**बाएँ से दाए**
1. राजा का पुत्र-5
4. मन को हरने वाला-4
7. काल, समय, पीरियड-2
8. खोदना-3
9. मोटा आटा-2
10. पशु, मवेशी-4
11. जलापूर्ति का साधन-2
13. पुत्र, बेटा-3
14. क्षार, खारा-2
15. दर, मूल्य-3
17. नौका-2
19. नारायण-नारायण रटनेवाले देवर्षि-5
22. लालन-पालन-5
25. अच्छा, भला-2
26. पूर्ण करना-3
28. गोष्ठी, सम्मेलन-2
29. हुनरमंद-3
30. पिता का भाई -2
32. कुरुपता-4
34. इसाई साध्वी -2
36. टेंशन, परेशानी-3
37. खुजली -2
38. अशक्त, निर्बल-4
39. नगर में रहनेवाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. झगड़ा, बैर, द्वेष-2
2. सद्पुरुष, अच्छे कुल का-3
3. सार-संभाल-2,3
4. विचार करना-3
5. प्रत्येक-2
6. परंपरा, धर्मविधी-4
7. आवास, गरीबखाना-5
10. संपत्ति-4
12. भाग्यशाली (अंग्रेजी-2)
16. भालू-बंदर नचाने वाला-3
17. मां की मां-2
18. भय, खौफ-2
20. वेग, गति-3
21. मुंह, चेहरा-2
22. पैर, ओहदा-2
23. वर्धनशील, बढ़नेवाला-4
24. शकरगंजी, कंद-5
25. सभागार, सभाकक्ष-5
26. भयंकर, खतरनाक-4
27. मोड़-2
31. कायर, डरपोक-3
33. तीन घंटे का समय, प्रहर-3
35. भीगा हुआ-2
37. नौकरानी-2

### शब्द पहेली- 5942 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | रा | ज | क | पू | र | ■ | अ | च | र | ज |
| ज | य | ■ | रा | ■ | क्षि | ति | ज | ■ | त | ला |
| ना | ■ | अ | मा | न | त | ■ | र | वा | ■ | व |
| न | सी | ह | | ■ | व | ह | ■ | म | का | न |
| खा | ■ | म | ■ | र | न | र | ■ | ■ | ल | ■ |
| ना | म | क | र | ण | ■ | स | ला | ह | का | र |
| ■ | हा | ■ | ■ | वी | रा | ना | ■ | र | ■ | ज |
| का | न | न | ■ | र | ज | ■ | | जा | ग्र | त |
| म | ■ | र | ज | ■ | घ | ब | रा | ना | ■ | प |
| का | र | ■ | ग | ज | रा | ■ | ज | ■ | प | ट |
| ज | न | म | त | ■ | ना | ट | क | का | र | ■ |

## सूडोकु नवताल- 5953

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | | | 5 | | | | 4 |
| 4 | | | 2 | | 7 | | 8 | |
| | 1 | 6 | | 8 | | | | 3 |
| 8 | | 5 | | 9 | | | | 7 |
| 3 | 6 | | | 2 | | | 1 | 9 |
| 1 | | | | 3 | | 5 | | 2 |
| 5 | | | | 7 | | 6 | 3 | |
| | 3 | | 1 | | 8 | | | 5 |
| 9 | | | | 6 | | | 2 | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु नवताल- 5952 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 1 | 6 | 9 | 4 | 2 | 5 | 3 |
| 2 | 6 | 4 | 5 | 3 | 8 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 4 | 6 | 8 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 4 | 1 | 3 | 2 | 6 |
| 1 | 2 | 3 | 9 | 5 | 6 | 7 | 8 | 4 |
| 4 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 9 | 1 | 5 |
| 3 | 9 | 7 | 2 | 6 | 5 | 8 | 4 | 1 |
| 6 | 4 | 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 3 | 7 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 7 | 3 | 6 | 9 | 2 |

# गिल-विराट सहित इन बल्लेबाजों ने टेस्ट क्रिकेट कप्तानी में डेब्यू करते ही लगाए सर्वाधिक शतक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में कप्तानी का प्रभाव खिलाड़ी पर पड़ता है। कुछ लोग इसके दबाव में बिखर जाते हैं और उन्हें कप्तानी रास नहीं आती। वहीं, कुछ खिलाड़ी अतिरिक्त जिम्मेदारी मिलने पर बेहतर प्रदर्शन करते हैं। शुभमन गिल ने भी अपनी कप्तानी की डेब्यू सीरीज में इंग्लैंड के खिलाफ बल्लेबाजी में कमाल किया है। इस बीच टेस्ट क्रिकेट इतिहास में कप्तानी में डेब्यू करते हुए सीरीज में सर्वाधिक शतक लगाने वाले खिलाड़ियों के बारे में जानते हैं।





## शुभमन गिल (4* शतक)

गिल ने एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी 2025 में 700 से अधिक रन बनाए हैं। कप्तानी करते हुए उनकी बल्लेबाजी और बेहतर नजर आई है। यही कारण है कि उन्होंने इंग्लैंड दौरे पर निरंतर रन बनाने में सफलता हासिल की है। लॉर्ड्स टेस्ट को छोड़कर उन्होंने हेडिंग्ले, एजबेस्टन और मैनचेस्टर टेस्ट में शतक जड़े। दिलचस्प रूप से उन्होंने एजबेस्टन में 269 और 161 रन की पारियां खेलते हुए जीत में अहम भूमिका निभाई थी।

## गिल ने हासिल की ये उपलब्धि

गिल अब किसी एक टेस्ट सीरीज में 700 से अधिक रन बनाने वाले सिर्फ दूसरे भारतीय कप्तान बने हैं। उनसे पहले सुनील गावस्कर (732 रन बनाम वेस्टइंडीज) ऐसा कर चुके हैं।

## विराट कोहली (3 शतक)

बतौर कप्तान अपनी पहली टेस्ट सीरीज में 3 शतक लगाने वाले पहले भारतीय कप्तान विराट कोहली हैं। 2014-15 में ऑस्ट्रेलिया में हुई टेस्ट सीरीज में कोहली ने टेस्ट कप्तानी में पदार्पण किया था और इस बल्लेबाज ने 2 शतक (115 और 141) लगाए थे। उस सीरीज में कप्तान के रूप में उनका दूसरा शतक सिडनी टेस्ट की दूसरी पारी में (147) आया था। उन्होंने उस सीरीज में कुल 4 शतक लगाए (1 धोनी की कप्तानी में) थे।



## ऑस्ट्रेलियाई कप्तानों ने लगाए 3 शतक

केवल 4 अन्य ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों ने कप्तानी करते हुए अपनी पहली टेस्ट सीरीज में 3 शतक बनाए थे। डॉन ब्रैडमैन ने 1936-37 में इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज में 3 शतक बनाए थे। वारविक आर्मस्ट्रांग ने भी 1920-21 में घरेलू एशेज सीरीज में इतने ही शतक बनाए थे। ग्रेग चैपल ने 1975-76 में वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू सीरीज में यह उपलब्धि हासिल की थी। भारत-ऑस्ट्रेलिया टेस्ट सीरीज 2014-15 में स्टीव स्मिथ ने कप्तानी करते हुए 3 शतक जड़े थे।

---

**इंग्लैंड बनाम भारत का निर्णायक और आखिरी टेस्ट मैच 31 जुलाई से ओवल मैदान में**

# मैदान में पिच क्यूरेटर से भिड़े कोच गंभीर बोले–तुम हमें नहीं बताओ कि क्या करना है ?

एजेंसी ▶▶| केनिंग्टन ओवल

इंग्लैंड क्रिकेट टीम और भारतीय क्रिकेट टीम के बीच 31 जुलाई से सीरीज का निर्णायक और आखिरी 5वां टेस्ट 'द ओवल' मैदान पर खेला जाना है। फिलहाल सीरीज में 2-1 से पिछड़ रही भारतीय टीम को सीरीज बचाने ओवल टेस्ट जीतना बहुत जरूरी हो गया है। टीम इंडिया जीत का परचम फहराने अपनी



तैयारियों में जुटी है। इस बीच खबर है कि भारतीय टीम के प्रमुख कोच गौतम गंभीर ओवल के मैदान के पिच क्यूरेटर ली फोर्टिस से नाराज दिखे और दोनों के बीच तीखी बहस भी हुई। बता दें कि इस मैदान के इतिहास में भारतीय टीम ने सिर्फ दो टेस्ट मैच ही जीते हैं वहीं इस मैदान में 45 टेस्ट मैच जीतकर इंग्लैंड टॉप पर है।



### पिच क्यूरेटर के सामने आपा खो बैठे गंभीर

रिपोर्ट के मुताबिक, गंभीर अभ्यास के लिए दी गईं सुविधाओं को लेकर नाराज थे। इसी बात को लेकर के फोर्टिस के सामने अपना आपा खो बैठे। दोनों की बातचीत एक बड़े विवाद में बदल गई। गुस्से में गंभीर ने फोर्टिस को उंगली दिखाते हुए कहा, तुम हमें नहीं बता सकते कि क्या करना है। बता दें कि इससे पहले भी भारतीय महिला टीम के एक मैच के दौरान भी फोर्टिस विवाद का हिस्सा रह चुके हैं।

### अभ्यास के लिए दी गई सुविधाओं से नाखुश थे गंभीर

कथित तौर पर गंभीर केनिंग्टन ओवल में भारतीय टीम को अभ्यास के लिए दी गई सुविधाओं से नाखुश थे और क्यूरेटर के व्यवहार से वे बेहद नाराज हो गए थे। बता दें कि यह कोई पहला मौका नहीं है, जब ओवल के पिच क्यूरेटर फोर्टिस का नाम विवाद में आया हो।

### भारत ने ओवल में जीते हैं केवल 2 टेस्ट मैच

1936 से 2023 के बीच भारत ने द ओवल में 15 टेस्ट खेले हैं, जिसमें से सिर्फ 2 में उन्हें जीत मिली है और 6 में शिकस्त का सामना किया है। इस बीच 7 मैच ड्रॉ भी रहे हैं। भारत ने इस मैदान पर क्रमश: 1971 और 2021 में अजीत वाडेकर और विराट कोहली के नेतृत्व में जीत हासिल की थी। इंग्लैंड और भारत ने 1979 से 2007 के बीच यहां लगातार 5 मैच ड्रॉ खेले हैं।

### इंग्लैंड 45 मैच इस मैदान में जीतकर शीर्ष पर

रिपोर्ट के अनुसार, 1880 से 2024 के बीच, इंग्लैंड ने ओवल के मैदान पर कुल 106 टेस्ट खेले हैं। मेजबान टीम ने यहां पर 45 टेस्ट जीते हैं और 24 मैच हारे हैं, जबकि 37 मैच ड्रॉ रहे हैं। इस मैदान पर सर्वोच्च टीम स्कोर का रिकॉर्ड भी इंग्लैंड के नाम ही दर्ज है। मेजबान टीम ने 1938 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 903/7 के स्कोर पर अपनी पारी घोषित की थी।

### इन भारतीय खिलाड़ियों का रहा है अच्छा प्रदर्शन

ओवल में राहुल द्रविड़ सर्वाधिक रन वाले भारतीय बल्लेबाज हैं। उन्होंने 110 की औसत के साथ 443 रन बनाए थे, जिसमें 2 शतक शामिल हैं। सक्रिय खिलाड़ियों में केएल राहुल ने यहां 62.25 की औसत से 249 रन बनाए हैं। गेंदबाजी में रविंद्र जडेजा ने द ओवल में भारत के लिए सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट (15) लिए हैं। इस मामले में किसी अन्य भारतीय के नाम 10 से ज्यादा विकेट नहीं हैं।

### इन इंग्लिश खिलाड़ियों ने ओवल में किया है कमाल

लियोनार्ड हटन टेस्ट क्रिकेट में द ओवल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। उन्होंने यहां 89.47 की औसत से 1,521 रन बनाए हैं। उनके नाम एक तिहरा शतक (364) भी है। इस बीच जो रूट ने इस मैदान पर 11 टेस्ट में 41.73 की औसत से 793 रन (2 शतक) बनाए हैं। इयान बॉथम ने ओवल में सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट (52) लिए हैं।

---

**बैडमिंटन टूर्नामेंट**

# सात्विक-चिराग मकाऊ ओपन के दूसरे दौर में



एजेंसी ▶▶| मकाऊ

सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार भारतीय जोड़ी ने मंगलवार को यहां मलेशिया के लो हैंग यी और एनजी इंग चियोंग पर सीधे गेम में जीत दर्ज करके मकाऊ ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष युगल के दूसरे दौर में प्रवेश किया।

बीडब्ल्यूएफ विश्व रैंकिंग में शीर्ष 10 में फिर से जगह बनाने वाले सात्विक और चिराग ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मलेशियाई जोड़ी को केवल 36 मिनट में 21-13, 21-15 से हराया। महिला एकल में अनमोल खरब और तस्नीम मीर अपने-अपने क्वालीफिकेशन मैच जीतकर मुख्य ड्रॉ में पहुंच गईं।

### अन्य खिलाड़ियों का प्रदर्शन

अनमोल ने अजरबैजान की कीशा फातिमा अजाहरा को 21-11, 21-13 से, जबकि तस्नीम ने थाईलैंड की टिडाप्रोन क्लेबीसुन को 21-14, 13-21, 21-17 से हराया। त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की शीर्ष वरीयता प्राप्त महिला युगल जोड़ी चीनी ताइपे की लिन जियाओ मिन और पेंग यू वेई की जोड़ी से हारकर पहले दौर में ही बाहर हो गईं। पुरुष युगल में डिंगकू सिंह कोंथौजम और अमान मोहम्मद ने हांगकांग के लॉ चेउक हिम और येउंग शिंग चोई को हराकर मुख्य ड्रॉ में प्रवेश किया।

### सात्विक- चिराग बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग में शीर्ष दस में लौटे

**नई दिल्ली।** एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी बीडब्ल्यूएफ पुरूष युगल विश्व रैंकिंग में फिर शीर्ष दस में पहुंच गए। दोनों पिछले सप्ताह चीन ओपन में सेमीफाइनल तक पहुंचे थे जिससे उन्हें तीन पायदान का फायदा मिला।

**अन्य खिलाड़ियों की ऐसी हैं रैंकिंग** : पुरूष एकल में भारत के शीर्ष खिलाड़ी लक्ष्य सेन 54442 अंक के साथ 17वें स्थान पर पहुंच गए जबकि एच एस प्रणय दो पायदान चढकर 33वें स्थान पर हैं। महिला एकल में उन्नति हुड्डा कैरियर की सर्वश्रेष्ठ 31वीं रैंकिंग पर पहुंच गई। सिंधू 15वें स्थान पर बनी हुई हैं।

---

## खबर संक्षेप



### कारेनो बस्टा ने लियाम ड्राक्सल को हराया

**टोरंटो।** स्पेन के पाब्लो कारेनो बस्टा ने नेशनल बैंक ओपन टेनिस चैम्पियनशिप में कनाडा के वाइल्ड कार्डधारक लियाम ड्राक्सल को 2-6, 6-4, 6-4 से हराकर जीत के साथ आगाज किया। कारेनो बस्टा ने 2022 में यह टूर्नामेंट जीता था। स्पेन के ही जाउमे मुनार ने कनाडा के डान मार्टिन को 6-3, 6-0 से हराया। आस्ट्रेलियाई क्वालीफायर ट्रिस्टन स्कूलकेट ने ब्राजील के जोओ फोंसेका को 7-6, 6-4 से हराया। अमेरिका के मैकेंजी मैकडोनाल्ड ने बेल्जियम के डेविड गोफिन को 6-4, 6-4 से मात दी।

### अश्विन ने झूठी खबर फैलाने वालों को लताड़ा



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम इस साल सितंबर में पाकिस्तान क्रिकेट टीम के खिलाफ एशिया कप में मुकाबले खेलेगी। इसको लेकर के सोशल मीडिया में एक खबर वायरल हो रही थी, जिसमें रविचंद्रन अश्विन भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के इस फैसले की आलोचना कर रहे थे। अब अश्विन ने इसे झूठी खबर करार दिया है। इसके साथ-साथ उन्होंने ऐसी गलत खबर फैलाने वालों को लताड़ लगाई है। अश्विन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इस खबर को झूठा करार दे दिया। उन्होंने पोस्ट करते हुए लिखा, 'मुझे इस झूठी खबर से मत जोड़िए। शर्म आनी चाहिए उन लोगों पर जो ये सब फैला रहे हैं।' बता दें कि अश्विन क्रिकेट जगत में अपनी मुखर प्रतिक्रियाओं के लिए पहचाने जाते हैं। वह खेल से जुड़े हर बड़े मुद्दे पर अपनी बात को कहने से नहीं चूकते हैं।

### बेन ने कप्तानी करते हुए बनाया ये बड़ा रिकॉर्ड



**मेनचेस्टर।** इंग्लैंड क्रिकेट टीम के कप्तान बेन स्टोक्स ने भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाफ एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी 2025 में बड़ा रिकॉर्ड बनाया। दरअसल, इस ऑलराउंडर ने भारत के विरुद्ध सीरीज में बल्लेबाजी में 300 से अधिक रन बनाने के साथ-साथ गेंदबाजी में 15 से ज्यादा विकेट हासिल किए। इसके साथ ही वह किसी एक टेस्ट सीरीज में 300+ रन बनाने के साथ-साथ 15+ विकेट हासिल करने वाले पहले इंग्लिश कप्तान बने हैं। भारत के खिलाफ मौजूदा सीरीज में, स्टोक्स ने 7 पारियों में 43.42 की औसत से 304 रन बनाए, जिसमें 1 शतक भी शामिल है। उन्होंने 25.23 की औसत से 17 विकेट भी लिए हैं, जिससे वह अब तक सीरीज में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने 1 पारी में 5 विकेट हॉल भी लिया। बता दें कि सीरीज के तीसरे और चौथे टेस्ट में स्टोक्स को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया था।

---

# वनडे रैंकिंग : मंधाना से ब्रंट ने छीनी बादशाहत, बनीं नंबर वन

एजेंसी ▶▶| दुबई

आईसीसी ने महिला वनडे खिलाड़ियों की नई रैंकिंग जारी की है, जिसमें टॉप पर बड़ा उलटफेर देखने को मिला है। भारतीय स्टार ओपनर स्मृति मंधाना को एक पायदान का नुकसान हुआ है। वे अब नंबर-2 पर खिसक गई हैं। उनकी जगह इंग्लैंड की कप्तान नेट साइवर ब्रंट ने नंबर-1 की कुर्सी हासिल कर ली है। दोनों के बीच महज 3 अंकों का ही फासला है। मंधाना जुलाई 2023 से लेकर अप्रैल 2024 और फिर जून से दिसंबर 2024 तक नंबर-1 पर काबिज रह चुकी हैं, लेकिन इस बार उन्हें मामूली अंतर से पीछे हटना पड़ा। इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के आखिरी मैच में कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 82 गेंदों पर 102 रनों की धमाकेदार पारी खेलकर टीम इंडिया को मजबूती दी। इस प्रदर्शन का उन्हें सीधा फायदा मिला और वह आईसीसी विमेंस वनडे रैंकिंग में 10 स्थान की छलांग लगाकर 11वें नंबर पर पहुंच गईं।

## एशियाई कप : भारत महिला टीम ग्रुप सी में जापान, वियतनाम और चीनी ताइपे के साथ

**नई दिल्ली।** भारत को अगले साल ऑस्ट्रेलिया में होने वाले एएफसी महिला एशियाई कप फुटबॉल टूर्नामेंट के ग्रुप सी में जापान, पूर्व चैंपियन चीनी ताइपे और वियतनाम के साथ रखा गया है। एक से 21 मार्च, 2026 तक चलने वाले 12 टीमों के इस टूर्नामेंट के लिए ड्रॉ मंगलवार को सिडनी टाउन हॉल में आयोजित किये गए, जिसमें भारतीय मिडफील्डर संगीता बासफोर तीन ड्रॉ सहायकों में से एक थीं। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली 12 टीमों को चार-चार टीमों के तीन ग्रुप में बांटा गया है। ग्रुप ए और बी में ये टीमें हैं शामिल ग्रुप ए में मेज़बान ऑस्ट्रेलिया के साथ कोरिया गणराज्य, ईरान और फिलीपींस शामिल हैं। ग्रुप बी में उत्तर कोरिया, चीन, बांग्लादेश और उज़्बेकिस्तान शामिल हैं। चीन गत विजेता है और वह रिकार्ड 10वां खिताब जीतने की कोशिश करेगा। भारतीय टीम का अभियान 4 मार्च से : भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत चार मार्च, 2026 को पर्थ रेक्टेंगुलर स्टेडियम में वियतनाम के खिलाफ मैच से करेगी। इसके बाद भारत सात मार्च को इसी मैदान पर जापान से और फिर 10 मार्च को वेस्टर्न सिडनी स्टेडियम में चीनी ताइपे से भिड़ेगा।

### विश्व चैंपियनशिप में भारतीय तैराकों का निराशाजनक प्रदर्शन

**सिंगापुर।** भारतीय तैराकों का दोहा में चल रही विश्व तैराकी चैंपियनशिप में निराशाजनक प्रदर्शन मंगलवार को लगातार तीसरे दिन भी जारी रहा जब कोई भी तैराक अपनी हीट से आगे नहीं बढ़ पाया। अनुभवी साजन प्रकाश अपने पसंदीदा 200 मीटर बटरफ्लाई स्पर्धा में 24वें स्थान पर रहे और सेमीफाइनल में जगह बनाने से चूक गए। प्रकाश ने 1:59.33 सेकंड का समय लिया। शीर्ष 16 तैराकों ने सेमीफाइनल में जगह बनाई।

### टीम इंडिया ने रचा इतिहास, एक सीरीज में बनाए 7 बार 350+ रन

**नई दिल्ली।** भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ चल रही पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के दौरान ऐसा विश्व रिकॉर्ड बना दिया जो 148 वर्षों तक अटूट रहा। भारतीय टीम अब टेस्ट इतिहास की पहली ऐसी टीम बन गई है, जिसने एक ही सीरीज में सात बार 350 या उससे अधिक रन बनाए हैं। इससे पहले यह उपलब्धि (6 बार 350+ रन) अब तक ऑस्ट्रेलिया के नाम तीन बार रही लेकिन भारत ने उसका यह रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिया। इंग्लैंड के खिलाफ इस सीरीज में भारत ने आठ पारियों में बल्लेबाजी की है और सिर्फ एक बार 350 रन का आंकड़ा पार नहीं कर पाई। फिलहाल पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में चार मैचों के बाद इंग्लैंड 2-1 से आगे है, लेकिन बल्लेबाजी के आंकड़ों में भारत पूरी तरह से हावी रहा है।



भविष्य की युद्ध रणनीतियों का सेना ने किया प्रदर्शन

# एआई और 'सेंसर-टू-शूटर' के साथ 'दिव्य दृष्टि' अभ्यास रहा सफल

**अभ्यास सेना की स्वदेशीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम और 'डिकेड ऑफ ट्रांसफॉर्मेशन' जैसे प्रमुख राष्ट्रीय अभियानों के अनुरूप**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भविष्य के युद्ध परिदृश्यों को ध्यान में रखते हुए, भारतीय सेना ने पूर्वी सिक्किम के ऊंचाई वाले क्षेत्र में 'दिव्य दृष्टि' नामक एक उन्नत तकनीकी अभ्यास आयोजित किया। सैन्य अभ्यास में उन्नत तकनीकों, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), ड्रोन और 'सेंसर-टू-शूटर' क्षमताओं का सफल परीक्षण किया गया। रक्षा मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि इस अभ्यास के दौरान सेना ने वास्तविक युद्ध जैसी परिस्थितियों में आधुनिक प्रणालियों की प्रभावशीलता का मूल्यांकन किया। अभ्यास की उच्च स्तरीय समीक्षा सेना मुख्यालय की ओर से उपसेनाध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल राकेश कपूर ने की।

इस अवसर पर त्रिशक्ति कोर के जनरल ऑफिसर कमांडिंग, लेफ्टिनेंट जनरल जुबिन ए. मिनवाला ने बताया कि 'दिव्य दृष्टि' अभ्यास पूरी तरह सफल रहा और इसके जरिए सेना ने अत्याधुनिक तकनीकों को वास्तविक युद्ध जैसी परिस्थितियों में परखा। उन्होंने कहा कि इस अभ्यास से मिले अनुभव भारतीय सेना की भविष्य की सैन्य रणनीतियों, संचालन सिद्धांतों और तकनीकी नवाचारों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।



### 'आत्मनिर्भर भारत' की परिकल्पना साकार

'दिव्य दृष्टि' अभ्यास को 'आत्मनिर्भर भारत' और 'डिकेड ऑफ ट्रांसफॉर्मेशन' जैसे प्रमुख राष्ट्रीय अभियानों के अनुरूप माना जा रहा है। यह अभ्यास भारतीय सेना की स्वदेशीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा जा रहा है, जो तकनीकी आधुनिकीकरण को नई दिशा प्रदान करेगा। यह अभ्यास भारतीय सेना की तकनीकी परिवर्तन और आत्मनिर्भरता के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जो 'आत्मनिर्भर भारत' की परिकल्पना और सेना के 'डिकेड ऑफ ट्रांसफॉर्मेशन' रोडमैप के अनुरूप है।

### सूचनाएं तेजी से भेजी गई

इस अभ्यास की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता एआई-सक्षम सेंसरों और अत्याधुनिक संचार प्रणालियों का प्रयोग था, जिसके चलते कमांड सेंटर्स के बीच सूचनाओं का त्वरित और सुरक्षित आदान-प्रदान संभव हो सका। इससे निर्णय लेने की गति और सटीकता में उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया गया। 'सेंसर-टू-शूटर' तंत्र को भी इससे काफी मजबूती मिली है।

## खबर संक्षेप

### नीदरलैंड ने इजराइल के 2 कट्टर मंत्रियों पर बैन लगाया



**एम्सटर्डम।** नीदरलैंड ने इजराइल के वित्त मंत्री बेजलेल स्मोट्रिच और सुरक्षा मंत्री इतमार बेन-ग्विर के देश में प्रवेश पर रोक लगा दी है। इन पर गाजा में हिंसा को बढ़ावा देने के आरोप हैं। नीदरलैंड से पहले 6 देश इन दोनों नेताओं के अपने देश में आने पर प्रतिबंध लगा चुके हैं। डच विदेश मंत्री कैस्पर वेल्डकैंप ने सोमवार को कहा कि यह फैसला इसलिए लिया गया है क्योंकि इन मंत्रियों ने बार-बार फिलिस्तीनियों के खिलाफ हिंसा को बढ़ावा दिया है।

### बच्चा पैदा करने पर 1.32 लाख रुपए देगी सरकार



**बीजिंग।** चीन में बच्चा पैदा करने पर सरकार ने माता-पिता को 1.32 लाख रुपए देने का फैसला किया है। बच्चे के जन्म के बाद सरकार लगातार 3 साल तक माता-पिता को 3600 युआन (करीब 44,000 रुपए) देगी। सरकार ने यह कदम लगातार जन्मदर में हो रही कमी को लेकर उठाया है। चीन ने करीब एक दशक पहले अपनी विवादास्पद 'वन चाइल्ड पॉलिसी' खत्म कर दी थी, लेकिन इसके बावजूद जन्म दर कम होती जा रही है। दुनिया में चीन की जन्म दर सबसे कम है।

राज्यसभा में 'ऑपरेशन सिंदूर' पर गरमाई बहस

# विपक्ष ने सरकार से पूछे कई तीखे सवाल रक्षा मंत्री और विदेश मंत्री ने दिया जवाब





हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

राज्यसभा में मंगलवार का दिन 'ऑपरेशन सिंदूर' को समर्पित रहा, जहां देश की सुरक्षा, आतंकवाद के खिलाफ अभियान और कश्मीर घाटी की स्थिति पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच लंबी तीखी बहस हुई। इस बहस में जहां सरकार ने सुरक्षा बलों के साहस की सराहना की, वहीं विपक्ष ने खुफिया चूक, सुरक्षा विफलता और केंद्र की 'चुप्पी' को लेकर सवाल खड़े किए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकसभा के बाद राज्यसभा में भी बहस का जवाब अंत में देंगे। संसद में ऑपरेशन सिंदूर पर बहस से ठीक पहले तीनों आतंकवादियों को सुरक्षाबलों ने मार गिराया।

तीनों की पुख्ता शिनाख्त की गई। इससे विपक्षी बहस की धार बहुत हद तक पहले ही कुंद हो गई, क्यों कि सबसे बड़ा सवाल विपक्ष का यही था कि पहलगाम में निरीह यात्रियों को धर्म पूछ कर नृशंस हत्या करने के बाद आतंकी भाग गये, केंद्र पकड़ने में असफल रहा। मगर,अब आतंकियों के मारे जाने के बाद केंद्र के पास कहने को बहुत कुछ है।

### बहस की शुरुआत रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने की

राज्यसभा में कार्यवाही की शुरुआत करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' सेना की रणनीतिक दक्षता और वीरता का प्रतीक है, और इसके जरिए देश ने फिर दिखा दिया कि आतंक के खिलाफ भारत "जीरो टॉलरेंस" नीति पर कायम है। उन्होंने बताया कि 72 घंटे चले इस संयुक्त अभियान में 13 आतंकी ढेर किए गए और कोई भी नागरिक हताहत नहीं हुआ। उन्होंने कहा, हमारे जवानों ने महादेव गुफा की ओर बढ़ते आतंकियों को बिना किसी नुकसान के रोक दिया। यह अभियान 2026 के पुलवामा के बाद सबसे बड़ी सफलता है।

### विदेश मंत्री जयशंकर ने जवाब में कहा, न्यू नॉर्मल स्वीकार्य नहीं

शाम को विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने बहस में भाग लेते हुए कहा कि भारत ने अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी पाकिस्तान और सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ मुखर रुख अपनाया है। उन्होंने कहा कि भारत "न्यू नॉर्मल" को स्वीकार नहीं करेगा, अर्थात हर हमले के बाद केवल बयान देना और सह लेना अब भारत की नीति नहीं है। उन्होंने कहा कि पहले की सरकारें "कड़ी निंदा" करके चुप रहती थीं, अब मोदी सरकार आतंकियों को उनके घर में घुसके मारती है। आतंकियों को मिट्टी में मिलाने को कृतसंकल्प है।

### विपक्ष का हमला: तो खुफिया एजेंसियां क्या कर रही थीं?

विपक्ष की ओर से नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सवाल उठाते हुए कहा कि जब बार-बार हमलों की आशंका जताई जा रही थी, तब भी आखिर ये आतंकी घाटी में घुसपैठ कैसे कर पाए। उन्होंने सवाल किया कि क्या सरकार को केवल मुठभेड़ों की गिनती में दिलचस्पी है, या आतंक को रोकने में भी? उन्होंने पूछा, हमें बताइए कि जब अमरनाथ यात्रा जैसी संवेदनशील गतिविधि चल रही थी, तब आतंकी अंदर कैसे आ गए? क्या खुफिया तंत्र फेल नहीं हुआ। ये बात अलग है कि हमले के बाद जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने उस समय सुरक्षा में हुई चूक को खुद स्वीकार किया था। इस पर भी खरगे का कहना था कि केंद्रशासित होने की वजह से सुरक्षा में चूक की जिम्मेदारी गृहमंत्री की थी, लेकिन उपराज्यपाल को आगे किया गया।

### शोर-शराबा और वाकयुद्ध

बहस के दौरान कांग्रेस, तृणमूल और आम आदमी पार्टी के सदस्यों ने सरकार से सवालों की बौछार की, वहीं भाजपा सांसदों ने विपक्ष पर "सेना का अपमान" करने का आरोप लगाया। दोनों पक्षों के बीच मचे भारी हंगामें के बीच एकबार सदन की कार्यवाही को स्थगित भी करना पड़ा।

न्यूयॉर्क: ऑफिस बिल्डिंग में गोलीबारी

# चार पुलिसकर्मियों की हत्या कर खुद भी मर गया 'हमलावर'



एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

अमेरिका के न्यूयॉर्क में सोमवार को मिडटाउन मैनहट्टन की एक ऑफिस बिल्डिंग में हुई फायरिंग में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई, जिनमें एक ऑफ-ड्यूटी पुलिस अधिकारी भी शामिल है। पुलिस के मुताबिक, हमलावर की पहचान 27 वर्षीय शेन तामुरा के रूप में हुई है, जो लास वेगास के नेवादा का रहने वाला था। उसने पहले बिल्डिंग की लॉबी में पुलिस अफसर पर गोली चलाई और फिर 345 पार्क एवेन्यू की 33वीं मंजिल तक चला गया। वहां वह एक ऑफिस में छिप गया।

### हाई-प्रोफाइल लोकेशन पर हुआ हमला

घटना के बाद उसने खुद को भी गोली मारकर जान दे दी। उसके पास से लास वेगास का गन लाइसेंस मिला है।यह घटना शाम 6:30 बजे के करीब न्यूयॉर्क की व्यस्त जगह पार्क एवेन्यू स्थित एक हाई-प्रोफाइल ऑफिस बिल्डिंग में हुई, जहां ब्लैकस्टोन, केपीएमजी और नेशनल फुटबॉल लीग (एनएफएल) जैसे बड़े संस्थान के ऑफिस और आयरलैंड का दूतावास भी स्थित है। हालांकि अब पुलिस ने बताया कि अब स्थिति नियंत्रण में है।

### पीड़ितों से मुलाकात करेंगे न्यूयॉर्क मेयर

वहीं इस मामले में न्यूयॉर्क के मेयर एरिक एडम्स ने कहा कि कुछ लोग घायल भी हुए हैं। उन्होंने कहा कि वे अस्पताल जाकर पीड़ितों के परिवारों से मुलाकात करेंगे। इस घटना पर न्यूयॉर्क सिटी में डेमोक्रेटिक सोशलिस्ट मेयर पद के उम्मीदवार जोहरान ममदानी ने दुख जताया। उन्होंने कहा कि मिडटाउन में हुई भयावह गोलीबारी की खबर से दिल टूट गया है।

सिखों की वीरता को मिलेगा सम्मान

# ब्रिटेन में जल्द बनेगी सिख रेजिमेंट रक्षा मंत्री बोले- हम विचार कर रहे

एजेंसी ▶▶ लंदन

ब्रिटेन में एक खास सिख रेजिमेंट बनाने की मांग एक बार फिर तेज हो गई है। पीएम कीर स्टार्मर की सरकार ने कहा है कि वह इस प्रस्ताव पर विचार करने को तैयार है। ब्रिटिश सेना में नेपाल के गोरखा ब्रिगेड की तर्ज पर हो सकती है। ब्रिटेन के रक्षा मंत्री वर्नोन रॉडनी कोकर ने सोमवार को कहा कि वे इस मामले में लेबर पार्टी के सिख सांसद कुलदीप सिंह सहोता के साथ चर्चा करेंगे। सहोता ने 7 जुलाई को संसद में इसे लेकर सवाल पूछा था। उन्होंने दोनों विश्व युद्धों में सिख सैनिकों के योगदान और वीरता को याद करते हुए सवाल पूछा कि सिखों की एक अलग रेजीमेंट की पुरानी मांग पर अब तक क्या प्रगति हुई है। इसके जवाब में रक्षा मंत्री कोकर ने कहा कि मैं लॉर्ड सहोता से मिलने को तैयार हूं।



### अभी ब्रिटिश सेना में 160 सिख सैनिक काम कर रहे

कोकर ने 15 अगस्त को विक्ट्री ओवर जापान डे के अवसर पर सिख सैनिकों के वैश्विक युद्धों में योगदान को याद करने की बात कही। यूके डिफेंस जर्नल ने उनके हवाले से कहा कि द्वितीय विश्व युद्ध में जापान के आत्मसमर्पण में दुनिया भर के सिखों का भी योगदान था, जिन्होंने वीरतापूर्ण भूमिका निभाई। 2019 में ब्रिटिश सेना में 130 सिख सैनिक थे और अन्य 70 रक्षा बलों में सेवारत थे। 2024 में ब्रिटिश सेना में सिख सैनिकों की संख्या बढ़कर लगभग 160 हो गई।

अमेरिका-ईयू ट्रेड डील से फ्रांस और जर्मनी नाराज

# फ्रेंच पीएम बोले- ये डील यूरोप के लिए काला दिन, ट्रंप के टैरिफ दबाव में घुटने टेकना दुखद

एजेंसी ▶▶ पेरिस

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और यूरोपियन यूनियन (ईयू) की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन के बीच रविवार को स्कॉटलैंड के टर्नबेरी में हुई ट्रेड डील की फ्रांस ने आलोचना की है। फ्रांस के पीएम फ्रांस्वा बेरो ने इसे ईयू के लिए काला दिन बताया है। बेरो ने कहा कि ईयू ने राष्ट्रपति ट्रंप के बढ़ते टैरिफ दबाव के आगे घुटने टेक दिए। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा कि यह दुखद है जब स्वतंत्र देशों का गठबंधन, जो अपने साझा मूल्यों और हितों की रक्षा के लिए बना था, दबाव में झुक जाता है। वहीं, फ्रांस के यूरोपीय मामलों के मंत्री बेंजामिन हदद ने कहा कि यह हालात ठीक नहीं है और ईयू को जवाबी कार्रवाई करनी चाहिए। फ्रांस के व्यापार मंत्री लॉरेंट सेंट-मार्टिन ने कहा कि ट्रंप सिर्फ ताकत की भाषा समझते हैं।



### इटली ने किया स्वागत

इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी ने इस समझौते का स्वागत किया। यूरोपीय ट्रेड कमीश्नर मारोश सेफचोविच ने इसे बड़ा कदम बताया, क्योंकि इससे अमेरिका और यूरोप के बीच ट्रेड वॉर टल गया। इस समझौते के तहत यूरोप से अमेरिका जाने वाले ज्यादातर सामानों पर 15% टैरिफ लगेगा, जो मौजूदा 4.8% से तीन गुना ज्यादा है।

### जर्मनी को होगा नुकसान: चांसलर मर्ज

जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने कहा कि वह अमेरिका के साथ व्यापार वार्ता के नतीजों से संतुष्ट नहीं हैं। इस समझौते के कारण जर्मन अर्थव्यवस्था को काफी नुकसान होगा। 15% आयात शुल्क, यूरोप के ऑटो सेक्टर पर मौजूदा टैरिफ दर 27.5% लगभग आधा होने के बावजूद जो टैरिफ हैं, वे जर्मनी की निर्यात उन्मुख अर्थव्यवस्था के लिए गंभीर बोझ हैं।

रूस ने यूक्रेन की जेल पर दागीं मिसाइलें

# 17 कैदियों समेत 22 की मौत 80 से अधिक लोग हुए घायल

एजेंसी ▶▶ कीव

रूस ने सोमवार रात यूक्रेन की एक जेल और एक चिकित्सा सुविधा पर ग्लाइड बमों और बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला किया। जिसमें कम से कम 22 लोगों की मौत हो गई। रूस ने यूक्रेन के दक्षिण-पूर्वी जापोरिजिया क्षेत्र में जेल को निशाना बनाकर हवाई हमले किए हैं। हमले के दौरान जेल को टारगेट करते हुए चार बम गिरा गए। हमले में में कम से कम 17 कैदियों की मौत हो गई और 80 से अधिक घायल हो गए। हालांकि जेल की परिधि की बाड़ को कोई नुकसान नहीं हुआ और कोई कैदी फरार नहीं हुआ।



### 73 शहरों, कस्बों और गांवों को बनाया निशाना

यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि देश भर में 73 शहरों, कस्बों और गांवों को रूस ने निशाना बनाया है। इन हमलों में कम से कम 22 लोग मारे गए। जेलेंस्की ने टेलीग्राम पर कहा, ये जानबूझकर किए गए हमले थे, आकस्मिक नहीं। केंद्रीय यूक्रेन के ड्नीप्रो क्षेत्र में रूसी मिसाइलों ने एक तीन मंजिला इमारत को निशाना बनाया और पास के चिकित्सा संस्थानों को नुकसान पहुंचाया है।

बीजिंग में भारी बारिश और बाढ़ का कहर

# अब तक 30 की मौत, 80 हजार से ज्यादा लोगों को 'सुरक्षित' निकाला

एजेंसी ▶▶ बीजिंग

चीन की राजधानी बीजिंग इस समय भीषण बाढ़ और बारिश की चपेट में है। बीते कुछ दिनों से जारी मूसलाधार बारिश ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। बीजिंग के नगर निगम बाढ़ नियंत्रण मुख्यालय के अनुसार अब तक 30 लोगों की जान जा चुकी है, जबकि 80,000 से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है।



राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने जानमाल के नुकसान को कम करने के लिए राहत और बचाव कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। बीजिंग के जिन इलाकों में सबसे ज़्यादा मौतें हुई हैं,






हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109